**
वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

गुरुवार, 21 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 225, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 213 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा। } 14

देश सस्ता हाइड्रोजन बनाकर तेल उत्पादक देशों की बराबरी कर सकता है: गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है। } 14

संक्षेप

राजीव गांधी की जयंती पर दी गयी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 81वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, एक ऐसा भारत - जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। वीरभूमि स्थित राजीव गांधी के स्मारक पर अपने परिवार के साथ मौजूद रहीं प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला।

दिल्ली के 50 स्कूलों को मिली बम की धमकी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के लगभग 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, दो स्कूलों- मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल में बम की धमकी की सूचना क्रमशः सुबह सात बजकर 40 मिनट पर और सात बजकर 42 मिनट पर मिली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम, अग्निशमनकर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल पहुंचे। महज दो दिन पहले 18 अगस्त को दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जो बाद में झूठी निकलीं।

अमेरिका का भारत पर दबाव डालना अनुचित: रूस

नयी दिल्ली। रूस के प्रभारी राजदूत रोमन बाबुश्किन ने बुधवार को कहा कि रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए भारत के खिलाफ अमेरिका की दंडात्मक कार्वाई से उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए रूस के पास एक विशेष तंत्र है। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद भारत और अमेरिका के संबंध तनावपूर्ण हुए हैं। बाबुश्किन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नयी दिल्ली के साथ अपने देश के संबंधों में तेजी से सुधार होने की उम्मीद जताई और कहा कि विभिन्न सैन्य साजोसामान व उपकरण की आवश्यकता के लिए रूस भारत का पसंदीदा साझेदार रहा है।

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी

बालासोर। भारत ने बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि अग्नि-5 मिसाइल मौजूदा परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी। इसमें कहा गया है कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

जन सुनवाई में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, आईबी और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ में जुटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया गया है और उससे खुफिया ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि हमला सुबह करीब आठ बजकर 15 मिनट पर हुआ। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने

कहा कि यह एक गंभीर हमला था और जानलेवा भी हो सकता था। अधिकारी ने बताया, हम आईबी, विशेष प्रकोष्ठ और खुफिया एजेंसियों के साथ संयुक्त पूछताछ कर रहे हैं। उस पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चाकू से हमले के दो और आबकारी अधिनियम के तीन मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक उस पर साजिश का आरोप नहीं लगाया है। आरोपी के पास कोई हथियार नहीं था क्योंकि वह जानता था कि कड़ी जांच होगी। उसके पास एक बैग था जिसमें कपड़े और कुछ कागज थे। पुलिस ने हमले के सिलसिले में हत्या के प्रयास के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया ने एक बयान में बताया कि सिविल लाइंस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) ...शेष पृष्ठ 14 पर

हमला मुझ पर नहीं हमारे संकल्प पर

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन पर हुआ हमला लोगों की सेवा करने के उनके संकल्प को डिगाने का एक कायरतापूर्ण प्रयास है, लेकिन इससे उनका मनोबल नहीं टूटा है। बुधवार सुबह गुप्ता के कैंप कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान उन पर हमला किया गया। हमले के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि जन सुनवाई कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज सुबह जन सुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा ...शेष पृष्ठ 14 पर

अब जेल से नहीं चलेगी सरकार

पीएम हों या सीएम, 30 दिन जेल में रहे तो जायेगी कुर्सी

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक पेश किए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया।

सदन में पेश विधेयकों में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 , संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल हैं । संसद सत्र के खत्म होने से महज दो दिन पहले लाए गए इन विधेयकों को लेकर लोकसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्ष ने इस विधेयक पर सवाल उठाने के साथ बिल की प्रतियां फाड़कर भी फेंकी। विपक्ष के इस हंगाम को देखते हुए दिन में कई बार लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि ये बिल बेहद सोच-समझकर लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है कि अब जेल से कोई भी सरकार नहीं चलेगी। विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंततः लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है। इसके अनुसार ऐसे मंत्री को हटाए जाने के लिए संविधान के अधीन कोई उपबंध नहीं है जो गंभीर दंडनीय आरोपों के तहत गिरफ्तार किया जाता है। इसे देखते हुए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या किसी मंत्री और राज्यों, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र एवं पुडुचेरी की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री या किसी मंत्री को हटाए जाने के लिए, संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्यमंत्री या मंत्रियों को हटाने के लिए और जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के मुख्यमंत्री या किसी मंत्री को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेदों और संबंधित ...शेष पृष्ठ 14 पर

ऑनलाइन गेमिंग विधेयक लोकसभा में हुआ पारित

नयी दिल्ली। लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने एवं शैक्षणिक और सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को पारित कर दिया तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि समाज में एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है जिससे बचने के लिए इस विधेयक को लाया गया है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के सांसदों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को सदन में पारित कराने के लिए रखते हुए वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। मंत्री ने कहा कि फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई परिवार बर्बाद हो गए। आत्महत्याएं भी हुई हैं। सदन ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच बिना चर्चा के ध्वनिमत से ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। वैष्णव ने कहा कि 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। वैष्णव ने कहा कि यह लगभग स्थापित हो गया है कि ऑनलाइन गेमिंग, मनी गेमिंग के कारण परिवारों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन गेमिंग से धन शोधन और आतंकवाद का वित्तपोषण भी हो रहा है। मंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 14 पर

दिवंगत की अविवाहित, तलाकशुदा बेटी भी पारिवारिक पेंशन की हकदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किये गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदाविधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके। उन्होंने बताया कि रेलवे और रक्षा कर्मियों तथा पेंशनभोगियों के लिए अलग-अलग नियमों के तहत यही प्रावधान किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि इन नियमों के अनुसार, यदि किसी दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की पत्नीपति या बेटा पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं है या यदि उनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में पारिवारिक पेंशन अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी को दी जाएगी या देय होगी। उन्होंने ऐसी पेंशन के लिए अन्य शर्तों का भी उल्लेख किया। मंत्री ने उल्लेख किया कि पेंशन उस वक्त तक जारी रहेगी, जब तक कि उसकी शादी नहीं हो जाती या उसका पुनर्विवाह नहीं हो जाता या वह अपनी आजीविका अर्जित करना शुरू नहीं कर देती। उन्होंने बताया कि अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी के अपने माता-पिता के जीवित रहने के दौरान उन पर निर्भर रहने की स्थिति में यह नियम लागू होगा।

गैरसैंण विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

5315 करोड़ का अनुपूरक बजट स्वीकृत, कांग्रेस विधायक दल ने किया अभूतपूर्व हंगामा

प्रमुख संवाददाता

भराड़ीसैंण (चमोली)। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में भराणीसैंण में आयोजित विधानसभा का चार दिवसीय मानसून सत्र विपक्ष और सत्ता पक्ष के टकराव की भेंट चढ़ गया। महज दूसरे ही दिन सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ा। सत्र के दौरान कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था, धराली आपदा और नियम 310 के तहत चर्चा की मांग को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। नतीजतन, पूरे सत्र में कुल 2 घंटे 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी।

पहले दिन से ही कांग्रेस विधायकों ने सदन में ही धरना शुरू कर दिया था। विधायक मंडप में बिस्तर मंगवाकर रातभर डटे रहे। दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हाथों में पोस्टर लहराए, कार्यसूची की प्रतियां फाड़कर फेंकी और नारेबाजी की। इस अड़ियल रुख के चलते प्रश्नकाल तक आयोजित नहीं हो सका। कांग्रेस के जबरदस्त हंगामे के बीच धामी सरकार ने सदन में 5315 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित करा लिया। जिसमें देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदियों पर एलीमिनेटेड रोड के लिए 925 करोड़ और हरिद्वार में वर्ष 2027 में प्रस्तावित हरिद्वार महाकुंभ के लिए दो सौ करोड़ ही स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, पहले दिन पेश किए गए कुल नौ विधेयक भी पास हो गए।

सत्र की सबसे चर्चित उपलब्धियों में से एक रही अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक। इसके पारित होने के बाद अब न केवल मुस्लिम, बल्कि सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों द्वारा संचालित संस्थानों को भी अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान का दर्जा मिलेगा। सदन ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक को भी मंजूरी दी। अब इसमें डिजिटल धर्मपरिवर्तन को भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है और इसके लिए सजा का प्रावधान किया गया है। सत्र में समान ...शेष पृष्ठ 14 पर

राधाकृष्णन ने दाखिल किया नामांकन पत्र

उपराष्ट्रपति चुनाव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने गए राधाकृष्णन के साथ राजग के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी को नामांकन पत्रों के चार सेट सौंपे, जो उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। नामांकन पत्रों के चार सेट में मोदी, सिंह, शाह और जनता दल (यूनाइटेड) नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। उपराष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार के नामांकन पत्र पर कम से कम 20 निर्वाचकों द्वारा प्रस्तावक और कम से कम 20 अन्य निर्वाचकों द्वारा अनुमोदक के रूप में हस्ताक्षर करना आवश्यक होता है।राजग ने दाखिल किए गए नामांकन पत्रों के चार सेट में प्रस्तावक और अनुमोदक के रूप में अपने सभी घटकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है।निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन पत्रों की जांच की जिसके बाद राधाकृष्णन ने एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानमंत्री को नामांकन पत्रों की पावती पर्ची सौंपी। मोदी, शाह, वरिष्ठ मंत्री प्रह्लाद जोशी, धर्मेंद्र प्रधान और राजग के अन्य नेताओं में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता और केंद्रीय मंत्री के. राम मोहन नायडू, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) नेता चिराग पासवान शामिल थे। सभी नेताओं के साथ राधाकृष्णन संसद भवन स्थित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय तक गए। इससे पहले, राधाकृष्णन ने संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि दी। प्रेरणा स्थल में प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उन्होंने सबसे पहले ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	32.06 डिसे.
न्यूनतम	:	27.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- 86 लाख किसानों का सरकार ने किया कर्ज माफ (पृष्ठ-03)
- निजी औद्योगिक पार्कों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन (पृष्ठ-03)
- रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- जीएसटी पर राज्यों के साथ सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्र (पृष्ठ-14)
- संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ीं (पृष्ठ-14)

विशेष खबर सरकार ने दी सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी, 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री

यूपी में खाद की किल्लत नहीं, कालाबाजारी पर योगी सख्त

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से अपील की कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। हर जनपद में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने जनपद में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। खरीफ सत्र 2024 में इस अवधि (18 अगस्त) तक 36.76 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है। प्रदेश में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक अधिक खाद वितरण किया जा चुका है। विगत वर्ष 27.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हुआ था, इस वर्ष अभी तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा, इस वर्ष यह बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हुई। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटेशियम मिश्रण) का वितरण विगत वर्ष 2.07 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष 2.39 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) 0.25 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष इस वर्ष 0.46 लाख मीट्रिक टन वितरित हुआ। वहीं एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का वितरण 2024 में 1.91 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष किसानों को 2.79 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता की बात करें तो यूरिया 18 अगस्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

भिड़ंत के बाद दो वाहनों में लगी आग, तीन जिंदा जले

जिला संवाददाता

उन्नाव । उन्नाव जिले में बुधवार तड़के दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई, जिससे तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के करीब तीन बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ के पास उस वक्त हुआ जब उन्नाव से हरदोई की ओर जा रहे एक डंपर की हरदोई से उन्नाव की ओर आ रही डीसीएम से टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद छह बजे आग पर काबू पाया गया। हादसे में कानपुर देहात निवासी डंपर चालक पवन यादव, जालौन निवासी उसका सहायक सुमित, और संभल निवासी डीसीएम चालक महिपाल की जलकर मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि डीसीएम चालक का सहायक संभल निवासी सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंजमुरादाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज ...शेष पृष्ठ 14 पर

रायबरेली में अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, मूर्ति अनावरण में मंत्रियों ने की शिरकत

हरीशानन्द मिश्र

रायबरेली। रायबरेली की धरती के जननायक और पूर्व विधायक अखिलेश सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर उनके प्रति अपार श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव लालूपुर चौहान सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। स्वर्गीय अखिलेश सिंह की मूर्ति का अनावरण भी किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के कई कद्दावर मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

आयोजित पुण्यतिथि समारोह में लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को याद किया। इस दौरान उनकी बेटी और रायबरेली सदर से बीजेपी विधायक अदिति सिंह, उनकी मां वैशाली सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अदिति सिंह ने कहा, मेरे पिता को लोग गरीबों के मसीहा के रूप में याद करते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर इतनी बड़ी संख्या में लोगों का आना उनके प्रति जनता के अटूट प्रेम को दर्शाता है। स्व. अखिलेश सिंह ने रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में पांच बार विधायक रहते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी दबंग छवि के साथ-साथ एक मददगार नेता के रूप में पहचान थी, जिसके कारण वे जनता के बीच बेहद लोकप्रिय थे। समारोह में उपस्थित मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि उन्होंने रायबरेली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। श्रद्धांजलि देने वालों में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शामिल थे, जिन्होंने दुखी मन से अपने जननायक को याद किया। अखिलेश सिंह के कार्यों को याद करते हुए लोगों ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को सराहा। उनकी स्मृति में आयोजित इस समारोह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वर्गीय अखिलेश सिंह आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अखिलेश सिंह के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए लोगों ने उनके आदर्शों को जीवित रखने का प्रण लिया। यह आयोजन न केवल उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि था, बल्कि उनके द्वारा स्थापित जनसेवा के मूल्यों को पुनर्जन्म का भी अवसर बना। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कैम्पों के माध्यम से योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे दिलाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 6 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 4 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 3 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, 15 स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल /सीआईएफ के डेमों बैंक चेक वितरण, सीएम युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 5 लाभार्थियों को डेमो बैंक चेक वितरण, सीएम युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 5 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत 5 किसानों को डीजल पम्प सेट व प्रमाण पत्र वितरण, नेत्र शिविर के 1687 लाभार्थियों को चश्मा वितरण सतगुरू नेत्र चिकित्सालय संस्था द्वारा, विभिन्न कैडरों व अजीविका गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण, 10 सफाई कर्मियों को शॉल व प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 की 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, कक्षा 12 की 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, 35 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, 3 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, एक दिव्यांग को स्मार्ट केन का वितरण किया गया।

जननायक स्व. अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न : जनपद के गौरव, गरीबों के मसीहा, पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह जी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज अमावां ब्लाक कार्यालय, तकिया चैराहा रायबरेली में मूर्ति अनावरण, भव्य श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

अखिलेश सिंह को याद कर नम हुईं सदर विधायक अदिति सिंह और उनकी मां वैशाली सिंह की आंखें

समारोह में जब वक्ताओं ने अखिलेश सिंह के जीवन के संघर्षों, उनके साहस और जनता के प्रति उनके प्रेम को बयां किया, तो वहां मौजूद उनकी बेटी अदिति सिंह और पत्नी वैशाली सिंह की आंखें भर आईं। अदिति सिंह, जो वर्तमान में रायबरेली सदर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक हैं, ने अपने पिता की विरासत को याद करते हुए कहा, मेरे पिता न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे रायबरेली के लिए एक प्रेरणा थे। उनकी कमी हमेशा खलेगी, लेकिन उनके दिखाए रास्ते पर चलकर मैं उनकी सेवा और समर्पण की भावना को जीवित रखने का प्रयास करूंगी। वहीं, अमावां ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह ने भी अपने पति की स्मृति में आयोजित इस समारोह में भावुक होकर कहा, अखिलेश जी का जीवन जनता के लिए था। वे हमेशा दूसरों के दुख-दर्द को अपना मानकर उनकी मदद करते थे। आज हम सब उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन तथा समर्थक सम्मिलित हुए और स्व. अखिलेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित अतिथि धर्मपाल सिंह, संगठन महामंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री, राकेश सचान, प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री, मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य मंत्री, प्रतिभा शुक्ला, राज्य मंत्री, का स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर वैशाली सिंह (धर्मपत्नी स्व. अखिलेश सिंह, ब्लाक प्रमुख अमावां) एवं विधायक अदिति सिंह द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों में अशोक कोरी विधायक सलोन, राम लाल अकेला पूर्व विधायक बछरावां, राजा राकेश प्रताप सिंह पूर्व विधान परिषद सदस्य, विवेक विक्रम सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक तथा धीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व विधायक सरेनी, बुद्धीलाल पासी, सुशील शर्मा, रामदेव पाल, दिलीप यादव, राघवेन्द्र सिंह, विजय बाजपेयी, आरबी सिंह, देवेन्द्र बहादुर सिंह, आशुतोष पांडेय एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, कमल श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

देश के 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं

1. जनहित में अनावश्यक जल बेकार न बहने दें।
2. नहरों को साफ सुथरा रखने में सहयोग दें।
3. नहरों का कटान न करें, कानून अपराध है।

हम उत्तर प्रदेश शासन के मनसा अनुसार जनहित में सेवारत है

इ. राजाराम चौधरी अधिशासी अभियंता
लघु डाल, नहर प्रखंड मीरजापुर, उत्तरप्रदेश

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र कुमार सिंह
जिला खान अधिकारी
मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं

बलिराम यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरा बलौहा, पोस्ट मेवली जिला-मीरजापुर
नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार पाण्डेय
जिला-मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं

सिनोद प्रजापति-(प्रधान प्रति)
पूनम प्रजापति-ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरी
विकास खण्ड नगर मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हम शासन की मनसा अनुसार ग्राम पंचायत के विकास हेतु जन सेवा में तत्पर हैं

शिल्पा यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खुटहा मौनस
नगर ब्लॉक सिटी मीरजापुर

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को 79 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. सी.बी. जायसवाल
एमबीबीएस एमडी

डॉ. मृदुला जायसवाल
(बाल रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)

* हम अपने निम्न प्रतिष्ठान के साथ जन सेवा में तत्पर हैं।
* कृष्णा हास्पिटल (ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध) स्थित मिशन कम्पाउण्ड मीरजापुर।
* नेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर (हर प्रकार की जांच, डिजिटल एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड सुविधा युक्त) जिला चिकित्सालय के सामने कचहरी रोड मीरजापुर।

86 लाख किसानों का सरकार ने किया कर्ज माफ : शाही

खाद वितरण में अनियमिता पाये जाने पर सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को किया गया है निलंबित : कृषिमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता

- अखिलेश के समय आत्महत्या को मजबूर होते थे किसान
- यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अखिलेश पर साधा निशाना
- बोले– सपा सरकार में न बोआई कर पाते थे किसान, न मिलता था न्यूनतम समर्थन मूल्य
- प्रदेश में खाद–यूरिया की कोई कमी नहीं
- जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वालों के खिलाफ कसा जा रहा शिकंजा
- अनियमिता पाए जाने पर अबतक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस किये गये निरस्त

में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है। उनके शासनकाल में किसान न तो समय से बोआई कर पाते थे और न ही उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सुविधा मिलती थी। उस दौर में कर्ज में डूबे 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये योगी सरकार को माफ करने पड़े। यदि सपा सरकार इतनी ही किसान हितैषी थी तो किसानों को आत्महत्या क्यों करनी पड़ी।

कालाबाजारी और जमाखोरी पर सरकार कस रही शिकंजा : कृषि मंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में खाद और यूरिया की कोई कमी नहीं है। दिक्कत केवल जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले तत्व पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 को निलंबन और 4 का लाइसेंस रद्द किया गया है। 93 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वहीं, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जैसे सीमावर्ती जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने बिना जोत के ही दर्जनों बोरी यूरिया उठा ली। मंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

किसानों को हर हाल में मिलेगी खाद : सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। फिलहाल



प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध हैं। खरीफ 2024 में अब तक 32 लाख 7 हजार मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में साढ़े चार लाख मीट्रिक टन अधिक है। उन्होंने कहा कि 15 से ज्यादा जनपदों में 10 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया की खपत हुई है, फिर भी कहीं कमी नहीं होने दी गई।

रबी सीजन के लिए सरकार ने किये हैं बड़े इंतजाम : कृषि मंत्री ने बताया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए इस बार 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले वर्ष 132.86 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की बुवाई हुई थी। इस बार 4 लाख हेक्टेयर का विस्तार किया जाएगा। किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज उपलब्ध कराया जाएगा। गेहूं, जौ, मक्का, राई और अलसी समेत दलहन-तिलहन के बीज किसानों तक पहुंचाए जाएंगे। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लगभग 12.80 लाख मिनी किट भी उपलब्ध कराई जाएगी। गन्ना किसानों को गन्ने के साथ ही दलहन-तिलहन की बोवाई के लिए प्रेरित किया जाएगा और उन्हें निःशुल्क बीज उपलब्ध कराई जाएगी।

फर्टिलाइजर की मांग और सब्सिडी की दी जानकारी : शाही ने कहा कि रबी सीजन के लिए 41 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 17 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 7.08 लाख मीट्रिक टन एनपी, 1.78 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 2 लाख मीट्रिक टन पोटाश की मांग भारत सरकार से की जाएगी। उन्होंने बताया कि यूरिया पर केंद्र सरकार 1908 रुपये प्रति बोरी तक सब्सिडी दे रही है और किसानों को मात्र 266.50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। अगर यह सब्सिडी न हो तो यूरिया की कीमत 2200 रुपये तक पड़ती। डीएपी, एनपी, एसएसपी और पोटाश पर भी सरकार बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

खाद्यान उत्पादन और जीएसवीए में रिकॉर्ड बढ़ोतरी : कृषि मंत्री ने दावा किया कि समय से खाद, बेहतर बीज और सिंचाई सुविधाओं के कारण प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन पिछले वर्षों की तुलना में करीब 200 लाख मीट्रिक टन बढ़ा है। इस समय यह 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। गन्ना उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। किसानों की बढ़ी पैदावार का असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। कृषि क्षेत्र से जुड़े जीएसवीए में जबरदस्त उछाल आया है, जो सपा शासन के दौरान दो लाख करोड़ रुपये था और अब बढ़कर सात लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

किसानों को किया आश्वस्त : प्रेस वार्ता के अंत में सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को किसी भी हाल में निराश नहीं होने दिया जाएगा। राज्य सरकार और प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। सीमावर्ती जिलों में खाद की तस्करी रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने दोहराया कि असली किसानों को

- हाई प्राइज और टैगिंग करने वाले 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 के लाइसेंस सस्पेंड और 4 के रद्द : कृषि मंत्री
- खाद–यूरिया की कालाबाजारी करने वाले 93 लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं मुकदमे
- सीमावर्ती जनपदों में बढ़ाई गई है चौकसी, खाद–यूरिया के तस्करों और माफिया को बख्शा नहीं जाएगा
- रबी 2025–26 सीजन के लिए इस बार 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य
- प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध

किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी, लेकिन जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले माफियाओं को हर हाल में सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और कृषि विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

16 सितम्बर से शुरू होगा विशेष अभियान किसानों की 100% रजिस्ट्री का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 16 सितम्बर, 2025 से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व विभाग को निर्देश दिया गया है कि राजस्व अधिकारियों को मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिकार अभिलेख में मालिकों के नाम को आधार के अनुसार सही किया जा सके।

- डीएम करेंगे प्रतिदिन समीक्षा, पिछड़ रहे जिलों पर रहेगा विशेष फोकस
- किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक जनपद बिजनौर सबसे आगे

फार्मर रजिस्ट्री में बिजनौर सबसे आगे : प्रदेश में कुल 2.88 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत से अधिक लगभग 1.45 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक बिजनौर जिला सबसे आगे है, जहां 58% से अधिक रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद हरदोई (57.84%), श्रावस्ती (57.47%), पीलीभीत (56.89%) और रामपुर (56.72%) टॉप-5 जिलों में शामिल हैं। जो किसान अभी तक रजिस्ट्री का हिस्सा नहीं हैं, उनके डाटा का फील्ड ऑफिसर्स द्वारा वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसमें अमरोहा, आजमगढ़, बलरामपुर, एटा और जौनपुर जैसे जिलों में 100 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है।

पीएम किसान योजना में 100) पंजीकरण पर जोर : योगी सरकार ने जिलाधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों का 100% पंजीकरण अगली किस्त जारी होने से पहले पूरा हो। इसके साथ ही सभी जिलाधिकारियों को व्यापक आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों को विशेष रूप से चेताया गया है कि पिछड़ रहे जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएं।

फुटवियर-लेदर नीति 2025 : निजी औद्योगिक पार्कों को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन

- निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए वित्तीय सहायता और टैक्स में छूट का प्रावधान
- 25 से 100 एकड़ तक के पार्कों को 45 करोड़ तक मिलेगी आर्थिक सहायता
- 100 एकड़ से बड़े औद्योगिक पार्कों को 80 करोड़ रुपए तक मिलेगा प्रोत्साहन
- औद्योगिक पार्कों के जरिये हजारों युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर
- फुटवियर और लेदर सेक्टर को मिलेगी वैश्विक पहचान, यूपी बनेगा निवेश का नया केंद्र

कैसा होना चाहिए निजी औद्योगिक पार्क?

- न्यूनतम 25 एकड़ भूमि पर विकसित होना अनिवार्य।
- प्रत्येक पार्क में कम से कम 5 औद्योगिक इकाइयां होंगी।
- कोई भी इकाई 80) से अधिक भूमि का उपयोग नहीं कर सकेगी।
- कुल क्षेत्रफल का 25) हिस्सा हरियाली और सामान्य अवसंरचना के लिए सुरक्षित रखना होगा।
- 25 एकड़ से 100 एकड़ तक के पार्कों का निर्माण 5 वर्षों में पूर्ण करना होगा।
- 100 एकड़ एवं इससे अधिक के पार्कों का निर्माण 6 वर्षों में पूर्ण करना होगा।

कितनी वित्तीय सहायता मिलेगी?

- 25 से 100 एकड़ तक के पार्क : पात्र पूंजी निवेश का 25) या अधिकतम 45 करोड़।
- 100 एकड़ से बड़े पार्क : पात्र पूंजी निवेश का 25) या अधिकतम 80 करोड़।
- सभी पार्क विकासकताओं को 100) स्टाम्प शुल्क में छूट।

किस पर नहीं मिलेगा लाभ?

- भूमि की खरीद लागत।
- ईंधन, वाहन, फर्नीचर, पुरानी मशीनरी।
- अन्य सेवा शुल्क।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फुटवियर, लेदर और नॉन लेदर क्षेत्र विकास नीति-2025 के तहत सबसे ज्यादा फोकस निजी औद्योगिक पार्कों पर किया है। इन पार्कों को निवेश बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और टैक्स में छूट दी जाएगी। सरकार ने नीति में स्पष्ट किया है कि ऐसे पार्कों को विकसित करने वाले डेवलपर्स को 25 प्रतिशत पात्र पूंजी निवेश या अधिकतम राशि के रूप में वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह मदद पार्क के आकार के अनुसार होगी।

सरकार की मंशा, रोजगार के साथ मिले वैश्विक पहचान : इस नीति के जरिये सरकार चाहती है कि राज्य में बड़े पैमाने पर निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना हो। ऐसे पार्कों के जरिये हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। फुटवियर और लेदर सेक्टर को वैश्विक पहचान मिलेगी। यूपी निवेश का नया केंद्र बनेगा। यह नीति अधिसूचना जारी होने की तिथि से 5 साल तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत सभी नए प्रोजेक्ट, विस्तार या विविधीकरण करने वाले औद्योगिक उपक्रम वित्तीय प्रोत्साहनों के पात्र होंगे। पात्र औद्योगिक इकाइयों में कंपनी, साझेदारी, सोसाइटी, ट्रस्ट और निजी उपक्रम शामिल होंगे।

वित्तीय सहायता केवल बुनियादी ढांचा विकास पर खर्च की जा सकेगी। इसमें सड़क, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, ड्रेनेज, बाउंड्री वॉल, पावर सप्लाई, जल आपूर्ति, बैंकिंग सुविधाएं, वेयरहाउस, होटल, हॉस्पिटल, ट्रेड फेयर/डिस्प्ले सेंटर, ट्रांसपोर्ट सुविधा और स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट जैसे कार्य शामिल होंगे।

भाजपा सरकार 18 हजार शपथपत्र के सही जवाब नहीं देना चाहती : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर समाजवादी पार्टी ने जो 18 हजार शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है।

जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो मृतक प्रमाणपत्र लगाए गये थे वो कहां हैं। अगर ये झूठे नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गये?

अखिलेश यादव ने कहा कि डीएम लोगों से जनता का एक सवाल है, क्यों इतने सालों बाद जवाब आया है? उन्होंने कहा कि जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18,000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गये हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है मतलब एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अगर कोई एफिडेविट मिला ही नहीं, तो ये जिलाधिकारी लोग जवाब किस बात का दे रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिलाधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिए। कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है। जो सीसीटीवी पर पकड़े गये हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गयी सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो चुनावी तीन तिगाड़ा है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है और देश के लोकतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस त्रिगुट की अदालत लगाएगी।

युवाओं के कौशल विकास से आत्मनिर्भर भारत का निर्माणः पुलकित खरे

लखनऊ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत लखनऊ स्थित एल. एन. जे. इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स एंड टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण केंद्र का उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव जाने तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समर्पण और लगन के साथ कौशल विकास कर वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि समाज और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सदन की कार्यप्रणाली जनता की भागीदारी पर आधारित : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विधान भवन में हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने देवनानी का

- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष ने उप्र विधान सभा को देखा
- उप्र विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिले राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी

पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद उन्हें विधान भवन को देखाया और भवन के ऐतिहासिक वैभव, स्थापत्य सौंदर्य तथा लोकतांत्रिक गरिमा से परिचित कराया।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि उत्तर

प्रदेश विधान भवन केवल एक इमारत भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं और संविधान प्रदत्त मूल्यों का प्रतीक है। इसकी स्थापत्य कला, ऐतिहासिक गरिमा और कार्यप्रणाली जनप्रतिनिधियों को सदैव जनता की सेवा और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा की दीर्घ संसदीय परंपराओं, कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा का भी विस्तृत परिचय कराया।

महाना ने कहा कि विधान सभा लोकतंत्र की उस प्रयोगशाला के समान है, जहां जनता की आकांक्षाएं नीतियों और कार्यक्रमों का रूप लेती हैं। सदन की कार्यप्रणाली, अनुशासन, पारदर्शिता और जनता की भागीदारी पर आधारित है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करती है। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान भवन की भव्यता, स्थापत्य कला और गौरवशाली परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के बीच संसदीय कार्यप्रणाली, नवाचार और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श भी हुआ। लोकतंत्र को और अधिक जनोन्मुख और सशक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया गया। अध्यक्ष सतीश महाना ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान विधान सभा के बीच यह संवाद भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ होगा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित भी रहे।

हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो

सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जायें और उपभोक्ताओं से करें संवाद : एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में आज संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि

- ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न
- 1912 पर आने वाली प्रत्येक शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें
- बार–बार खराब/जलने वाले ट्रांसफार्मर को अविलंब उच्चीकृत किया जाये

विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली आज आमजन के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ विषय है। सरकार की मंशा है कि हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसके लिए अधिकारियों को केवल दफ्तरों तक सीमित न रहकर फील्ड में सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखें और उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से 1912 उपभोक्ता सेवा हेल्पलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस नंबर पर आने वाली हर शिकायत को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों की अनदेखी

या लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को फील्ड में निकलने के कड़े दिशा निर्देश दिए। बैठक में बार-बार जलने वाले ट्रांसफार्मरों की समस्या पर गहन चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होते हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत ट्रांसफार्मर उच्चीकृत किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बाधित होने की परेशानी से राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता लाकर उपभोक्ताओं का भरोसा जीता जाए। उपभोक्ता यदि संतुष्ट हैं, तभी विभाग की कार्यप्रणाली को सफल कहा जाएगा।

ए.के. शर्मा ने निर्देश दिए कि विभाग का उद्देश्य केवल बिजली आपूर्ति करना नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, सुरक्षित और सतत सेवा उपलब्ध कराना है। सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, चेयरमैन आशीष गोयल, पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी एमडी व जनपद स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मंत्री कोटे से पेट्रोल पम्प लगवाने के नाम पर 62.64 की ठगी

- अधिकारी बनकर की ठगी, तहरीर मिलने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति को संगठित गिरोह के ठगों ने लाखों रूपए की ठगी की। ठगों ने अधिकारी बन जाल में फंसाकर उसकी जमीन पर मंत्री कोटे से पेट्रोल पंप लगवाने के नाम पर 62.64 लाख रुपये हड़प लिए। वहीं कृष्णा नगर कोतवाली पुलिस से शिकायत करने के बाद पुलिस सहायक उपायुक्त से लिखित शिकायत की थी। कृष्णानगर पुलिस के अनुसार मंगलवार को एसीपी कृष्णानगर के आदेश पर धोखाधड़ी और ठगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित चिल्लावाँ निवासी शराफत अली सिद्दीकी पुत्र स्व नेमत अली सिद्दीकी के अनुसार पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2019 में कृष्णानगर कोतवाली इलाके में संचालित एक निजी होटल में रहीमाबाद थाना बिजनौर निवासी राम नरेश यादव पुत्र स्व विद्याधर ने उसके हरदोई स्थित जमीन पर पेट्रोल पंप लगवाने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद दिल्ली ले जाकर कौशल किशोर और प्रफुल्ल चन्द्र मोहन मिश्रा से मुलाकात करवाया। जिन लोगों ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन पेट्रोल पंप की प्रक्रिया को बताते हुए उससे आवेदन करवाया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंत्री कोटे से पेट्रोल टंकी लगवा देंगे। जिसके एवज में उन्होंने अपने यूनियन बैंक खाते से कई बार में 62,64,500 लाख रुपए इन लोगों के खाते में ट्रांसफर कि। इस दौरान राम नरेश के साथ कई बार दिल्ली आना जाना लगा रहा। जिसमें लाखों रुपए खर्च हुए लेकिन उनकी जमीन पर पेट्रोल पंप नहीं लग पाया। आरोप है कि अब ये लोग उनके लाखों रूपयों को हड़पने के बाद संपर्क भी खत्म कर दिया। अपने संग ठगी का एहसास होने पर उसने स्थानीय कृष्णानगर कोतवाली में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की। इसके साथ सहायक उपायुक्त से लिखित शिकायत भी की। वहीं कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि एसीपी कृष्णानगर के आदेश पर धोखाधड़ी और ठगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

साइबर ठगों का शिकार हुई मेडिकल की छात्रा: सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा से साइबर ठगों ने कपड़े मंगवाने के नाम पर 19 हजार रुपये ठग लिए।

मूल रूप से क्वाटर नं0 516 बीएलडब्लू कालोनी थाना बीएलडब्लू जनपद बनारस हाल पता रुम नं0 521 न्यू एमबीबीएस गर्ल्स हॉस्टल अपोजिट पुलिस मुख्यालय थाना सुशांत गोल्फ सिटी की रहने वाली रमीशा अली पुत्री गफ्फार अली के अनुसार वह यहां हॉस्टल में रहकर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। उसने 09 जुलाई 2025 को इन्स्टाग्राम के पेज से कुछ कपडे आर्डर किये थे। जिनके लिए उससे 19 हजार रुपये आनलाइन जमा करा लिये गए थे। लेकिन जब आर्डर नही आया तो उसने इन्स्टाग्राम द्वारा मिले मोबाइल नम्बर पर फोन मिलाया तो नम्बर स्विच आफ बता रहा था। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया है। तब उसने इसकी शिकायत साइबर सेल व सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

साइबर ठगों ने मेडिकल छात्रा से 19 हजार ठगे: सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा से साइबर ठगों ने कपड़े मंगवाने के नाम पर 19 हजार रुपये ठग लिए।

मूलरूप से क्वाटर नं-516 बीएलडब्लू कालोनी थाना बीएलडब्लू जनपद बनारस हाल पता रुम न-521 न्यू एमबीबीएस गर्ल्स हॉस्टल अपोजिट पुलिस मुख्यालय थाना सुशांत गोल्फ सिटी की रहने वाली रमीशा अली पुत्री गफ्फार अली के अनुसार वह यहां हॉस्टल में रहकर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। उसने 09 जुलाई 2025 को इस्टाग्राम के पेज से कुछ कपडे आर्डर किये थे। जिनके लिए उससे 19 हजार रुपये आनलाइन जमा करा लिये गए थे, लेकिन जब आर्डर नही आया तो उसने इटाग्राम द्वारा मिले मोबाइल नंबर पर फोन मिलाया तो नंबर स्विच आफ बता रहा था। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया है। तब उसने इसकी शिकायत साइबर सेल व सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

ज्वैलरी शोरूम सेल्समैन ने 10 ग्राहकों के हड़पे 3.51 लाख

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना रोड पर संचालित एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी शोरूम में कार्यरत सेल्समैन ने मासिक बचत योजना का लाभ बता 10 ग्राहकों से लाखों की नगदी लेकर फरार हो गया। कृष्णानगर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद उक्त शोरूम मैनेजर की नामजद शिकायत पर आरोपित सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कानपुर रोड एलडीए कालोनी आशियाना रोड स्थित ओरा नामक ज्वैलरी शोरूम मैनेजर अमित द्विवेदी के अनुसार उनके शोरूम में अभय साहू नामक युवक सेल्समैन के रूप में कार्यरत था। जिसने 10 ग्राहकों से मासिक बचत योजना के नाम पर 3.51 लाख रुपये जमा कराए और ग्राहकों के पैसे लेकर फरार हो गया। आरोप है कि उसने उक्त घटना की शिकायत बीते 17 फरवरी को कृष्णानगर पुलिस से की लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसपर उसने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से मामले की शिकायत की। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि डीसीपी के आदेश पर आरोपित सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

युवक की पीट-पीटकर कर हत्या



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बंथरा इलाके के कटी बगिया में मंगलवार दोपहर 25 वर्षीय प्रदीप पर कुछ लोगों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में कई लोगों ने डंडे से भी मारापीटा। जिससे युवक की मृत्यु हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रदीप कटी बगिया में पंचर की दुकान पर था। इस बीच पड़ोसी दुकानदार मनीष से गाली-गलौज हो गई। विरोध पर दोनों में भिड़ंत हो गई। मनीष ने फोन कर साथियों को बुला लिया। आरोप है कि अंकित, अमित, रवि व अन्य लोग पहुंच गए। सभी ने प्रदीप पर हमला बोल दिया। उसे लाठी-डंडों से जमकर पीटा। हमले में प्रदीप का सिर फट गया। उसकी नाक और मुंह पर भी गंभीर चोट आई। आस पड़ोस के लोग दौड़े तो हमलावर भाग निकले।

प्रदीप की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। प्रदीप बंथरा के शहजादी गांव का रहने वाला था। बुधवार दोपहर करीब दो बचे वह बाइक का पंचर बनवाने की बात कहकर घर से निकला था। खून से लथपथ प्रदीप को उसके परिवारीजन और पुलिस ने क्षेत्र स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात प्रदीप की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना स्थल के आस पास लगे सीसी कैमरों की तफ्तीश की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एसीपी कृष्णानगर विकास कुमार पांडेय ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चारों नामजद हमलावरों समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मनीष, अंकित, रवि और अमित को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरों ने थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर खड़ी बाइकों को पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर-एम निवासी नेहा श्रीवास्तव पुत्री पुत्तन लाल श्रीवास्तव के अनुसार बीते 18 अगस्त की शाम उनके घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक यूपी32एमएक्स-6788 पार कर दिया। वहीं ग्राम वा पोस्ट नौदांड जगदीशपुर अमेठी निवासी शैलेन्द्र कुमार पांडेय पुत्र सत्येंद्र कुमार पांडेय के अनुसार वह आशियाना थाना इलाके स्थित रश्मि खंड में रहता है और वह एक निजी मेडिकल कम्पनी में एमआर की पोस्ट पर कार्यरत हैं। वहीं पीड़ित शैलेन्द्र कुमार पांडेय के अनुसार बीते एक अगस्त की दोपहर ढाई बजे अपनी बाइक यूपी33एएस-2046 बाहर रोड के किनारे खड़ी कर अपोलो अस्पताल में डॉक्टर से मिलने गया था।

डॉ. हरिदत्त नेमि के खिलाफ आरोपपत्र खारिज करने से हाईकोर्ट का इनकार

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कानपुर के जिलाधिकारी से विवाद के बाद चर्चा में आये वहां के सीएमओ डा0 हरिदत्त नेमि के खिलाफ शासन की ओर से उनको प्रेशित आरोपपत्र व जांच अधिकारी नियुक्त करने संबंधी आदेष को रद करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेष में कहा है कि डा नेमि की याचिका पर दखल देने का कोई आधार नहीं है अतः उनकी याचिका खारिज की जाती है।

यह आदेष जस्टिस मनीश माथुर की एकल पीठ ने डा नेमि की याचिका पर पारित किया। डा नेमि ने 9 जुलाई को उनके खिलाफ जारी आरोपपत्र और जांच अधिकारी की नियुक्ति संबंधी आदेश को चुनौती दी थी। तर्क दिया गया था कि आरोप पत्र पहले तैयार किया गया और जांच अधिकारी की नियुक्ति बाद में की गयी। यह भी कहा गया कि याची के निलंबन को कोर्ट ने 7 जुलाई को स्टे कर दिया था जिसके बाद जब वह अपने पद पर ज्वाइन करने के लिए गया तो वहां जिला प्रषासन और पुलिस के अधिकारियों ने तमाषा खड़ा किया और उसके ज्वाइनिंग में बाधा डाली जिसके बारे में अवमानना याचिका दाखिल है जिस पर कोर्ट सुनवायी कर रही है। कहा गया कि इस दुर्भावना से उसके खिलाफ आरोप पत्र प्रेशित किया गया है। दूसरी ओर याचिका का विरोध करके कहा गया कि विभागीय जांच नियमानुसार प्रारम्भ की गयी है और याची यह नहीं साबित कर सका है कि उसके खिलाफ षासन की कार्यवाही से क्या दुर्भावना प्रतीत हो रही है। कोर्ट ने सुनवायी के बाद याचिका को प्रारम्भिक स्तर पर ही खारिज कर दिया।

नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में जुग्गी झोपड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को कुछ लोगों द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पुलिस से की है। मूलतः सीतापुर जिले के रहने एक व्यक्ति के अनुसार वह अपने परिवार के साथ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक कॉलोनी के पास जुग्गी झोपड़ी बनाकर रहता है। वह एक कंपनी में काम करता है। उसका कहना है कि उसकी 15 बर्षीय पुत्री भी उसके साथ रहती है और आसपास के घरों में काम करती है। रोज की तरह 10 अगस्त को भी वह घर से काम पर जाने के लिए निकली थी लेकिन वह काम पर नही पहुंची। उनका आरोप है कि उनकी नाबालिग पुत्री को विपिन पुत्र रामपाल व मनीष पुत्र रामपाल तथा देविकी पत्नी रामपाल निवासीगण जगनाथ पुरवा थाना महोली जिला सीतापुर द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाया गया। है। जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

महिला के साथ हुई टप्पेबाजी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बाजार गई महिला से टप्पेबाज गले की चेन व कान की बालियां लेकर फरार हो गए। गोमतीनगर एक्सटेंशन के एफ-1/ 17 गोमती ग्रींस की रहने वाली नीलम पत्नी प्रमोद कुमार पांडे के अनुसार वह सायं लगभग 7.30 बजे अर्जुनगंज बाजार गई थी। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति जो शर्ट तथा पैंट पहने था एवं उसके साथ मौजूद एक छोटे कद की महिला जो हरे कलर का छींटदार सूट पहने थी। उसके साथ मौजूद एक अन्य लड़का उनके पास पहुंचा और उनको बातों में उलझाकर व बहला फुसलाकर उनके गले की चेन तथा कान की बालियां लेकर फरार हो गया। जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

चोरों ने मकान का ताला तोड़कर की चोरी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बेखौफ चोर दिनदहाड़े एक घर का ताला तोड़कर मोबाइल फोन, एलसीडी व नगदी चोरी कर ले गए। अवध विहार योजना राप्ती अपार्टमेंनट बी-30 एफ-1 के रहने वाले सुनील कुमार के अनुसार वह रोज की तरह 18 अगस्त को भी घर में ताला लगाकर ड्यूटी चले गए थे। जब ड्यूटी से आये तो उनके मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो एलसीडी टीवी, एक मोबाइल तथा 15 हजार रुपये नगद गायब थे। जिसपर उन्होंने अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर मे चोरी किये जाने की शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

बाप-बेटे समेत एक निजी कंपनी पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज

लखनऊ। कृष्णानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित दामोदरनगर में रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्रों सहित एक निजी कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पीड़ित का आरोप है कि उक्त कंपनी के कर्मचारियों ने धोखे से उसे कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा दे दस्तावेज सहित ब्लैक चेक हासिल कर नोएडा की अदालत में चेक बाउंस का मुकदमा तक दर्ज करा दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में शिकायत करने के साथ कोर्ट की शरण ले पिता पुत्रों सहित उक्त कम्पनी पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित दामोदर नगर निवासी लखन केसवानी पुत्र पृथ्वीराज केसवानी के अनुसार बीते वर्ष 2018 अगस्त माह में उनके फोन नंबर पर उन्हें एक कॉल आई थी। जिसमें एक निजी एक व्यक्ति ने अपना परिचय सुविधा माइक्रोफिन नामक कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में देते हुए कम ब्याज पर ऋण दिलाने की बात कही। उक्त कंपनी के प्रतिनिधि उनके घर पहुंचे और आधार, पैन सहित कई दस्तावेज लेने के साथ उसे विश्वास में ले ब्लैक चेक पर हस्ताक्षर करा लेकर चले गए। आरोप है कि उक्त कंपनी द्वारा न तो उन्हें कोई ऋण राशि दी गई और न ही दस्तावेज लौटाए गए। उसके बावजूद उल्टे ही उक्त कंपनी से जुड़े लोगों ने उन्हीं के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर नोएडा की अदालत में चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने उक्त माइक्रो फाइनेंस फर्म के साथ लोन के नाम पर धोखाधड़ी मामले में शामिल पिता संजीव रस्तोगी समेत पुत्र सुचितवन रस्तोगी व शिखर रस्तोगी पर धोखाधड़ी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर फर्म सहित पिता पुत्रों पर धोखाधड़ी की धारा में मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सुरक्षित सवारी परियोजना के तहत चलाया गया अभियान

लखनऊ। नगराम पुलिस ने बुधवार को (प्रोजेक्ट सेफ राइड) सुरक्षित सवारी परियोजना के तहत अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत ऑटो और ई-रिक्शा चालकों व मालिकों के साथ बैठक कर उनके सत्यापन व वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद नाजिम अली द्वारा चालकों व मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद नाजिम अली ने बताया कि सभी वाहन मालिकों और चालकों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 29 जुलाई 2025 से शुरू है जो 31 अगस्त 2025 तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा। पंजीकरण के बाद प्राप्त रसीद वाहन की स्क्रीन पर चिपकाना होगा।

पुलिस ने दबंग भाइयों को पिस्टल सहित पकड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट के एक प्रतिष्ठित कार शोरूम के वर्कशॉप पर मामूली बात पर दबंग भाईयों ने सुपरवाईजर पर पिस्टल तान दी। दोनों भाईयों ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। हंगामा होते ही दोनों भाई भाग खड़े हुए। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने दबंग भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है।

सुल्तानपुर जिले के खैराबाद क्षेत्र व हाल-पता महानगर निवासी दो भाईयों शहाबुद्दीन पुत्र रहीमुद्दीन व शावेज रहीम अपनी फॉर्च्यूनर सर्विस कराने चिनहट क्षेत्र स्थित शोरूम के वर्कशॉप पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि पहले अपनी गाड़ी की सर्विस कराने को लेकर वर्कशॉप के सुपरवाइजर प्रमोद विश्वकर्मा पर भड़क उठे। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों भाईयों ने वर्कशॉप सुपरवाइजर को लात घूसों से बेरहमी से पीटा और जब पेट नहीं भरा तो दबंगों पिस्टल की बट से वारकर सुपरवाइजर को जख्मी कर दिया। बताया जा रहा है कि इतना ही नहीं बेखौफ दबंग भाईयों कनपटी पर पिस्टल तानकर धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें गोली मार देंगे। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा की टीम ने बुधवार को दबंग भाईयों शहाबुद्दीन और शावेज रहीम को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटता रहा बाइक सवार

- स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सड़क पर ज्यादातर लोग गाड़ी सही नही चला रहे है। ऐसे में मिट्टी का कार्य करने वाले डंफर से दुर्घटना ज्यादा हो रही है। बुधवार को भतीजे के साथ दवा लेकर लौट रहे किसान की बाइक को टैंकर ने टक्कर मार दी। किसान टैंकर के पहिए में फंसकर 10 मीटर तक घिसटता गया। हादसे इतना भीषण था कि किसान की मौत हो गई और शव दो हिस्सों में बंट गया। बाइक चला रहा भतीजा बाल-बाल बचा। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में शकील अहमद को भी चोटें आई हैं। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग की।

उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के इकघरा निवासी शकील अहमद के मुताबिक चाचा रहीस अहमद (48) बीमार चल रहे थे। बुधवार सुबह उनकी दवा लेने एरा हॉस्पिटल आए थे। घर लौटते समय हरदोई-कानपुर बाईपास पर सब्जी मंडी के सामने नशे में लापरवाही से दूध का टैंकर चला रहे चालक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे पीछे बैठे रहीस अहमद उछलकर सड़क पर गिर गए और टैंकर के पिछले पहिए के नीचे फंस गए। टैंकर चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए रहीस को लगभग 10 मीटर तक घसीटते हुए कुचल दिया। इससे उनकी मौत हो गई और शव दो हिस्सों में बंटकर क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों व परिजनों ने मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। परिजन लापरवाही से वाहन चलाने वाले टैंकर चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग कर रहे थे। इंस्पेक्टर ने एसडीएम से वार्ता कर मृतक आश्रितों को उचित मुआवजे व कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब प्रदर्शनकरी शांत हुए। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि टैंकर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। मृतक के भतीजे शकील ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दुर्घटना के बाद चालक टैंकर छोड़ कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के विरोध में प्रदर्शन किया तो पुलिस पहुंची। टैंकर चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर शांत कराया।

चीन, पाकिस्तान जैसे देशों की 'ऑफेंसिव स्ट्रैटेजी' का मुकाबला करना जरूरी

एक्सपर्ट्स ने कई प्रमुख विषयों पर पैनल डिस्कशन में लिया हिस्सा, वैश्विक समन्वय और संगठित प्रयास पर दिया गया जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार भविष्य आधारित तकनीकों के प्रयोग के जरिए प्रदेश के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का सामना करने की तैयारी कर रही है।

इस दिशा में सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेस (यूपीएसआईएफएस) में जारी तीन दिवसीय सेमिनार के तीसरे व अंतिम दिन कई अहम विषयों पर लेकर चर्चा हुई। इसमें साइबर सुरक्षा से लेकर फॉरेंसिक साइंस की उन्नति से लेकर कई विषयों पर पैनल डिस्कशन का आयोजन हुआ। जिसमें जीनोम मैपिंग, जिनियोलॉजिकल डाटाबेस निर्माण, एआई व आंत्रप्रेन्योरशिप जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।

साइबर क्राइम को लेकर एक्सपर्ट्स ने माना कि चीन-पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की ओर से भारत की साइबर सुरक्षा में सेंध लगाने की बढ़ती कोशिशों पर लगाम लगाने की जरूरत है। एक्सपर्ट्स ने माना कि चीन-पाकिस्तान की ऑफेंसिव स्ट्रैटेजी का सामना करने के लिए भारत को तेजी से सिक्योर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने कहा कि यूपीएसआईएफएस संस्थान अपनी फोरेंसिक गुणवत्ता, विश्व स्तरीय उपकरणों और अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों के कारण एक दिन ऊँचाइयों को छूएगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में फोरेंसिक विज्ञान का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है और यूपीएसआईएफएस इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले संस्थानों में अग्रणी बन रहा है। वहीं महाराष्ट्र के प्रमुख सचिव ब्रजेश सिंह ने साइबर खतरे व पुलिसिंग के वैश्विक परिदृश्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुनिया में आज छोटा सा परिवर्तन बहुत बड़ा इंपैक्ट ला सकता है। हिज्बुल्ला पेजर अटैक इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि साइबर किल चेन रक्तबीज की तरह है। भारत का सबसे बड़े पोर्ट यानी तीन महीने के लिए जीएनपीटी का पोर्ट ऑपरेट नहीं हो पाया, एक मालवेयर के कारण। यह साइबर किल चेन का उदाहरण था। साइबर क्राइम इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक प्रयासों के जरिए ही तोड़ा जा सकता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के साइबर एक्सपर्ट रॉबी अब्राहम ने वर्चुअल माध्यम से पैनल डिस्कशन में जुड़कर हैकिंग की बदलती प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले प्रोग्रामिंग, स्क्रिप्टिंग, ओएस, नेटवर्किंग प्रोटेकॉल, शेलकोड राइटिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल होता था। उन्होंने विभिन्न मालवेयर की जानकारी देते हुए बताया कि फिलीपींस के एक स्टूडेंट ने आई लव यू वॉर्म बनाया था जिसे ईमेल से सकुर्लेट किया गया जिससे 8.7 बिलियन यूएस डॉलर का विश्व को नुकसान हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश सिंह चौहान तथा अति विशिष्ट अतिथि जस्टिस राजीव सिंह थे, साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पोरवी पोखरियाल निदेशक एनएफएसयू दिल्ली, डॉ अमरपाल सिंह वीसी आरएमएलएनएलयू एवं बृजेश सिंह आईपीएस महाराष्ट्र , मंचासीन थे, जिन्हें संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी एवं अपर निदेशकराजीव मल्होत्रा ने प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

इन पैनलिस्ट्स ने रखा अपना पक्षः कार्यक्रम में एनसेस्ट्री इंटरफेस व फॉरेंसिक केसवर्क के विभिन्न पहलुओं पर सीडीआरआई लखनऊ के साइंटिस्ट राजेंद्र सिंह, आईईएसआर नोएडा के सीईओ आशीष दूबे, बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलेयोसाइंसेस लखनऊ के साइंटिस्ट डॉ. नीरज राय व हैदराबाद के बायोएक्सिस कंपनी के सीईओ अमित कुमार ने अपना पक्ष रखा। जबकि, फॉरेंसिक आंत्रप्रेन्योरशिप के लेकर अमेरिकी साइबर एक्सपर्ट पवन शर्मा, आईआईआईटी लखनऊ के निदेशक एएम शेरी, बायोटॉक्स सॉल्यूशन के निदेशक शिव पूजन, एसआईएफएस नई दिल्ली के सीईओ रंजीत सिंह ने युवाओं को प्रोत्साहित किया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.09.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	09202025 दिनांक 18.08.2025
2	निविदा संख्या : 15/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26	
3	कार्य का नाम : सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/लखनऊ के खण्ड में लखनऊ-उतरेटिया खंड में ब्लॉक हट 'ए' से अर्जुनगंज फ्लाईओवर तक बिटुमिनस सड़क का निर्माण।	
4	अनुमानित लागत : रु. 1,17,43,256.08	
5	धरोहर राशि : रु. 2,08,700.00	
6	कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।	
7	निविदा डालने की प्रारंभ तिथि : 27.08.2025	
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 10.09.2025, 15:00 बजे	
9	वेबसाईट : www.ireps.gov.in	

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2527/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गणेश महोत्सव 27 से, 10 दिनों तक होगी बप्पा की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणेश महोत्सव का आरंभ गणेश चतुर्थी से होता है। लगभग 11 दिनों तक गणेश महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान घर और पूजा पंडाल में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित की जाती है और उनकी विधि-विधान से पूजा की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मनाया जाता है। गणपति बप्पा के भक्तों को हर साल गणेश चतुर्थी के दिन बप्पा के आगमन का बेसब्री से इंतजार रहता है। गणेश महोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी के दिन होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 26 अगस्त 2025 को दोपहर 01 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 27 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर चतुर्थी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी को मनाई जाएगी।

गणेश चतुर्थी पर कई शुभ योग: ज्योतिषियों की मानें तो गणेश चतुर्थी पर दुर्लभ शुभ और शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है। शुभ योग का संयोग दोपहर तक है। वहीं, शुक्ल योग का समापन 28 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 18 मिनट पर होगा। इसके बाद सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग है। वहीं, गणेश चतुर्थी तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 06 बजकर 04 मिनट पर होगा। भद्रावास योग का समापन दोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर होगा।

इन बातों का रखें ख्याल: भगवान गणेश की जिस मूर्ति में उनकी सूंड बाई तरफ होती है वैसी मूर्ती घर लाना बहुत ही शुभ माना जाता है। पहली बार अगर आपके घर बप्पा आ रहे हैं तो उनकी बैठी हुई प्रतिमा ही घर लाएं। इससे घर में हमेशा सुख समृद्धि बनी रहती है। साथ भी भगवान गणेश का हाथ आशीर्वाद देती हुई मुद्रा में होना चाहिए और दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। ऐसी प्रतिमा की स्थापना करना बहुत ही शुभ माना जाता है। भगवान गणेश की स्थापना ईशान कोण में करनी चाहिए और बप्पा को इस तरह से विराजमान करें की उनका मुख उत्तर की तरफ हो। बप्पा को स्थापित करने से पहले लकड़ी की चौकी को अच्छे से साफ करके और गंगाजल से शुद्ध करके फिर उसपर लाल कपड़ा बिछाकर ही बप्पा को विराजमान करें।

गणेश जी की पूजा-विधि: सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें। स्नान करने के बाद घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। गणपित भगवान का गंगा जल से अभिषेक करें। भगवान गणेश को पुष्प अर्पित करें। भगवान गणेश को दूर्वा घास भी अर्पित करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दूर्वा घास चढ़ाने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं। भगवान गणेश को सिंदूर लगाएं। भगवान गणेश का ध्यान करें। गणेश जी को भोग भी लगाएं। आप गणेश जी को मोदक या लड्डूओं का भोग भी लगा सकते हैं। भगवान गणेश की आरती जरूर करें। प्रसाद के रूप में मोदक और लड्डू वितरित करें।

गणेश चतुर्थी का मुहुर्त

- सूर्योदय – सुबह 06 बजकर 28 मिनट पर
- सूर्यास्त – शाम 06 बजकर 14 मिनट पर
- चन्द्रोदय – सुबह 08 बजकर 52 मिनट पर
- चंद्रास्त – शाम 08 बजकर 28 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 03 बजकर 58 मिनट से 04 बजकर 43 मिनट तक
- विजय मुहूर्त – दोपहर 01 बजकर 58 मिनट से 02 बजकर 49 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर 14 मिनट से 06 बजकर 36 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त – रात 11 बजकर 28 मिनट से 12 बजकर 13 मिनट तक

अक्षरधाम मंदिर की थीम पर तैयार हो रहा पूजा पंडाल

लखनऊ। राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर तैयारी जोरो पर चल रही है।

कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 21 कारीगर पिछले एक माह से पंडाल को तैयार कर रहे हैं। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार पंडाल अक्षरधाम मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 100 फुट चौड़ा और 150 फीट लंबा रहेगा और ऊंचाई करीब 75 से 80 फिट रहेगी। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ रहे हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट व महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल रहेंगे। महामंत्री सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि पूरा परिसर मैले जैसा रहेगा जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे।

सीएम को दिया गया गणेश महोत्सव का आमंत्रण पत्र

लखनऊ। श्री गणेश प्रकट कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका पर 27 अगस्त से 6 सितंबर तक होने वाले गणेश उत्सव का आमंत्रण पत्र बुधवार को कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आमंत्रण पत्र दिया और कार्यक्रम में आने का आग्रह किया।

कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से उत्सव के प्रथम दिन 27 अगस्त को आने के लिए आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री जी को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि महाराज योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से गोमती को प्रदूषण से बचाने के लिए कमेटी ने पिछले कई वर्षों से गणेश प्रतिमा का भू विसर्जन गोमती तट के पास किया जाता है। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल गुड्डा, महामंत्री सतीश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल मौजूद थे।

भगवान गणेश को मोदक समेत पांच व्यंजनों का लगायें भोग, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश का जन्म हुआ था। हर वर्ष इस तिथि को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो लगभग 10 दिनों तक लगातार चलता है। इस साल गणेश चतुर्थी 27 अ गस्त को मनाई जाएगी। इस दिन घरों में गणपति बप्पा को स्थापित किया जाता है, और विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की जाती है।

हिंदू धर्म में गणेश भगवान को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी नए कार्य की शुरूआत करने से पहले उनकी विशेष पूजा की जाती है। माना जाता है कि जो जातक उनकी पूजा आराधना सच्चे मन और भाव से करता है, उसे ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं हर साल की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी का दिन सभी के लिए बहुत लाभकारी है। इस तिथि पर ब्रह्म योग और चित्रा नक्षत्र का निर्माण हो रहा है। ऐसे में विघ्नहर्ता की पूजा के साथ-साथ उनके प्रिय भोग लगाने से हर इच्छा पूरी होती है। साथ ही सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

मोदक का भोग: गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर आप भगवान गणेश को मोदक का भोग जरूर लगाएं। ये उन्हें अति प्रिय है। माना जाता है कि मोदक के भोग से गणेश जी प्रसन्न होते हैं, और हर मनोकामना पूरी करते हैं। आप मोदक को घर पर भी तैयार कर सकती हैं।

खीर का भोग: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को खीर बहुत प्रिय है। ऐसा माना जाता है कि जब भी माता पार्वती खीर बनाती थीं, तो भगवान गणेश खीर का पूरा प्याला पी जाया करते थे। इसलिए उनके जन्मोत्सव के खास अवसर पर उन्हें खीर का भोग अवश्य लगाएं।

वड़े और चूरमा का भोग: गणेश चतुर्थी पर आप गणेश जी को उड़द की दाल से बने वड़े का भी भोग लगा सकती है। इसके अलावा बाटी का चूरमा भी खिला सकती है। माना जाता है कि चूरमा गणेश जी को बहुत पसंद है।

केले का भोग: गणेश पूजन पर मखाने का भोग लगाएं। इसे काफी शुभ माना जाता है। इस दौरान आप नारियल और केले का भोग भी लगा सकती हैं। इसे काफी उत्तम माना जाता है। केले का भोग सभी देवी-देवताओं को प्रिय होता है, और पूजा पाठ से जुड़े कार्य में इसे जरूर शामिल किया जाता है।

बेसन की बर्फी: गणेश जी को बेसन की बर्फी का भोग लगाना बहुत शुभ होता है। आप गणेश चतुर्थी की पूजा में इसे जरूर रखें। बेसन की बर्फी आप घर पर भी तैयार कर सकते हैं। ये भोग पीला और मीठा होने की वजह से भगवान गणेश को पसंद है।

ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर सज रहा पंडाल

लखनऊ। अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 13वां श्री गणेश जन्मोत्सव का आयोजन 27 से 31 अगस्त तक 'गुलाब वाटिका अपार्टमेंट' नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे किया जायेगा। संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा ने बताया कि गणेशोत्सव की तैयारियां तेजी शुरू हो गई है। अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी ने बताया कि इस बार बप्पा का दरबार आपरेशन सिंदूर की थीम पर तैयार हो रहा है। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि पंडाल सजाने के लिए कोलकाता से करीब एक दर्जन कारीगर पिछले 20 दिनों से बप्पा का दरबार तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बप्पा के दरबार के अलावा सड़क पर दो मुख्य द्वार भी तैयार किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल के बाहर मेले जैसा माहौल रहेगा जिसमें बच्चों के लिए कई स्टाल लगाए जाएंगे व झूले लगाए जाएंगे जिसका बच्चे भरपूर मनोरंजन प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि बप्पा के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रसाद दिया जाएगा।

डिजिटल मूविंग झांकी में भक्तों ने देखी माखन चोरी की लीला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में छह दिन चलने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियों में कृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा हैं। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि झांकियों के पांचवे दिन माखन चोरी की लीला के अलावा सांस्कृतिक मंच पर बच्चों की नृत्य गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नृत्य गायन स्पर्धा में कवल ज्योत कौर, अवनी श्रीवास्तव, साक्षी, शिक्षा, वंशिका कनौजिया, सौम्या श्रीवास्तव ने श्याम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो..., राधा कैसे न जले, दिशा कश्यप, आयुष, वैशनवी, तान्या मिश्रा, आरध्या गुप्ता ने श्याम चूड़ी बेचने आया..., राधा गोरी गोरी पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य गायन स्पर्धा में 50 से अधिक बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से परिचित कराया। वहीं दूसरी ओर माखन चोरी झांकी में कान्हा ने ग्वाल बालों के साथ गोपी के घर से माखन चोरी करने की योजना बनाई। कान्हा ने गोपी के घर में ऊंची रस्सी से बंधी माखन की मटकी को देखा। माखन चोर मंडली ने झटपट एक ऊपर एक चढ़कर पिरामिड बनाया। कान्हा पिरामिड पर चढ़कर माखन की मटकी से माखन चोरी करते है। अन्य झांकियों में निधिवन में झूले का आनंद उठाते राधा कृष्ण, कालिया नाग पर नृत्य करते का नटखट कान्हा के अलावा राक्षसी पूतना का वध करते कान्हा की स्थायी झांकी सजाई गई है। 20 फीट ऊंचे शिवलिंग से गंगा अवतरण के अलावा सीना चीरते हनुमानजी के हदय में राम सीता के दर्शन की स्वचालित झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी है। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती-फिरती झांकी सबको लुभाने को रही है। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को अग्रवाल इलेक्ट्रिकल द्वारा कोलकाता की एलईडी लाइट पैनलों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर शेर पर सवार माता दुर्गा व बांसुरी बजाते कृष्ण को उकेरा गया। ऑपरेशन सिंदूर का सेल्फी कार्नर भक्तों में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर रहा है।

भोजपुरी फिल्म 'लालू जी की लव स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर और प्रोड्यूसर यश कुमार दर्शकों को फिर से एंटरटेन करने के लिए आ रहे हैं। उनकी फिल्म 'लालू जी की लव स्टोरी' का धमाकेदार ट्रेलर आया है, जिसमें थोड़ा रोमांस है, थोड़ा फन और थोड़ा रोना-धोना। इस फिल्म के जरिए वह समाज को एक मैसेज देने की कोशिश भी कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को भी खूब पसंद आ रहा है। भोजपुरी फिल्म 'लालू जी की लव स्टोरी' के ट्रेलर में यश कुमार के अपोजिट निधि झा हैं। फिल्म की कहानी एक ऐसे इंसान पर फिल्माई गई है, जिसके गंजेपन के कारण शादी नहीं हो पा रही। उसे जो लड़की पसंद करती, उसके घरवाले रिश्ते के लिए राजी नहीं होते। इसके बाद हीरो की मां की तबीयत खराब हो जाती है और वह बेटे की शादी देखने की इच्छा जताती है। जिसके बाद हीरो एक स्कीम निकालता है। यश कुमार फिल्म के हीरो हैं। मूवी में शादी के लिए वह ऑफर रखते हैं कि जो लड़की उनसे शादी करेगी, उसे एक साल के लिए 20 लाख रुपये मिलेंगे। इसके लिए एक लड़का अपनी गर्लफ्रेंड को मना लेता है। वह पैसों के खातिर राजी हो जाती है। मगर ससुरालवालों के साथ रहकर उसे अपनापन महसूस होता है और वह हीरो को पसंद करने लगती है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलता है, जो यश कुमार ने किया है। इस मूवी में निधि और यश के अलावा, विजय चौहान, प्रियंका सिंह, स्निग्धा सरकार और खुशबू जैन जैसे कई कलाकार शामिल हैं। फिल्म का डायरेक्शन सुजीत वर्मा ने किया है और प्रोडक्शन दीपक शाह ने। हालांकि मूवी की रिलीज डेट अभी नहीं बताई गई है। मगर फैंस इसका इंतजार कर रहे हैं।

मुल्क में अमन और शांति की दुआ के साथ उर्स मुबारक विदा

लखनऊ। हजरत मखदूम शाहमीना के पांच दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का समापन बुधवार को हुआ। आखिरी दिन नमाज अस्र के बाद कुल और दुआ हुई। जिसमें मुल्क में अमन व भाई चारा कायम रहने की दुआ की गई। पीरजादा शेख शाकिर अली ने कहा कि खिदमत खल्क ही हजरत मखदूम शाहमीना का मिशन था। शाहमीना दुआ से भी आने वाले को नवाजते थे और जरूरत भी पूरी करते थे। उन्होने कहा कि शाहमीना का रास्ता अमन व शांति का था। हमें भी उसी रास्ते पर चलना चाहिए। पांच दिवसीय उर्स मुबारक में प्रदेश के तमाम जिलों से आए जायरीन शामिल हुए। इस मौके पर पीरजादा शेख नासिर अली मिनाई, पीरजादा शेख फाखिर अली मिनाई, मौलाना असलम मिनाई, खालिद हुसैन, मौलाना जाकिर मिनाई, कारी मोहम्मद अजमल समेत अन्य मौजूद रहे।

पारंपरिक सोहराई कला से रूबरू हुए बच्चे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल एवं कॉलेजों के कला विभाग ने फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से सोमवार को पारंपरिक सोहराई कला कार्यशाला का सौंदर्य एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम (2025-26) के अंतर्गत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजाजीपुरम में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्या भारती गोसाईं, उप-प्राधानाचार्या और विंग-इंचार्जों की उपस्थिति में किया गया।

फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक निदेशक नेहा सिंह ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा, आने वाली पीढ़ी और पिछले पीढ़ी के बीच पुल बनेगी। ज्ञान को युवा मनों में विकसित किया जाना चाहिए। कला विभागाध्यक्ष राजेश कुमार और गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने इस पहल का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यशाला को डॉ. कुमुद सिंह (पूर्व प्रमुख, चित्रण एवं चित्रकला विभाग, के.एस. साकेत पी.जी. कॉलेज, अयोध्या और वर्तमान में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान, लखनऊ के सदस्य) द्वारा भी स्वदेशी कला परंपराओं के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया और उन्होंने शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह कार्यशाला 18 से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित की गयी है और इसे कॉलेज की कला शिक्षिकाएँ एवं कलाकार पुष्पा देशवाल एवं सविता विश्वकर्मा संयोजित कर रहीं हैं। इस कार्यशाला में कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य सोहराई कला के दर्शन, रूपांकन और तकनीकों से छात्रों को परिचित कराना है। कार्यशाला का समापन 23 अगस्त को छात्र कलाकृतियों की प्रदर्शनी तथा भागीदारी प्रमाणपत्र वितरण के साथ होगा।

ज्ञातव्य हो कि सोहराई पेंटिंग पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिशा के जनजातीय समुदायों द्वारा पारंपरिक रूप से की जाने वाली प्राचीन भित्ति कला है। यह कला प्रकृति-आधारित शब्दावली का उपयोग करती है–जानवरों, पक्षियों, वृक्षों और प्रजनन-प्रतीकों के रूप में–और मानव जीवन, कृषि चक्र तथा पर्यावरण के बीच के संबंध का उत्सव मनाती है। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्र लोक-ज्ञान और दृश्य कथाकला से जुड़ेंगे तथा भारतीय लोक व जनजातीय कलाओं के प्रति प्रशंसा और जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार के कार्यशाला के उद्देश्य को संक्षेप में कहें तो भारतीय लोक एवं जनजातीय कला के प्रति सराहना बढ़ाना, स्वदेशी शब्दावली के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता और रचनात्मक कौशल का विकास करना है। यह पहल संस्थान की कलात्मक कौशल विकास के साथ साथ सांस्कृतिक जागरूकता को मिश्रित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र केवल रचनात्मक तकनीकों को ही नहीं सीखते, बल्कि भारत की विविध कलात्मक परंपराओं के साथ गहरे संबंध भी बनाते हैं।

भक्ति और देशभक्ति के रस में डूबे श्रोता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मड़ियांव में मारुतिनंदन कृष्ण लीला मैदान ट्रस्ट की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में कविओं ने रचनाओं से समां बांधा। कवियों ने भगवान कृष्ण, शिव, राम व देश भक्ति से ओत प्रोत कविताएं पढ़ी। ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश लोधी, संयोजक अजीत सिंह, राजेश पांडेय, विपिन ने कवियों को अंगवस्त्र, माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. अजय प्रसून ने की। कवि प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, कैप्टन सरोज सिंह, राम राज भारती, महेश गुप्ता, राम सनेही विश्वकर्मा सजल, कुंवर आनंद श्रीवास्तव, गिरि राज शर्मा ठेठ मलीहाबादी, सत्यदेव सिंह, राजू पांडेय सुनहरा ने अपने गीत, गजल, छंद व मुक्तकों से लोगों को भाव विभोर किया।

32वें मिस एंड मिस्टर यूपी का पोस्टर लांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा आगामी माह एक भव्य आयोजन मिस एंड मिस्टर उत्तर प्रदेश ऐ टैलेंट हंट विध ए डिफरेन्स का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पोस्टर लांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के सचिव वामिक खान ने बताया इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल सौंदर्य या मंचीय आकर्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों की प्रतिभा, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, संवाद क्षमता और सामाजिक सोच को प्रोत्साहित करना है। यह प्रतियोगिता उन युवाओं के लिए एक अनोखा मंच है, जो अपने भीतर छुपी कला और क्षमता को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं। यह प्रतियोगिता पिछले 32 वर्ष से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित की जा रही है जिसमें प्रमुख रूप से फिल्मी कलाकार उपस्थित रहते हैं प्रतियोगिता की मुख्य विशेषताओ में प्रतिभागियों के व्यक्तित्व और कला का समग्र मूल्यांकन, नृत्य, गायन, अभिनय, फैशन वॉक, वाद-विवाद एवं सामाजिक मुद्दों पर दृष्टिकोण की प्रस्तुति। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर। पोस्टर अनावरण में पूर्व मिस उत्तर प्रदेश तनिष्क शर्मा, प्रभाती पांडे, वैष्णवी दुबे, काजल इसरानी, मनीष' सिंह, दामिनी सिंह तथा पूर्व मिस्टर उत्तर प्रदेश देवेंद्र प्रताप सिंह, निहिल श्रीवास्तव अंतर्राष्ट्रीय कोरियोग्राफर, आफताब कुरेशी समाजसेवी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक एडविन मैंसी ने बताया कि हमारी संस्था उत्तर प्रदेश के युवाओं को निरंतर मंच प्रदान कर रही है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है 'हम लोग पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऑडिशन कर चयनित करेंगे। इस अवसर पर दीप सच्चर, अभिषेक राजपूत, आरिफ खान, शान फरीदी, आभास मौर्य, सुफियान बेग, नीतीश शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldaonline.co.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री डी० एस० टण्डन (देवी शरण टण्डन)	भवन संख्या- मोटर गैराज संख्या-14	बाल्दा रोड कालोनी	16.12.2011	1. श्री अतुल टण्डन	1. डा० आशुतोष टण्डन	पुत्र, पुत्र
2.	श्री रतन लाल	भ०सं०- एस०एस०-2/730, सेक्टर-डी-1	कानपुर रोड योजना	11.04.2023	श्रीमती पुष्पा मेहरोत्रा, श्रीमती प्राची खन्ना, श्रीमती रिचा टण्डन	-	पत्नी, पुत्री पुत्री
3.	स्व० राम प्रसाद (मृतक)	आश्रयहीन भवन सं0- एस-2/210	सेक्टर-एच बसन्त कुन्ज हरदोई रोड योजना	03.06.2022	श्रीमती रमा शुक्ला	श्री अनिल शुक्ला, श्री अनूप शुक्ला, श्रीमती सुरेखा शुक्ला	पत्नी, पुत्र, पुत्र, विवाहिता पुत्री
4.	स्व० रंजीत सिंह	भवन/भूखण्ड संख्या- 4/157	विरामखण्ड, गोमती नगर योजना	31.10.1997	श्री राज नारायण सिंह, श्रीमती देवन्ती देवी	-	पिता माता
5.	दिनेश कुमार श्रीवास्तव	भूखण्ड संख्या- D-2/40 सेक्टर-ओ, मानसरोवर	कानपुर रोड मानसरोवर योजना	05.02.2020	दीपा श्रीवास्तव, मुदित श्रीवास्तव, मधुर श्रीवास्तव	-	पत्नी, पुत्र, पुत्र

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

बेंगलूरू-गोमतीनगर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन, यात्रियों को होगी सुविधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 06529/06530 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू-गोमतीनगर-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू से 03 नवम्बर तक तथा गोमतीनगर से 07 नवम्बर तक निम्नवत बढ़ाया जा रहा है।

06529 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू-गोमतीनगर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 03 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू से 19.00 बजे प्रस्थान कर तुमकूर से 20.20 बजे, अरसीकेरे से 22.30 बजे, कडूरू से 22.55 बजे, दूसरे दिन दावणगेरे से 00.25 बजे, हावेरि से 01.40 बजे, हुब्बल्लि जं. से 04.05 बजे, धारवाड़ से 04.30 बजे, बेलगावि से 06.45 बजे, घटप्रभा से 07.37 बजे, मिरज से 10.00 बजे, सांगली से 10.15 बजे, करड से 11.15 बजे, सतारा से 13.00 बजे, पुणे से 17.10 बजे, दौंड कॉर्ड लाइन से 18.25 बजे, तीसरे दिन मनमाड जं. से 01.15 बजे, भुसावल से 03.40 बजे, खंडवा से 06.05 बजे, रानी कमलापति से 10.00 बजे, बीना से 12.30 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से 14.50 बजे, उरई से 16.12 बजे, पुखरायां से 17.02 बजे, गोविन्दपुरी से 18.45 बजे, प्रयागराज जं. से 22.00 बजे, ज्ञानपुर रोड से 23.48 बजे, चौथे दिन बनारस से 01.15 बजे, वाराणसी से 01.40 बजे, औंड़िहार से 02.15 बजे, मऊ जं. से 03.27 बजे, बेलथरा रोड से 04.10 बजे, भटनी से 04.42 बजे, देवरिया सदर से 05.10 बजे गोरखपुर से 06.50 बजे, बस्ती से 08.30 बजे तथा गोण्डा से 09.30 बजे छूटकर गोमतीनगर 11.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में, 06530 गोरखपुर-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरू ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 07 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को गोमतीनगर से 12.20 बजे, गोण्डा से 14.15 बजे, बस्ती से 15.40 बजे, गोरखपुर 17.00 बजे, देवरिया सदर से 18.00 बजे, भटनी से 18.22 बजे, बेलथरा रोड से 19.12 बजे, मऊ जं. से 20.02 बजे, औंड़िहार से 21.07 बजे, वाराणसी से 22.20 बजे, बनारस से 22.45 बजे, दूसरे दिन ज्ञानपुर रोड से 00.20 बजे, प्रयागराज जं. से 01.20 बजे, गोविन्दपुरी से 06.00 बजे, पुखरायां से 07.22 बजे, उरई से 08.05 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से 10.10 बजे, बीना से 13.15 बजे, रानी कमलापति से 16.30 बजे, खंडवा से 20.50 बजे, भुसावल से 23.15 बजे, तीसरे दिन मनमाड जं. से 01.40 बजे, दौंड कॉर्ड लाइन से 06.20 बजे, पुणे से 08.50 बजे, सतारा से 11.30 बजे, करड से 12.30 बजे, सांगली से 13.30 बजे, मिरज से 16.15 बजे, घटप्रभा से 17.25 बजे, बेलगावि से 19.00 बजे, घारवाड़ से 21.22 बजे, हुब्बल्लि जं. से 22.50 बजे, हावेरि से 23.55 बजे, चौथे दिन दावणगेरे से 00.55 बजे, कडूरू से 02.27 बजे, अरसीकेरे से 03.40 बजे तथा तुमकूर से 05.15 बजे छूटकर सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल,बेंगलूरू 08.15 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस लहेरिया सराय स्टेशन पर रुकेगी

■ **लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 12561/12562 जयनगर-नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के लहेरियासराय स्टेशन पर प्रदान किया गया है। जयनगर से 25 अगस्त से चलने वाली 12561 जयनगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस, लहेरियासराय स्टेशन 19.16 बजे पहुंचकर 19.18 बजे छूटेगी तथा नई दिल्ली से 24 अगस्त से चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस लहेरियासराय स्टेशन 17.36 बजे पहुंचकर 17.38 बजे छूटेगी।

लखनऊ-मनकापुर रेलखण्ड का डीआरएम ने किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने आज शाखाधिकारियों के साथ गोण्डा परिक्षेत्र और लखनऊ-टिकरी वाया मनकापुर रेलखण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने मोतीगंज, झिलाही, बरूआचक, मनकापुर और टिकरी स्टेशनों पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) आदि का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने गोण्डा लोको शेड में ओवरहालिंग, बोगी, पीपीआईओ अनुभाग, विद्युत रनिंग शेड के इंफ्रास्ट्रक्चर और लोको के रखरखाव व शेड्यूल अनुरक्षण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने लोको अनुरक्षण में सुरक्षा मानकों और तकनीकी बारीकियों पर अधिकारियों व सुपरवाइजरों से चर्चा की, साथ ही शेष पिट लाइनों के विद्युतीकरण और उपकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया।

इसके अतिरिक्त मण्डल रेल प्रबन्धक ने उपमण्डलीय रेलवे चिकित्सालय, आर.आर.आई. भवन, खानपान स्टाल, यात्री प्रतीक्षालय, यात्री सुविधाओं, विकास कार्यों, फुट ओवर ब्रिज, और प्लेटफार्मों की साफ-सफाई का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, सुरक्षित रेल संचालन और स्टेशन की स्वच्छता में उत्कृष्ट योगदान के लिए मोतीगंज स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक वाजिद अली और झिलाही स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक प्रभाकर पाण्डेय को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

बरेका में निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ/वाराणसी। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में इस वर्ष निवारक सतर्कता हेतु 3 माह का सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवम्बर तक मनाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भी किया जाएगा। इस बार की थीम सतर्कता हमारी साझा, जिम्मेदारी रखी गई है। आयोग ने निवारक सतर्कता के लिए पांच प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा द्वारा सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया गया और सफल आयोजन हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। बरेका में इस दौरान जागरूकता व्याख्यान, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, कार्यशालाएँ तथा शपथ ग्रहण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण की निकली प्रभात फेरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा देश की आजादी का जश्न स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय रेल पर 16 अगस्त से 31 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण के पांचवें दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्टेशनों, ट्रेनों, आवासीय कॉलोनियों, डिपो एवं कारखानों में स्वच्छता सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, 20 अगस्त को लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर प्रभात फेरी निकाली गई। रेलकर्मियों एवं यात्रियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, रेल पटरियों की सफाई गई, मशीनों का उपयोग करके ट्रेनों एवं प्लेटफार्म की सतह को साफ किया गया एवं अनेक स्वच्छता के कार्य किये गये। यात्रियों ने उत्साह के साथ स्वच्छता सेल्फी बूथ पर सेल्फी ली। लखनऊ जं. स्टेशन परिसर में क्लीन रेल, क्लीन इण्डिया के नारे के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, स्वच्छता कर्मियों, रेलकर्मियों एवं यात्रियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

वाराणसी मंडल के देवरिया सदर, सीवान, छपरा, मऊ, बलिया, आजमगढ़, बनारस, गाजीपुर सिटी तथा प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार कचरे के अलगाव हेतु अलग-अलग डस्टबिन का प्रावधान किया गया, रेलवे टैज्क की सफाई की गई, यात्री उद्घोषणा प्रणाली से यात्रियों को स्टेशनों एवं टेज्नों को साफ रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिये जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता रैली के माध्यम से क्लीन रेल, क्लीन इण्डिया जैसे नारों के साथ बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से सार्वजनिक जागरूकता रैली निकाली गई। रेलवे कालोनियों में गहन सफाई की गई, ट्रेनों एवं कोचों की सफाई की गई, यात्री एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत जैसे नारों के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इज्जतनगर मंडल के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर गाड़ियों एवं कोचों की गहन सफाई की गई, रेलवे ट्रैक एवं ट्रैक के किनारे की सफाई की गई, रेलवे कालोनी, स्टोर डिपो एवं कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया, रेल प्रतिष्ठानों में आवश्यकतानुसार डस्टबिन का प्रावधान किया गया, यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्टेशनों पर और ट्रेनों में यात्रियों को कोच साफ रखने और प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिये यात्रियों को जागरूक किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया।

हरिशंकरी अभियान को लेकर ब्लॉक गोसाईगंज में हुई तैयारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हरिशंकरी अभियान को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक में महत्वपूर्ण तैयारी बैठक ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पूर्व में जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में 29 अगस्त को ब्लॉक के 12 गांव में दिशा के अनुसार पीपल पाकड़ बरगद के पेड़ लगाए जाएंगे। इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, बीडीओ राजेश बहादुर सिंह,एडीओ पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला, नायब तहसीलदार गुरप्रीत सिंह, संगठन मंत्री शंभूनाथ पांडे, विजयपाल सिंह, अरविंद गुप्ता, दिनेश साहू शारदा वर्मा, सचिन चौधरी सहित प्रधान रामसिंह,जीतू सिंह, देवेंद्र चौधरी व सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। लोक भारती के पदाधिकारी बृजेंद्र पाल सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण चौधरी, रिटायर्ड डीएफओ प्रेम सागर त्रिपाठी ने अभियान के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी कि कैसे किस प्रकार से पेड़ लगाए जाने हैं साथ ही साथ सभी को पेड़ों का महत्व भी समझाया।

बरेका में कर्मियों ने स्वच्छता शपथ के साथ किया गहन श्रमदान

कार्यक्रम का शुभारंभ बरेका के लोको डिवीजन में स्वच्छता शपथ लेकर किया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ/वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार एवं बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ एवं श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बरेका के लोको डिवीजन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ लेकर किया गया। सभी उपस्थितजन ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल कार्यस्थल पर बल्कि अपने आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि वे स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, साथ ही बरेका कारखाना परिसर में सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

शपथ समारोह के उपरांत लोको फ्रेम शॉप में एक गहन श्रमदान अभियान आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रमदान के दौरान परिसर में फैले कचरे, अनुपयोगी वस्तुओं एवं कबाड़ की सफाई की गई। साथ ही समस्त कार्यस्थल की धूल-मिट्टी हटाकर उसे साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित किया गया। इस अवसर पर आज बरेका की पूर्वी कॉलोनी परिसर में सिविल विभाग द्वारा सघन स्वच्छता अभियान चलाते हुए न केवल परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया, बल्कि कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन से न केवल बरेका परिसर में एक सकारात्मक वातावरण बना, बल्कि यह पूरे शहर के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गया है।

एकेटीयू स्कूलों के शिक्षकों को देगा नयी तकनीकी और नवाचार का प्रशिक्षण

सीएमएस के 26 ब्रांच के शिक्षकों को नई तकनीकी की दो दिवसीय ट्रेनिंग से हुई शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय न सिर्फ तकनीकी के उच्च शिक्षा को प्रदेश में नया आयाम दे रहा है बल्कि अब स्कूलों में भी तकनीकी की अलख जगाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने को बेड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय की मंशा स्कूल स्तर पर भी छात्रों में नई तकनीकी और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की है। इस क्रम में शुरूआत सिटी मॉन्टेसरी स्कूल लखनऊ से हुई है।

विश्वविद्यालय की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार से हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय अन्य स्कूलों के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेगा।

सीएमएस के 26 ब्रांच के शिक्षक ले रहे प्रशिक्षण : इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएस के 26 ब्रांच के शिक्षकों शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। दो दिनों में पहले दिन शिक्षकों को इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह एवं मैनेजर वंदना शर्मा ने नवाचार और उद्यमिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी नया आइडिया किसी के भी दिमाग में आ सकता है।

एक शिक्षक के तौर पर किसी बच्चे के आइडिया को समझना और उसे आगे बढ़ाने में मदद करना जरूरी है। नवाचार को उद्यमिता में बदलने के बारे में भी बताया। साथ ही इसके लिए सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं, फंड आदि की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन थ्री डी प्रिंटिंग, सेंसर, लेजर तकनीकी आदि की जानकारी विशेषज्ञ देंगे। विश्वविद्याल के इनोवेशन हब की मदद से हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री एवं सीएमएस के पूर्व छात्र शुभांशु शुक्ला के नाम पर सीएमएस में शुभांशु इनोवेशन एक्सप्रेस लैब बनाया जाएगा। इसमें छात्र नवाचार पर कार्य कर सकेंगे।

● सीएमएस में विश्वविद्यालय के सहयोग से बनेगा शुभांशु इनोवेशन एक्सप्रेस लैब

शिक्षकों को हमेशा अपडेट रहना चाहिए

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर अधिक जिम्मेदारी होती है इसलिए उन्हें हमेशा खुद को अपडेट करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के पास भी आइडिया हो सकता है। एक शिक्षक के रूप में उनके आइडिया को सुनना, समझना और आगे बढ़ाना जरूरी है। ताकि उनके आइडिया को नवाचार में बदला जा सके। छोटे बच्चों से भी सीखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने नई उभरती तकनीकी के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। शिक्षकों को इसके बारे में पता होना चाहिए। इस दौरान डीन इनोवेशन प्रो बीएन मिश्रा, एसोसिएट डीन डॉ अनुज कुमार शर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

लोकदल ने यूपी की यूरिया नेपाल ब्रिकी पर उठाये सवाल

लखनऊ। यूपी में खाद की किल्लत के बीच तस्कर नेपाल भेज कर मुनाफा कमा रहे हैं तो मुनाफे पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश में किसान आज भी अपनी फसल बचाने के लिए खाद (यूरिया) के लिए तरस रहे हैं। उन्हें सरकारी दफ्तरों और खाद विक्रेताओं के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि अफसर खुलेआम झूठ बोल रहे हैं कि पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। असलियत यह है कि प्रदेश का यूरिया धड़ल्ले से नेपाल की सीमा पार तस्करी हो रहा है और वहां 10 गुनी कीमत पर बेचा जा रहा है। यह धंधा इतनी बड़ी पैमाने पर बिना सरकार और अधिकारियों की मिलीभगत के संभव ही नहीं है। सवाल है आखिर किसकी सरपरस्ती में यह काला कारोबार चल रहा है? सुनील सिंह ने कहा कि सरकार की चुप्पी और आंख मूंद लेना इस कांड में उनकी सीधी भागीदारी को साबित करता है।

रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी गौतमानंद महाराज का हुआ लखनऊ आगमन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के 17वें अध्यक्ष स्वामी गौतमानंद महाराज अपने एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को लखनऊ पहुंचे। यहां निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ लखनऊ के मंदिर में प्रणामी का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज के दर्शनों के लिए भक्त बेचैन दिखे। रामकृष्ण मठ लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद ने विशेष बातचीत में बताया कि रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष को श्री रामकृष्ण का ही अभिन्न स्वरूप माना जाता है और वर्तमान में स्वामी गौतमानंद महाराज में ही श्री राम कृष्ण की दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का ऊर्जा का संचालन हो रहा है और वह ही हमारे आध्यात्मिक गुरु है। स्वामी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का कहना था कि रामकृष्ण मठ बेलूर से श्री रामकृष्ण की आध्यात्मिक शक्तियों का संचार अगले 1500 वर्षों तक होता रहेगा। इसी क्रम में रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष के माध्यम से श्री रामकृष्ण की आध्यात्मिक ऊर्जा संपूर्ण विश्व को आलोकित कर रही है। स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि 97 वर्ष की उम्र में स्वामी गौतमानंद महाराज संपूर्ण विश्व में भ्रमण कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। महाराज शिष्यों को दीक्षा भी प्रदान करते हैं। लखनऊ आगमन से पूर्व महाराज ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन किये फिर अयोध्या में राम दरबार के दर्शनों के बाद आज लखनऊ आये और आज ही रात में महाराज बेलूर मठ वापस लौट जाएंगे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर कर राजीव गांधी को किया

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर राजीव गांधी की जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 81 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कालीदास चौराहा एवं राजीव चौक मॉल एवेन्यू स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि स्व राजीव गांधी ने राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व पर जोर दिया, जिसके लिए उन्हें शांतिदूत के नाम से नवाजा गया और उनकी जयंती को पूरे देश भर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। संगोष्ठी को पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओंकारनाथ सिंह, विजय बहादुर, अनीस अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिजेन्द्र सिंह ने किया। निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का संयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ आजाद बेग ने किया। चिकित्सा शिविर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ जियाराम वर्मा की देखरेख में हुआ। चिकित्सा शिविर में लगभग 25 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लगभग 1000 गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं बच्चों एवं जरूरतमंदों को अनुभवी निशुल्क परामर्श दिया। इसके साथ दवाईयां उपलब्ध कराई गई एवं निशुल्क रक्त परीक्षण भी किए गए। रक्तदान शिविर में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए महादान किया गया। रक्तदान शिविर में 103 लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सा शिविर के समाप्त होने पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिविर को संपन्न कराने वाले सभी चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल कर्मचारियों को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल मध्यजोन के अध्यक्ष सुशील तिवारी सोनू पंडित की मौजूदगी में पुराना किला स्थित लखनऊ मान्टेसरी कॉलेज में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

महिलाओं को बांटे गये सेनेटरी नैपकीन

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के तहत महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी एवं महिला कांग्रेस की कोऑर्डिनेटर अनामिका यादव द्वारा नारी स्वास्थ्य संकल्प के तहत सेनेटरी नैपकीन का वितरण किया गया। ममता चौधरी ने मलिन बस्ती, पाण्डेय तालाब एवं ऐशबाग एवं अनामिका यादव ने डोढ़न खेड़ा, उतरठिया एव मवइया गांव में वितरित किया।

लविवि के प्रो बोनो क्लब की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के प्रो बोनो क्लब ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट (सत्र 2024-2025) का विमोचन किया। इस रिपोर्ट को विभागाध्यक्ष और डीन, विधि संकाय, प्रो. रमेश कुमार वर्मा, निदेशक, लखनऊ विश्वविद्यालय, सेकंड कैम्पस, प्रो. आरके सिंह; पूर्व डीन, विधि संकाय, प्रो. बीडी सिंह, संकाय प्रभारी, प्रो बोनो क्लब, प्रो. आलोक कुमार यादव, प्रो अभिषेक तिवारी, डॉ. सुधीर, संकाय सदस्यों और क्लब एसोसिएट्स की उपस्थिति में जारी किया गया। वार्षिक रिपोर्ट में प्रो बोनो क्लब द्वारा बीते एकेडमिक वर्ष में की गई महत्वपूर्ण गतिविधियों, कानूनी साक्षरता अभियानों, विधिक सहायता शिविरों और छात्रों की विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंच कर आमजन को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने से जुड़े कार्यों का विवरण है। डीन प्रो. रमेश कुमार वर्मा ने एसोसिएट्स द्वारा प्रदर्शित समर्पण और मेहनत की सराहना की और बताया कि लविवि न्याय तक पहुंच और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा में अग्रणी है, जो देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित करता है। संकाय प्रभारी, प्रो बोनो क्लब, प्रो. आलोक कुमार यादव ने कहा कि यह रिपोर्ट हमारे छात्रों की सामाजिक प्रतिबद्धता और विधि शिक्षा को समाजोपयोगी बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों का प्रतिबिंब है।

नगर निगम में दाखिल-खारिज की दरें होंगी कम

कल कार्यकारिणी व 28 को सदन की बैठक में रखा जायेगा प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम में नामांतरण(संपत्तियों का दाखिल खारिज) को और भी कम किया जाएगा। शुक्रवार को महापौर की अध्यक्षता वाली कार्यकारिणी समिति में इससे सम्बंधित प्रस्ताव को पास करने के लिए रखा जा रहा है। प्रदेशभर के नगरीय निकायों में नामांतरण शुल्क के नाम पर चल रही मनमानी वसूली पर शासन ने नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू की है। इसी के आधार पर लखनऊ नगर निगम प्रस्ताव तैयार कर रहा है। कार्यकारिणी से मंजूरी मिलने के बाद 28 अगस्त को इसे सदन की बैठक में भी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। पहले वसीयत या फिर बंटवारे पर दाखिल खारिज कराने पर लोगों को पांच हजार रुपए शुल्क देना पड़ता था। अब 1000 वर्गफुट तक का मकान होने पर केवल एक हजार व 3000 वर्गफुट का मकान होने पर केवल 3000 रुपये ही दाखिल खारिज शुल्क चुकाना होगा।

शासन का मानना था कि नगरीय निकाय में कर निर्धारण सूची में संशोधन एवं परिवर्तन किए जाने की प्रक्रिया एवं शुल्क आदि की व्यवस्था में भिन्नता एवं अस्पष्टता से जनता को असुविधा हो रही थी। शासन से आदेश जारी होने के बाद अब नगर निगम ने उसकी नियमावली तैयार कर ली है। इस नियमावली के लागे होते ही शुल्क की दरें कम हो जाएंगी। भवन के वार्षिक मूल्य के हिसाब से ही म्यूटेशन शुल्क लिया जाएगा। इसमे निम्न व सामान्य वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह शुल्क वार्षिक मूल्य के हिसाब से 35 सौ से लेकर 15 हजार तक हो सकेगा। अभी तक सभी तरह के म्यूटेशन शुल्क दस हजार रखा गया था। रक्त संबंधित, वसीयत, पारिवारिक समझौते और बंटवारे का म्यूटेशन शुल्क पूर्व की तरह पांच हजार ही होगा।

उत्तराधिकारी/रजिस्ट्रीकृत वसीयत में ये रहेगी दरें : नगर निगम में विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में एक हजार वर्गफीट क्षेत्रफल पर 1000 रुपए शुल्क, 1001 से 2000 वर्गफीट पर 2000 रुपए, 2001 से 3000 वर्गफीट तक 3 हजार रुपए, 3 हजार वर्गफीट तक 5 हजार रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर डीएम द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि जो अधिक हो, के आधार पर तय होगी। रुपए 5 लाख तक 1 हजार, 5 लाख से 10 लाख तक 2 हजार, 10 लाख से 15 लाख तक 3 हजार, 15 लाख से 50 लाख तक 5 हजार रुपए और 50 लाख के ऊपर 10 हजार रुपए शुल्क देना होगा।

दाखिल खारिज में देरी पड़ेगी भारी, विलंब शुल्क वसूलेगा नगर निगम : नगर निगम में नामांतरण(संपत्तियों का दाखिल खारिज) में देरी होने पर विलंब शुल्क देना होगा। यह शुल्क नामांतरण के लिए आवेदन करने में हुई देरी के आधार पर लगाया जाएगा। प्रस्ताव के पास होने पर बैनामा कराने के तीन महीने तक नामांतरण न कराना महंगा पड़ सकता है। नगर निगम आवेदकों से करीब 200 रुपये प्रति माह के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलेगा। शासन ने निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन मानक उपविधि, 2025 में विलंब शुल्क भी लिए जाने का प्राविधान किया है। इसी के चलते नगर निगम ने आवेदन में देरी करने पर विलंब शुल्क लिए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड का नाम डॉ. अखिलेश दास वार्ड किये जाने का प्रस्ताव

नगर निगम कार्यकारिणी समिति में फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा जा रहा है। इस वार्ड का नाम पूर्व महापौर डॉ. अखिलेश दास वार्ड के नाम से किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। अखिलेश कुमार श्रीवास्तव की ओर से प्रस्ताव दिया गया है। इस पर नगर निगम के अभियंत्रण विभाग की ओर से प्रस्ताव कार्यकारिणी में रखा जाएगा। इसी तरह इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड का नाम बाबू गौरीशंकर श्रीवास्तव वार्ड, राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड का नाम सावित्रीबाई फुले वार्ड, राजीव गांधी द्वितीय वार्ड का नाम राजकुमार श्रीवास्तव वार्ड, शंकरपुरवा तृतीय वार्ड का नाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड का नाम डीएससी राय वार्ड, न्यू हैदरगंज तृतीय वार्ड का नाम पद्मश्री योगेश प्रवीन वार्ड, खरिका द्वितीय वार्ड का नाम केपी सक्सेना वार्ड, इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड का नाम अशफाक उल्ला खां वार्ड तथा शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड का नाम कैप्टन मनोज कुमार पांडेय वार्ड किये जाने का प्रार्थना पत्र भी नगर निगम को दिया गया है। हालांकि कार्यकारिणी की बैठक में अभी केवल एक वार्ड का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन अन्य वार्डों के नाम बदलने के प्रार्थना पत्र भी संलग्न किए गए हैं। इससे पहले आठ वार्डों का नाम किसी महापुरुष के नाम से बदले जाने पर पूर्व महापौर के कार्यकाल में कार्यकारिणी ने मुहर लगाई थी। हालांकि शासन से इनकी मंजूरी नहीं मिल सकी है। इनमें विद्यावती द्वितीय का नाम परशुराम वार्ड, विद्यावती प्रथम का नाम माधवनगर वार्ड, हैदरगंज द्वितीय का नाम बुद्धेश्वर वार्ड, फैजुल्लागंज प्रथम का नाम महर्षि नगर वार्ड, फैजुल्लागंज तृतीय का डॉ. केशव नगर वार्ड, फैजुल्लागंज चतुर्थ का पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, अयोध्यादास द्वितीय का पंडित राम प्रसाद बिस्मिल वार्ड तथा जानकीपुरम प्रथम का नाम भाऊराव देवरस वार्ड किए जाने के प्रस्ताव को पास किया गया था।

फर्जी मार्कशीट पर 22 शिक्षक बर्खास्त, एफआईआर के आदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में बेसिक के बाद अब माध्यमिक इंटर कॉलेजों में भी फर्जी अंकपत्र पर नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों का भंडाफोड़ हुआ है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने आजमगढ़ मंडल में कूटरचित, फर्जी अंकपत्र, प्रमाणपत्र पर नियुक्ति पाने वाले 22 शिक्षकों को बर्खास्त किया है। साथ ही इनसे वेतन की रिकवरी करते हुए एफआईआर के भी निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 2014 में एलटी ग्रेड (सहायक अध्यापक) पद पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। आवश्यक औपचारिकता पूरी कर 2016 में इनकी तैनाती की गई। चूंकि यह भर्ती मेरिट पर आधारित थी, ऐसे में अभ्यर्थियों ने फर्जी अंकपत्र व प्रमाण पत्र लगाकर अपने नंबर बढ़ाये और नौकरी पा ली। अभिलेख सत्यापन में इस पर संदेह हुआ। विभाग ने एक नहीं कई बार संदिग्ध अभिलेखों की जांच कराई। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि इसमें अंतिम रूप से संयुक्त निदेशक आजमगढ़ मंडल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 22 शिक्षकों के अंकपत्र व प्रमाण पत्र फर्जी, कूटरचित पाये। इसे देखते हुए उन सभी शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। उनकी सेवा समाप्त करते हुए वेतन भुगतान की वसूली करने और एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए हैं। हालांकि विभाग को नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों के अंकपत्र व प्रमाण पत्र के सत्यापन में लगभग दस साल लगना भी बड़े सवाल खड़ा करता है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन 22 शिक्षकों ने मोनार्ड यूनिवर्सिटी हापुड़ व संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की फर्जी मार्कशीट लगाकर नौकरी पाई थी। जांच में गड़बड़ मिलने और सत्यापन में भी गड़बड़ी मिलने पर यह कार्यवाही की गई है। बता दें कि हाल ही में फर्जी डिग्री-मार्कशीट बनाने में मोनार्ड यूनिवर्सिटी का नाम सामने आ चुका है।

इन पर हुई कार्रवाई : विनय कुमार यादव, पवन कुमार, अतुल प्रकाश वर्मा, अंकित वर्मा, लक्ष्मी देवी, विवेक सिंह, राज राज वर्मा, रोहिणी शर्मा, अमित गिरी, रुचि सिंघल, प्रियंका, नूतन सिंह, दीपा सिंह, अनीता रानी, प्रीति सिंह, नंदिनी, आनंद सोनी, गीता, सलोनी अरोरा, किरन मौर्या, रुमन विश्वकर्मा, सरिता मौर्य

हटाये गये हरदोई और रामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में तैनात डॉक्टरों के पद में फेरबदल करते हुए उन्हें नई तैनाती दी गयी है। इनमें कई के पदुन्नति हुई है तो वहीं, कई डॉक्टरों सजा के तौर पर अहम पद से हटा कर अस्पतालों में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर भेज दिया गया है। बुधवार को राजधानी के मुख्यालय से 22 जिलों में तैनात डॉक्टरों के तबादले की सूची जारी हुई। इनमे कई डॉक्टर ऐसे भी थे जोकि राजधानी के स्वास्थ्य भवन में प्रशाशनिक काम कर रहे थे। तो वहीं कई जिलों में ऐसे भी डॉक्टर थे जोकि , अस्पताल में प्रशासनिक पद पर कार्यरत थीं।

बुधवार को जारी हुई तबादला सूची में हरदोई में तैनात डॉक्टर रोहतास को मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद से हटकर उनकी नई तैनाती आई मेरठ जिला अस्पताल में कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर रामपुर से डॉ. सत्य पाल को हटाकर गाजियाबाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। डॉ.अंसार अली को वरिष्ठ परामर्शदाता जिला महिला चिकित्सालय उन्नाव भेज दिया है। डॉ. रियाज अली मिर्जा को यू.एच.एम. चिकित्सालय कानपुर डॉ. सुशील कुमार को वरिष्ठ परामर्शदाता, बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ.सत्य पाल सिंह को जिला पुरुष चिकित्सालय अयोध्या, डॉ.अनिल कुमार रत्नेश जिला चिकित्सालय जौनपुर, प्रदीप मित्तल को जिला पुरुष चिकित्सालय बाबू बनारसी दास बुलन्दशहर, डॉ. हरनाम सिंह जिला पुरुष चिकित्सालय अयोध्या, डॉ.अनिल कुमार वर्मा वरिष्ठ परामर्शदाता जिला चिकित्सालय बाराबंकी और रमेश चन्द्र गुप्ता को एम.एम.जी. जिला चिकित्सालय गाजियाबाद भेज दिया गया है।

सात संविदा शिक्षकों की नियुक्ति को हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

● भाषा विवि: कार्यकारी परिषद की 38वीं बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को कार्यकारी परिषद की 38वीं बैठक कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रगति से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इसमें संविदा नियुक्तियों के तहत विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में 4 एसोसिएट प्रोफेसर और 7 असिस्टेंट प्रोफेसर की संविदा नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई। समारोह आयोजन के लिए प्रावधान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न समारोहों, दिवसों एवं आयोजनों के लिए संबंधित विभाग को 20,000 रुपये की राशि वार्षिक रूप से स्वीकृत की गई। वहीं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन के लिए प्रत्येक विभाग को वर्ष में एक बार राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन/सेमिनार आदि के आयोजन हेतु एक लाख रुपये तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए दो लाख रुपये तक के व्यय की स्वीकृति दी गई। साथ ही पेटेंट व्यय प्रतिपूर्ति के तहत यदि कोई विश्वविद्यालय का शिक्षक अपना शोध पेटेंट करवाता है, तो पेटेंट से संबंधित प्रक्रिया में आने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतम 35,000 रुपये तक की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यपरिषद की 37वीं बैठक का संपुष्टिकरण किया गया, दो आकस्मिक कार्यपरिषद की बैठकों में लिए गए फैसलों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया तथा इस बैठक में वित्त समिति की 31वीं बैठक में लिए गए निर्णयों को भी हरी झंडी दी गई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान को प्रोत्साहन एवं संस्थान के समग्र विकास से जुड़े अन्य कई विषयों पर भी सहमति बनी।

बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के जमीन घोटाले में आठ पर मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की फटकार से एलडीए अफसरों के पसीने छूट गए। हाईकोर्ट ने गोमती नगर इलाके में 3500 करोड़ के जमीन घोटाले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के अध्यक्ष व सचिव ने फर्जी तरीके से समिति का सदस्य बनाकर भूखंडों को अपने रिश्तेदारों और एलडीए अफसरों को बांट दिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच की फटकार के बाद बुधवार को गाजीपुर थाने में समिति के 8 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की एफआईआर दर्ज की गई। जांच में लखनऊ विकास प्राधिकरण और सहकारिता विभाग के कुछ अधिकारियों के भी समायोजन के नाम पर भूखंड पाने का खुलासा हुआ है। वर्षों से चल रहे इस घोटाले में प्रवीण सिंह वाफिला (पूर्व अध्यक्ष) और लखन सिंह बलियानी (पूर्व सचिव) पर आरोप है कि उन्होंने भूमाफिया गैंग के साथ मिलकर समिति के नाम पर फर्जी सदस्यों को जोड़ा। समिति की जमीनों का अवैध आवंटन और विक्रय किया। ये भूखंड उन्हीं के रिश्तेदारों और सहयोगियों के नाम रजिस्ट्री कराए गए। दिलचस्प बात यह है कि जिन जमीनों पर ये रजिस्ट्रियां हुईं, उन पर न समिति का स्वामित्व था, न कोई वैध नक्शा पास, और न ही रेरा पंजीकरण था। पूरे खेल में इस्तेमाल हुए फर्जी पता बी-4, लेखराज मार्केट-1, इंदिरा नगर को लिखा गया है। समिति ने अपना संचालन यहीं से दिखाया था। जबकि जांच में सामने आया है कि यह कार्यालय कभी अधिकृत नहीं था। इसी पते से सभी रजिस्ट्री और दस्तावेज बनाए गए। जांच में सामने आया है कि इस फजीवाड़े में एलडीए के कुछ अधिकारी भी समायोजन के नाम पर लाभ ले चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमीनों के आवंटन में कुछ अफसरों को भी भूखंड आवंटित हुए, जिन्हें अब जांच की आंच लगने लगी है। एलडीए ने खुद अपने पत्र में स्वीकार किया था कि समिति को कोई वैधानिक अधिकार नहीं था रजिस्ट्री कराने का, और 2021 में डीएम लखनऊ ने भी रजिस्ट्रियों पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण को सुनते हुए सख्त टिप्पणी की कि यह सिर्फ एक सहकारी समिति का भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि राजधानी में सरकारी जमीनों की लूट का मामला है, जिसमें सत्ताधारी तंत्र की शह नजर आती है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देशित किया कि इसमें शामिल सभी बड़े नामों की बिना भेदभाव जांच की जाए। गाजीपुर थाने में प्रवीण सिंह वाफिला, पूर्व अध्यक्ष, लखन सिंह बलियानी पूर्व सचिव, वीरेंद्र कुमार सिंह भूमाफिया गैंग का सदस्य, कमलेश सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, अन्य पारिवारिक सदस्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटीज में भ्रष्टाचार बहुत गहरे तक जमा है : हाईकोर्ट

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि प्रदेश में कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटीज में भ्रष्टाचार बहुत गहरे तक जमा है। कोर्ट की टिप्पणी के बाद राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि प्रश्नगत मामले में सरकार ने प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की ओर से अपने सदस्यों व अन्य लोगों को जमीन आवंटन की जांच की जाये और आवश्यकता पड़ने पर वसूली की कार्यवाही की जाये तथा यदि आवश्कता हो तो इस मामले में लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत भी कार्यवाही की जाये। कोर्ट ने कृत कार्यवाही की रिपोर्ट 16 सितम्बर को तलब किया है। यह आदेश जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचिका में मांग की गयी थी कि वर्तमान चुनी हुई कार्यकारिणी को काम करने दिया जाये और कालातीत हो चुकी कार्यकारिणी को काम करने से रोका जाये। याचिका पर सुनवायी के दौरान कोर्ट ने पाया कि अधिग्रहण के बाद सोसायटी को सरकार ने जमीनें दी कि वे उसके सदस्यों को दी जा सकें। किन्तु पिछली कार्यकारिणी ने कई सदस्यों को नियमों के विपरीत जाकर बहुत अधिक जमीन आवंटित कर दी तो कई मामलों में ऐसे लोगों को भी जमीनें दी गयीं जो कि एससी/ एसटी वर्ग के नहीं थे। कोर्ट ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया।

निजीकरण के विरोध में उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो : संघर्ष समिति

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने बिजली कर्मियों से अपील की है कि निजीकरण के विरोध में चलाये जा रहे आंदोलन के दौरान बढ़ी हुई बिजली की मांग को देखते हुए बिजली उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में लगातार 266 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में सभी जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक जनसंपर्क कर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि 19 अगस्त को रात 10.21 बजे 30251 माँग पहुंच गई जिसके आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। जून में 31486 मेगावॉट की अब तक की सबसे अधिक मांग रही है। अगस्त, सितम्बर में बिजली की मांग इससे भी अधिक रहने की सम्भावना है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में चल रहे संघर्ष में उपभोक्ताओं को साथ लेकर चल रहे हैं। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है कि विगत 266 दिन के आन्दोलन में बिजली कर्मियों ने में बिजली कर्मियों ने आन्दोलनरत रहते हुये भी महाकुम्भ में बिजली की अद्वितीय व्यवस्था बनाये रखी और मई जून की भीषण गर्मी में अधिकतम बिजली आपूर्ति के कीर्तिमान बनाये। संघर्ष समिति का बिजली कर्मियों को निर्देश है कि आंदोलन के कारण किसी भी उपभोक्ता को कठिनाई नहीं होनी चाहिए। संघर्ष समिति का निर्णय है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेंडर होने पर सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार प्रारंभ कर देंगे और शुरू होगा सामूहिक जेल पर हुआ आंदोलन। अधिकतम अभियंताओं तक जनसंपर्क तेज करने की दृष्टि से अभियन्ता संघ ने आज से परियोजना वार ऑनलाइन मीटिंग करना प्रारम्भ किया है। आज हरदुआगंज और पारीछा ताप बिजली घरों के अभियंताओं की ऑनलाइन मीटिंग हुई।

एलडीए की नयी आवासीय योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम शुरू

किसानों से सहमति के जरिये भूमि जुटाव के लिए वितरित किये गए फॉर्म

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीतापुर रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर योजना और आगरा एक्सप्रेस वे के पास वरूण बिहार योजना को एलडीए ने धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया है। दोनों योजनाओं की जद में आ रहे गांवों की जमीनों को आपसी सहमति से खरीदने के लिए किसानों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। एलडीए के सचिव की ओर से सार्वजनिक विज्ञापन निकाला गया है। इसमें गांव, गाटा संख्या व क्षेत्रफल के साथ कहा गया है कि सुनियोजित विकास के लिए स्थायी रूप से भूमि की जरूरत है। नैमिष नगर योजना के लिए 18 गांवों की 2568.015 एकड़ और वरूण बिहार योजना के लिए 12 गांवों में 6585.1360 एकड़ भूमि ली जानी है। एलडीए की टीम ने बुधवार को बीकेटी तहसील के पुरवा गांव में किसानों के साथ बैठक की। जिसमें योजना के लिए भूमि जुटाने के सम्बंध में समझौते के आधार पर संवाद किया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने की, जिसमें तहसीलदार-अर्जन हेमचंद्र तिवारी, तहसीलदार बीकेटी तहसील शरद सिंह, पुरवा ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय लेखपाल समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे। जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि भूमि जुटाव को लेकर किसानों से सहमति को लेकर फॉर्म का वितरण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में किसानों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अब जल्द ही जमीनों के बैनामे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं, कुछ किसानों द्वारा पुराने घर एवं आबादी से सम्बंधित सवाल किए तो संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि उन घरों को अलग कर दिया जाएगा और उन्हें छुआ भी नहीं जाएगा।

सीधे खाते में आएगा मुआवजे का पैसा : बैठक में उपस्थित लोगों ने पूछा कि रजिस्ट्री कितने दिनों में होगी, पैसा कब तक मिलेगा और पैसे देने का तरीका क्या रहेगा? इसके जवाब में संयुक्त सचिव ने बताया कि बैनामा निष्पादन के करीब 7 से 10 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में ही पैसा आ जाएगा। संयुक्त सचिव ने बताया कि किसानों को भूमि का मुआवजा डी0एम0 सर्किल रेट की बढ़ी हुयी दरों के तहत दिया जाएगा, जोकि ग्रामीण क्षेत्र में सर्किल रेट का चार गुना व शहरी क्षेत्र में दोगुना होगा।

किसानों को मिलेगा लाभ : वर्तमान में इस पूरे क्षेत्र में कोई बड़ी नियोजित आवासीय योजना नहीं है। नैमिष नगर विकसित होने से किसानों व उनके परिवारों को सीधा लाभ होगा। प्राधिकरण द्वारा योजना के साथ ही उसमें आ रहे गांवों में भी विकास कार्य कराया जाएगा। जिसमें गांव के संपर्क मार्ग, जल निकासी, खेल मैदान, बारात घर, स्वास्थ्य केन्द्र, तालाब, कब्रिस्तान, स्कूल, पार्क व श्मशान आदि को सुदृढ़ किया जाएगा। इस योजना में लगभग 03 लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही, शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास होगा।

बिजली गुल होने पर डीएम करेंगे समीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली गुल होना आम बात हो गयी है। बिजली अधिकारियों से शिकायत करने पर कोई सही जबाब नही मिलता है। ऐसे में डीएम विशाख जी भी बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगें।

लेसा में बिजली कटौती आम बात हो गयी है। बिजली कटौती से आम उपभोक्ता परेशान है कभी बिजली कर्मचारियों के हड़ताल से तो कभी 11 केवी के फाल्ट से, ऐसे में उपभोक्ता परेशान होकर बिजली घर में शिकायत करने जाता है तो उसके साथ मारपीट भी किया जाता है। संविदा कर्मचारियों के नेता देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि काम ज्यादा है और संविदाकर्मियों की संख्या कम कर दिया गया है जिससे समय पर कार्य नही हो पा रहा है। जबकी बिजली पोल पर चढ़कर कार्य करने वालो की संख्या कम हो गयी है। उपभोक्ता की शिकायत आने पर अधिकारी तो कार्य करने जाते नही है लाईनमैन ही कार्य करने जाते है। ऐसे में संविदाकर्मियों की भर्ती नही होगी तो कार्य कैसे होगा।

हाउस टैक्स बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील, हंगामा

लखनऊ। नगर निगम ने हाउस टैक्स न देने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को जोन-03, 04, 05, 06, 07 और 08 की टीमों ने अभियान चलाया। फैजुल्लागंज समेत कई इलाकों में दुकानों और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। सरोजनीनगर में बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई पर हंगामा हुआ। नगर निगम ने बकायेदारों से कुल 18 लाख 06 हजार 69 रुपए की वसूली की। जिन्होंने पैसा जमा कर दिया उनकी सील खोल खोल दी। जोन-03 में सीतापुर रोड और केशव नगर इलाके में निगम टिकाराम से 61 हजार 740 रुपये, फखरुद्दीन से 1 लाख 17 हजार 891 रुपए और विद्या श्रीवास्तव से 85 हजार 580 रुपये वसूला। जोन-04 के चिनहट बाजार क्षेत्र में सैयद मोहम्मद अतीक शाह से 41 हजार 127 रुपये, सरवर जहां से 20 हजार रुपये और दिनेश चंद्र शर्मा से 50 हजार रुपये वसूली की गयी।

रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का संगम : डॉ. राजेश्वर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा न रहकर श्रद्धा, भक्ति और एकता का एक अभूतपूर्व प्रतीक बन चुकी है। प्रत्येक माह में दो बार आयोजित की जाने वाली इस यात्रा के माध्यम से डॉ. सिंह सरोजनीनगर के बुजुर्गों, महिलाओं और महिलाओं को निःशुल्क अयोध्या दर्शन की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में, बुधवार को ग्राम सभा सहिजनपुर से 46वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का संचालन किया गया।

यात्रा का दिव्य अनुभव: श्रद्धालुओं से यात्रा के अनुभव के बारे में पूछने पर उन्होंने इसे एक दिव्य यात्रा बताया, जिसमें हर पल आध्यात्मिक शांति और संतोष का अनुभव हुआ। इस बस सेवा से अयोध्या जाने वाले हर श्रद्धालु के चेहरे पर आस्था और भक्ति की गहरी छाप देखी गई। सभी के मन में नव निर्मित दिव्य और भव्य राममंदिर के दर्शन की प्रबल अभिलाषा थी। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समर्पण, एकता और विश्वास का भी एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती है।

रखा गया श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान : विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की हर आवश्यकता का ध्यान रखा। उन्हें घर से लाने ले जाने से लेकर यात्रा मार्ग में भोजन, जलपान और स्वास्थ्य सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी और अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था की गई, जहां श्रद्धालुओं को सहजता से दर्शन का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक श्रद्धालु को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस और अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक सम्मानित किया गया।

मां तारा सिंह जी की प्रेरणा से हुई शुरूआत: यह निःशुल्क बस सेवा डॉ. राजेश्वर सिंह की माँ तारा सिंह की प्रेरणा से 27 सितंबर 2022 को शुरू की गई थी और अब यह यात्रा सरोजनीनगर परिवार के लिए आस्था, विश्वास और समर्पण का प्रतीक बन चुकी है। यह यात्रा अब सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक दिव्य अनुभूति बन चुकी है, जो सभी को एकजुट करती है और हमारी आस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।

डॉ. राजेश्वर सिंह का संदेश: इस यात्रा के संदर्भ में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है, वृद्धजन समाज की धरोहर हैं, उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना एक जनप्रतिनिधि का सर्वोपरि कर्तव्य है। प्रभु श्रीराम के असीम आशीर्वाद और सरोजनीनगर परिवार के अपार स्नेह व समर्थन से, यह रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा अनवरत जारी रहेगी, ताकि हर वृद्धजन को प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त हो सके।

रक्षाबंधन पर 63 लाख महिलाओं और 15 लाख सहयात्रियों ने बस में फ्री यात्रा किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं एवं उनके साथ एक सहयात्री के लिए 66 घंटे की मुफ्त यात्रा की घोषणा प्रदेश की महिलाओं, बहनों एवं बेटियों एक अत्यन्त सराहनीय एवं जनहित कदम रहा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में इस वर्ष 66 घंटे की मुफ्त यात्रा के दौरान प्रदेश की लगभग 63 लाख महिलाओं ने जबकि 15 लाख सहयात्रियों ने मुफ्त यात्रा का लाभ उठाया। यह सरकार की महिला सशक्तीकरण के प्रति संवेदनशीलता को भी दशार्ता है। परिवहन मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व पर लाखों बहनों अपने भाईयों तक सहजता से पहुंच सके और अपने परिवार के साथ इस पावन पर्व को धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम वास्तव में महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा को नई दिशा देने वाला रहा। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए इस सराहनीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस दौरान निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ने पूरी लगनता एवं मेहनत के साथ कार्य करते हुए रक्षाबंधन पर्व को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया।

फैजुल्लागंज में जलभराव से दर्जनों परिवार घरों में कैद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। फैजुल्लागंज स्थित मामा कॉलोनी पिछले दस दिनों से जलभराव की समस्या है। इसके चलते दर्जनों परिवार अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। भारी बारिश और निकासी की सही व्यवस्था न होने के कारण कॉलोनी की गलियों और घरों के सामने घुटनों तक पानी जमा है। लोग न तो घर से बाहर निकल पा रहे हैं और न ही रोजमर्रा के काम कर पा रहे हैं। बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है, जबकि नौकरीपेशा लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम और स्थानीय प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जलभराव के कारण गंदगी और बदबू भी फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि गोमती बैराज खोलने के लिए सिंचाई विभाग को कहा गया है। इसके अलावा अभियंत्रण विभाग से 2 पंप सेट लगा दिए गए हैं। बारिश में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने बुधवार से विशेष सफाई अभियान शुरू किया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर यह अभियान 20 से 30 अगस्त तक शहरभर में चलाया जाएगा। अभियान के तहत 110 वार्डों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो रोजाना निरीक्षण कर सफाई, नालियों-सीवर की स्थिति, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान, जलापूर्ति और पार्कों-खाली प्लॉटों की स्वच्छता पर नजर रखेंगे। बुधवार को विक्रमादित्य, फैजुल्लागंज-द्वितीय, मौलाना कल्बे आबिद, लेबर कॉलोनी, बाबू बनारसी दास और अन्य वार्डों में अपर नगर आयुक्तों, चीफ इंजीनियरों व स्वास्थ्य अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सुबह 7 बजे शुरू हुए निरीक्षण में गंदगी के ढेर, सीवर लीकेज, जल स्त्रोतों की स्थिति और जलभराव वाले स्थलों की जांच की गई। जहां भी समस्या मिली, अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में विशेष रूप से कीटनाशक छिड़काव और जल जमाव की निगरानी की जाएगी ताकि मच्छरों का प्रकोप न फैले।

संक्षेप

पिकअप और ऑटो की भिड़ंत में कई यात्री गम्भीर

सीतापुर। कोतवाली बिसवां इलाके के मोचकला गांव के निकट पिकप और ऑटो की जबरदस्त टक्कर हुई। ऑटो चालक एवं ऑटो पर सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुर कला के रेवाली गांव निवासी। सिराज पुत्र खलील, सोमेश पुत्र कल्लू निवासी गंगा नगर कोतवाली बिसवां ऑटो से बिसवां से महमूदाबाद जा रहे थे कि कोतवाली बिसवां के मोचकला के पास महमूदाबाद की ओर से बिसवां की ओर आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उक्त दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को तत्काल राहगीरों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया। दोनों का उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सिराज पुत्र खलील को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

किशोरी की दबंगों ने की पिटाई

सीतापुर। सिधौली कोतवाली के गांव गनीपुर में शनिवार को बकरी चराने गई 16 वर्षीय विनीता की गांव के दो किशोरियों व उनके भाई से हुई मारपीट में मंगलवार को जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली के गांव गनीपुर में मनीपुर निवासी सोनू कुमार पुत्र बताती लाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि मेरी बहन बिनीता 16 वर्ष पुत्री बराती लाल गांव के बाहर परती पड़ी जमीन पर बीते शनिवार को बकरी चराने गयी थी। वहीं पर गांव की प्रियंका पुत्री छत्रपाल भी बकरी चराने गयी थी। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी व मारपीट हो गई। सोनू का यह भी आरोप है कि उसके बाद जब बिनीता घर आ गयी तो उसी शाम को हम सभी घर के लोग बाहर थे। बिनीता ही घर में थी तभी प्रियंका ने अपनी बहन शालिनी व भाई ललित के साथ आकर घर के अन्दर घुसकर तीनों ने बहन बिनीता की जमकर पिटाई कर दी और मौके से भाग गया। बिनीता को आई चोट से हो रही दर्द की दवा दिला दी गई। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर उसे नजदीकी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक की सलाह पर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बिनीता की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

रोडवेज बस डिपो के लिए डीएम ने जारी किया आदेश

सीतापुर। भोजपुरी फिल्म अभिनेता व जनता जनार्दन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष संग्राम सिंह पटेल ने लहरपुर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी बस डिपो बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लहरपुर और आसपास के कस्बों एवं गांवों के लोगों को आज भी सुचारु परिवहन सुविधा नहीं मिल पा रही है। यात्रियों को दूर-दराज के डिपो और प्राइवेट साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। जिससे आमजनमानस को भारी असुविधा होती है। इस समस्या को देखते हुए संग्राम सिंह पटेल ने 22 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी सीतापुर को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए लहरपुर क्षेत्र में सरकारी बस अड्डा बनाए जाने की मांग की।

निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें

● मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीतापुर। आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ० रोशन जैकब आईएएस के द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सी०एम० डैशबोर्ड, विकास एवं राजस्व व विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि वर्षा के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र में जल जमाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। साफ सफाई एवं कचरा प्रबंधन पर निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए, ड्रेनेज प्लान पर आवश्यक कार्यवाही हो। सभी अधिशासी अधिकारी भ्रमणशील रहकर कार्य करायें। उन्होंने कहा कि उचित स्थान पर कचरा प्रबंधन कराया जाए। ड्रेनेज चालू स्थिति में रहें कहीं पर शिल्ट जमने संबंधी दिक्कत ना हो। ड्रेन की सफाई अनवरत रूप से करायी जाये। निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश मण्डलायुक्त ने दिये। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मानक के अनुसार बिजली की सप्लाई हो। बिजली संबंधी जो शिकायत आ रही हैं उनका समय पर निस्तारण किया जाये। साथ ही बिजली केंद्रों पर एक हेल्प डेस्क लगाएं ताकि उपभोक्ता को परेशान ना होना पड़े। विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के समय समस्त तहसीलों तथा सभी विद्युत उप केन्द्रों एवं बिलिंग केन्द्रों पर प्रतिदिन पी०एम० सूर्यघर योजना से संबंधित डेस्क भी लगायी जाये तथा लोगों को इसके लाभ के विषय में भी बताया जाये। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बागवानी का जो लक्ष्य तय किया गया है उसको प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। आम निर्यात के लिए भी कार्य करें। किसानों का क्लस्टर बनाएं अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करा कर एफपीओ के रूप में संगठित करें। सभी उत्पादकों को बेहतर मार्केटिंग प्रशिक्षण पैकेजिंग सप्लाई के संबंध में जानकारी दें। किसानों को केले के रेशे से विभिन्न उत्पाद बनाये जाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कुसुम योजना के संबंध में उपनिदेशक कृषि से जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही कर किसानों को लाभ दिए जाने की प्रति निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कराया जाये।

गायों को फल खिलाकर मनायी गयी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 20वीं पुण्यतिथि

सीतापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० रामलखन तिवारी की 20वीं पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पौत्र रवि तिवारी ने दाऊदपुर गौशाला पहुंचकर गौवंशो को फल, केला, चोकर खिलाकर उनको याद किया। तत्पश्चात गृह निवास कमलापुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० रामलखन तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम लखन तिवारी का जन्म 1906 में लहरपुर के पास सिरकिड़ा में किसान परिवार में किसान परिवार में हुआ था। इनकी प्राथमिक शिक्षा लहरपुर में हुई बाद में बनारस विश्वविद्यालय से इन्होंने ज्योतिष में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। विद्यार्थी जीवन मे उनका मन अंग्रेजों के अन्याय और अत्याचार से खिन्न रहता था। बाद में महात्मा गांधी और नेता सुभाष चंद्र बोस के विचारों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। अंग्रेजों की यातना उन्हें कर्तव्य पथ से डिगा नहीं पायी। उन्होंने अपनी आजादी का सपना साकार किया और कमलापुर कस्बे में आकर बस गये। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। यह बातें उनके पुत्र विजय किशोर तिवारी व पौत्र रवि तिवारी ने बताई। इस अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बीएचएनडी दिवस पर डीएम का औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। बांसी के शास्त्री नगर आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में कई खामियां पाई। केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का एमसीपी कार्ड नहीं बनाया गया था। आशा डायरी में भी अनियमितताएं मिलीं। फील्ड में भ्रमण किए बिना ही रिकॉर्ड अपडेट किए जा रहे थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ने सैम/मैम बच्चों का रजिस्टर तो बनाया था। लेकिन बच्चों को दिए गए पोषाहार की मात्रा और समय का स्पष्ट विवरण नहीं मिला। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई थी। परंतु उनके टीकाकरण और नियमित परीक्षण की निगरानी नहीं हो रही थी। बीएचएनडी दिवस पर गोदभराई या अन्नप्राशन जैसी कोई गतिविधि भी नहीं की गई। जिलाधिकारी ने एएनएम और आशा कर्मियों से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बाल श्रम के खिलाफ 6 दुकानों को नोटिस

सिद्धार्थनगर- बांसी में जिला टास्क फोर्स ने बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने बुधवार को 7 किशोर श्रमिकों को चिह्नित किया। इस दौरान 6 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस पाने वाले प्रतिष्ठानों में स्टार मोबाइल एंड रिपेयरिंग शॉप, केजीएन मुरादाबादी हैदराबादी बिरयानी, गुप्ता भोजनालय, राजा बिरयानी, मौर्या जी छोले भटूरे और साँवरिया स्वीट्स शामिल हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में बाल श्रम के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 42 नियोजकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के साथ एएचटीयू उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, उपनिरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद, मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव और मानव सेवा संस्थान से जय प्रकाश गुप्ता शामिल थे। जिला प्रशासन ने व्यवसाय संचालकों से अपील की है कि वे किशोरों और बालकों से कोई काम न कराएं। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जरूरतमंद छात्रों को शैक्षिक सामग्री बांटी

सीतापुर। विकासखण्ड पहला अंतर्गत बेहमा में बुधवार को सहयोग छात्र शिक्षा समिति के कार्यालय परिसर में बेहमा चैकी इंचार्ज दिनेश सिंह द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर श्री सिंह ने अमर सेन कक्षा 5, पुत्र शिव बालक निवासी श्यामपुर, अरुण कक्षा 7, पुत्र शिव बालक निवासी श्यामपुर एवं पूजा देवी कक्षा 3, पुत्री सोबरन, निवासी श्यामपुर को कॉपी व पाठ्य सामग्री प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चैकी प्रभारी श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन को एक नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। ऐसे विद्यार्थियों की मदद पहुंचाना समाज के हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। संस्था के प्रबन्धक धर्मेंद्र कुमार एवं कार्यालय प्रभारी आशीष कुमार सहित सभी सदस्यों ने चैकी इंचार्ज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है। इस संबंध में संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सहयोग छात्र शिक्षा समिति पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था द्वारा जरूरतमंद छात्रों को कोचिंग में सहयोग दिया जाता है। पुस्तकों एवं कॉपी कोर्स का वितरण किया जाता है। असहाय छात्रों को नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने में सहायता की जाती है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में अब तक 25 छात्रों को विभिन्न स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया है। 100 छात्रों को कॉपी कोर्स एवं 40 छात्रों को पुस्तकों का कोर्स वितरित किया गया है। जिसमें कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के छात्र शामिल हैं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य कुलदीप कुमार यादव, अनिल कुमार वर्मा, शिव बालक, अरुण कुमार, कृषक पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति द्वारा आगे भी इसी प्रकार के शैक्षिक सहयोग कार्यक्रमों को निरंतर चलाए जाने की जानकारी दी गई।

सुविधाओं से लैस हुआ सीएसची, मरीजों के चेहरे पर खुशी

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई के निर्देशन में डॉक्टर गोविंद गुप्ता और डॉक्टर विनय भदौरिया के कुशल नेतृत्व के चलते प्रतिदिन कई बच्चों का जन्म सकुशल तरीके से करवाया जा रहा है। इतना ही नहीं अस्पताल में होने वाले ऑपरेशन में मरीज को सभी सुविधाएं दी जा रही है जिससे मरीज और उनके तीमारदारों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है और उनके चेहरे पर साफ तौर पर खुशी दिखाई देती है। वहां पर भर्ती कई मरीज और उनके तीमारदारों से बात की गई जिसमे प्रमुख रूप से सालिया खातून पत्नी एहसान निवासी मीरटोला लहरपुर, रुचि शुक्ला पत्नी सत्यम निवासी मतुआ समेत करीब आधा दर्जन से अधिक मरीज और उनके तीमारदारों से बात की गई और उनसे वहां पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। जिस पर मरीजों और तीमारदारों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि सभी सुविधा निःशुल्क रूप से दी जा रही है और डॉक्टर के द्वारा बेहतर परामर्श और चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ है किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। आपको बताते चले कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई, डॉ गोविंद गुप्ता, डॉक्टर विनय भदौरिया, ओटी टेक्नीशियन सर्वेश कुमार, स्टाफ नर्स कल्पना त्रिपाठी समेत समस्त मेडिकल स्टाफ मरीज को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने बताया कि शासन की मंशा को ध्यांगत रखते हुए अस्पताल प्रशासन के द्वारा मरीज को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। हमारे सभी डॉक्टर्स टीम के द्वारा मरीज को बेहतर परामर्श और चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी प्रकार की दवाइयां अस्पताल से ही मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे कि मरीज को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

भू-माफिया के अवैध कब्जे से 2 बीघा सरकारी जमीन कराया गया मुक्त

सिद्धार्थनगर- प्रशासन ने भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की है। तहसील सिद्धार्थनगर के ग्राम रोमा पार में जल निगम की दो बीघा जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया। भू-माफिया शफीक ने वर्षों से इस जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा रखा था। कपिलवस्तु सदर विधायक श्याम धनी राही और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोविंद माधव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर तक चली इस कार्रवाई में दो बुलडोजर और 25 कर्मचारियों की टीम ने भाग लिया। प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को जल निगम के नियंत्रण में ले लिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, जेल चौकी प्रभारी अमित चौधरी और जल निगम के अवर अभियंता अविनाश यादव मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों को चेतावनी दी गई कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा या निर्माण गैरकानूनी है। भविष्य में ऐसी गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक राही ने कहा कि जिले में भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए यह कार्रवाई की है।

जलविहार कार्यक्रम संपन्न

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुतुबपुर के हुलासी खेड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद आयोजित होने वाले जल विहार कार्यक्रम में इस वर्ष भी वीर बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित जल विहार कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर राधा कृष्णा, सीताराम, हनुमान तथा अन्य देवी देवताओं की सुंदर झांकियों के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। झांकियों का ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। देर शाम भगवान कृष्ण की जल क्रीड़ा शेष नाग की नागनाथ लीला के साथ समापन हुआ। दिन में आल्हा गायन के साथ रात में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका लोगों ने रात भर आनंद लिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष दीपक कुमार, रोहित कुमार, विकास कुमार, संदीप कुमार, सुमित आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बेटे ने चुराये थे मां के जेवरात

● चोरी की झूठी कहानी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

उन्नाव। आये दिन चोरी होने के मामले आपने अक्सर सुने होंगे, और ये भी सुना होगा कि चोर अलमारी खोलकर या बक्से का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। लेकिन उन्नाव में जो मामला आया है वो सच से थोड़ा अटपटा और चैंकाने वाला है।

एक घर में सोने चांदी के जेवरात किसी तिजोरी व अलमारी में नहीं बल्कि एक टेडी बियर में हिफाजत के तौर पर रखे जाते थे। चोरी की वारदात हुई, चोर आया लेकिन न उसने अलमारी खोली न बक्सा वो केवल उसी टेडी बियर को लेकर फरार हो गया। जिसमें कीमती जेवरात रखे हुए थे। पीड़ित घर वालों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी और बताया कि अज्ञात चोरों ने घर में बल्लियों के सहारे चढ़कर उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जब इस चोरी की कहानी का पर्दाफाश हुआ तो पुलिस भी हैरान रह गई। क्योंकि उस घर में चोरी करने वाला कोई बाहरी नहीं एक मां का उसका बेटा ही निकला। दिखावा किया था। जिसने घर में चोरी करने का जानकारी मुताबिक घर के एक सदस्य को किसी अज्ञात जरूरत थी घर वालों ने मना कर दिया और बेटे ने चोरी की घटना को अंजाम दिया और पुलिस को चोरी की झूठी सूचना दे दी। पूरा मामला उन्नाव जनपद के ग्राम मासवासी का है 18 अगस्त को मंजू देवी पत्नी हरिश्चन्द्र ने थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव ने पुलिस को सूचना दी कि उनके द्वारा अपने घर के जेवरात को एक टेडी बियर में छुपाकर रखा गया था, दिनांक 17 अगस्त की रात्रि को समय करीब एक बजे अज्ञात चोर उनके घर में बल्लियों के सहारे चढ़कर उनके घर में रखे टेडी बियर को चोरी कर ले गये है जिसमें सोने व चांदी के जेवरात रखे हुये थे। सूचना पर थाना कोतवाली सदर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटना की तो जांच में सामने आया कि सूचनाकर्ता मंजू देवी के पुत्र सौरभ उम्र करीब 20 वर्ष ने जेवरात चुराकर घर की छत पर रख दिये थे। पूछताछ में सौरभ द्वारा बताया गया कि वह काम करने के लिये दिल्ली जाना चाहता था जिसके लिये उसे पैसो की जरुरत थी। घर वालों द्वारा उसे पैसे देने से मना कर दिया था जिसके बाद उसने जेवरात चुराकर छत पर छुपा दिये थे।

तीन युवकों को खंभे से बांधकर पीटा, पीड़िता ने बतायी आपबीती

सिद्धार्थनगर- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़िया गांव में 16 अगस्त की रात को हुई इस घटना में तीन युवकों को ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर पीटा। 15 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वह रात में शौच के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान डुमरियागंज के केदारनाथ कॉलोनी के तीन युवक स्कूटी से वहां पहुंचे। आरोपी आयुष मिश्र, मनीष और इशांत ने उसे जबरन स्कूटी पर बैठाने का प्रयास किया। लड़की के विरोध करने पर वे उसे पास के बगीचे की ओर खींचने लगे। ग्रामीणों ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पहले उनसे पूछताछ की और फिर बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई की। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया। शुरुआत में यह मामला डीजे डांस के विवाद से जोड़कर देखा जा रहा था। लेकिन अब पीड़िता और उसके परिजनों ने कैमरे के सामने आकर पूरी सच्चाई बताई है।

खराब कार्यशैली के चलते तत्कालीन सीएमएस भेजे गये कानपुर

जिला अस्पताल के कर्मचारी विनय यादव का अब तक नहीं लगा पता

उन्नाव। जिला अस्पताल में तैनात पूर्व सीएमएस एवं वरिष्ठ परामर्श दाता डा0 रियाज अली मिर्जा का तबादला कानपुर नगर हो गया है। उनके कार्यकाल के दौरान वार्ड ब्वाय पर गबन का आरोप लगा था। यह आरोप कोई छोटा आरोप नहीं था बल्कि पूरे 19 लाख 98 हजार 604 रुपए के गबन से जुड़ा था। चर्चाएं यहां तक थी कि पूर्व सीएमएस काफी समय से तबादले के लिए प्रयासरत थे। इसका प्रमुख कारण कहीं न कहीं लापता वार्ड ब्वाय की मां के द्वारा पूर्व में सीएम को दिया गया शिकायती पत्र भी बताया जा रहा है। जिसमें उसकी मां ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए पुत्र की खोजबीन करने व बेटे के अपहरण कर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। विनय यादव की मां फूलकेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र देकर सीएमएस डॉ रियाज अली मिर्जा, नेत्र सर्जन डॉ संजीव कुमार,

● लापता युवक मामले की जांच आगे बढ़ने की उम्मीद जगी

प्रधान सहायक जयनारायण यादव, वरिष्ठ सहायक निशांत बाबू, डाटाइंट्री ऑपरेटर हर्ष कुमार तिवारी तथा सेवा प्रदाता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पंकज कुमार के नाम रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर मामले की जांच की जाए। न ही मामले में एफआईआर दर्ज की गयी न ही मामले में जांच आगे बढ सकी। ऐसे में सीएमएस का स्थानांतरण कही अभयदान देने का कारण तो नही है।

● वॉयस ऑफ लखनऊ की खबर का असर...

इस बात की चर्चाएं बुधवार को जिलाअस्पताल में सुनने को मिली। हालांकि मामले को वॉयस ऑफ लखनऊ ने बेबाकी से उजागर किया। इतना ही नही अस्पताल की बिगडती व्यवस्थाओं पर लगातार समाचार लगाए गए। इसके बाद अधिकारियों से जवाबदेही तय की गयी। इसके बाद तत्कालीन सीएमएस एवं वरिष्ठ परामर्शदाता डा0 रियाज अली मिर्जा का स्थानांतरण यूएचएम चिकित्सालय कानपुर नगर में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता के रुप में हो गया है। अचानक से आयी सूची में जब रियाज अली मिर्जा का नाम शामिल मिला तो लापता युवक वाले मामले की चर्चाओं ने फिर से जोर पकड लिया हो। ऐसे मे पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे तत्कालीन सीएमएस के स्थानांतरण के बाद ही जांच में तेजी देखने को मिल सकती है। चर्चा यह भी थी कि उनके रहते यह जांच आगे नही बढ रही थी। इसी बीच उनके स्थानांतरण की खबर से कही न कही मामला खुलने की आस पुनः जगी है।

वीडियो वायरल, सीवीओ पर लगाये घरेलू काम कराने व मारपीट का लगाया आरोप

उन्नाव। पशु पालन विभाग में पूर्व के एक भ्रष्टाचार के मामले की जांच भले ही धीमी कर दी गयी हो। लेकिन विभाग अपनी किरकिरी कराने से बाज नही आ रहा है। अफसर जांच में हीलाहवाली कर रहे है। तो इधर बुधवार को एक अलग ही नाटक सोशल मीडिया पर देखने को मिला। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर देखने को मिला। वीडियों में युवक ने उन्नाव सीवीओ पर कपडे धुलवाने सहित खाना बनवाने व मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए है। अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। लेकिन मामले की जांच के बाद ही सही तथ्य सामने आने की चर्चा से भी इंकार नही किया जा सकता है। अस्पताल से युवक का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह अपनी बात कहता नजर आ रहा है। वीडियो में युवक कह रहा है, मेरा नाम महेश कुमार है। हम पशुपालन विभाग में फोर्थ क्लास में है। कईयों बार घटना हुई लेकिन आज मुझे इस हाल में आना पडा। मै हमेशा खाना बनाकर घर से

लेकर आता था। अगर मै कभी समय से नही पहुंचा तो मैने कहा सीवीओ साहब ड्राइवर को भेज दें खाना समय से पहुंच जाएगा। सीवीओ का नाम महावीर सिंह है। उक्त वीडियों में व्यक्ति कह रहा है कि मुझे सीवीओ ने जमकर मारापीटा और गाली गलौज किया। सवाल इस बात का खडा होता है कि अगर उक्त वीडियों में दिख रहा व्यक्ति पशुपालन विभाग में तैनात है तो उसके लगाए, आरोप की जांच जरुर होनी चाहिए। युवक द्वारा लगाए गए आरोप गंभीर व सरकारी नियमावली के विपरीत प्रतीत होते है। युवक ने सीवीओ महावीर सिंह पर मारपीट के गंभीर आरोप लगाये है। युवक ने बताया कि उसे हाथ व पैर से मारा पीटा गया। युवक ने यह भी आरोप लगाए है कि जीवन में जो काम नही किया उनका कपडा भी धोना पडा। उसने यह बताया कि हमारा काम उनको नास्ता कराना व कपडे धोना है। युवक ने वीडियों में बताया कि सीवीओ के पास इतना पैसा आ रहा है कि कोई थाह नही है। उनको तनख्वाह के अलावा भी बहुत कुछ मिलता है। इडायो फैक्टरी है मुर्गी फार्म है और उन्होने मुझे इतना मजबूर किया कि जिंदगी में पहली बार यह कदम उठाना पडा। मेरी पत्नी मेरे बच्चे यहां नही आ सकते है। ऐसे में अगर युवक के लगाए आरोप सही है तो सीवीओ का यह व्यवहार उचित है, इस पर भी चर्चाएं जोर शोर से हो रही है। इसके पूर्व भी बिना काम के ही पैसे पास कर देने का आरोप सीवीओ पर लग चुका है। वीडियों की जांच के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। मामले में सीवीओ महावीर सिंह से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया लेकिन उनसे बात नही हो पायी।

चोरी का माल बरामद, चोर गिरफ्तार

खेसरहा सिद्धार्थनगर। खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने चोरी/नकबजनी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में थाना खेसरहा पुलिस टीम द्वारा 9 को ग्राम मैथवलिया स्थित कालेश्वरी माता मन्दिर में रात को अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर दानपत्र चोरी कर लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर 09.08.2025 को मु0अ0स0 131/2025 धारा 331(4),305( ) इटर पंजीकृत किया गया था। 20 अगस्त को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त की पतारसी सुरागरसी/तलाश वांछित अपराधी की गिरफ्तारी में मामूर मुखबिर की सूचना पर ग्राम करमा बाबू से छोटकी अकोल्ही के बीच नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया चोरी के माल की बरामदगी के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। 01.विशाल हरिशचन्द्र जैसवार पुत्र हरिश्चन्द्र जैसवार निवासी छोटी अकोल्ही थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर बताया जा रहा।

संक्षेप

निर्माणाधीन मकान से समरसेविल चोरी

ललितपुर। बोरवेल से मोटर व विद्युत तार चोरी किये जाने का आरोप लगाते हुये निकटवर्ती ग्राम घटवार व हाल मोहल्ला तालाबपुरा निवासी संजीव कुमार दीक्षित एड. पुत्र प्रकाश नारायण ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके घटवार स्थित मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। बीती 5 अगस्त की शाम करीब 5.30 बजे जब वह कचहरी का काम निपटाकर अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचा तो वहां पड़ौसियों ने बताया कि उसके निमार्णाधीन मकान का ताला टूटा हुआ है। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो पाया कि वोरवेल से विद्युत मोटर सम्मर सेविल एवं विद्युत तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की सूचना एडवोकेट द्वारा तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गयी और लिखित सूचना चैकी मसौराकलां पुलिस को दी। पुलिस ने एडवोकेट की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

ललितपुर। जिले के ग्राम सतरवांस में एक बछड़े के घर में घुसने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष से कल्लू, रामसखी और उनके पुत्र राजेश बरया घायल हुए। दूसरे पक्ष से हरिराम और उनकी पत्नी रेखा को चोटें आईं। राजेश का आरोप है कि हरिराम, उनकी पत्नी रेखा और पुत्र अभिषेक ने उनके घर में घुसकर उन्हें और उनके माता-पिता पर लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला किया। वहीं दूसरे पक्ष के हरिराम का कहना है कि कल्लू और उनके परिवार ने उन पर हमला किया। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

छात्रा को सांप ने काटा, मौत

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के गांव बंट में कक्षा तीन की छात्रा की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष कुशवाहा की 7 वर्षीय पुत्री जानवी के रूप में हुई है। सोमवार रात जानवी तख्त पर सो रही थी। उसके परिजन जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। मंगलवार सुबह करीब 4.30 बजे जानवी की तबीयत अचानक बिगड ? लगी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानवी तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की बच्ची थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

मोटर साइकिल की टक्कर से चाचा की मौत, केस दर्ज

ललितपुर। मुख्यालय अंतर्गत निकटवर्ती गांव खोंखरा में रहने वाले राकेश पुत्र बृजलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 1 बजे उसके चाचा रामप्रसाद पुत्र पर्वत घर से निकलकर ललितपुर-कैलगुवां रोड से पैदल गांव अपनी साइड से आ रहा था। तभी ललितपुर की ओर से आ रही मोटर साइकिल जिसे थाना जखौरा के ग्राम बानौली निवासी शंकर सिंह पुत्र जाहर सिंह चला रहा था ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में उसके चाचा गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गये। सूचना मिलने पर वह अपने पिता बृजलाल, अंशुल पुत्र शिवलाल और गांव के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे, यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान रामप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने बताया कि मोटर साइकिल पर कोई नम्बर प्लेट नहीं थी। राकेश की तहरीर पर पुलिस ने शंकर सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

छात्रा के लापता होने का मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 12 बजे उसकी बहन जो कि दीपचंद्र चैधरी महाविद्यालय की छात्रा है, वह टैक्सी में कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी।

बताया कि कॉलेज के बाद भी वह अपने घर वापस नहीं पहुंची है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लापता हुयी छात्रा को लेकर बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

केजी टू पीजी का ध्येय लेकर चलिए : राज्यपाल

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बरसा सोना

जिला संवाददाता

आगरा। आगरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 91वां दीक्षांत समारोह में बुधवार को राज्यपाल आंनदीबेन पटेल पहुंचीं। दीक्षांत समारोह में इंडियन हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. केजी सुरेश भी मौजूद रहे। इस दौरान शिवाजी मंडपम में एसी नहीं चला। इससे गर्मी और उमस के चलते उपाधि वाले स्टूडेंट परेशान रहे और इन्विटेशन कार्ड से हवा किया। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने कहा- रिसर्च पर फोकस करना होगा। यूनिवर्सिटी में पेपर बदलना, बार कोड बदलना जैसे काम बंद कराने होंगे। ऐसे देश विकसित नहीं होगा। फर्जी डिग्री लेकर घूमने से देश को लाभ नहीं मिलेगा। यूनिवर्सिटी में ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें बंद कराने की जरूरत है। केजी टू पीजी का ध्येय लेकर चलिए। सिलेबस पर मंथन हो। 10 साल का विजन होना चाहिए।

वहीं कुलपति प्रो. आशु रानी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा- इस साल दीक्षांत समारोह दीक्षोत्सव के रूप में मनाया है। विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। 82 हजार से ज्यादा डिग्रियां दी जाएंगी। 144 पीएचडी डिग्रियां दी जाएंगी। नैक में विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिला, जो टीम वर्क का नतीजा है। विश्वविद्यालय की उपलब्धियां गिनाते हुए कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि इस साल समर्थ से एडमिशन लिए गए। सेंट्रल लाइब्रेरी के बारे में जानकारी दी। कहा कि हम वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए छात्रों को तैयार कर रहे हैं। पांडुलिपियों का संरक्षण शुरू हो चुका है। 15 से अधिक इंटरनेशनल एमओयू किए हैं। छात्रों का इसरो में भी चयन हुआ है। खेलो इंडिया के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। एक लाख से ज्यादा छात्रों को मोबाइल दिए गए हैं। 22 पेटेंट हुए हैं। दीक्षांत समारोह में बेस्ट टीचर रिसर्च डॉ. जैसवार गौतम, बेस्ट टीचर सोशल वर्क डॉ. अर्चना और बेस्ट टीचर ओवर ऑल प्रो. मनु प्रताप सिंह को अवॉर्ड मिला। राज्यपाल ने कहा- हम रिसर्च में पीछे हैं, लेकिन अब मैंने आदेश दिए हैं कि छात्र या शिक्षकों को रिसर्च के लिए एक लाख रुपए तक दो। सरकार की ग्रांट वापस नहीं जाना चाहिए। इसके लिए बदलाव जरूरी है, रिसर्च पर फोकस करना होगा। समर्थ पोर्टल से 200 करोड़ रुपए बचे हैं। इसके सभी मॉड्यूल का इस्तेमाल करना है। यूनिवर्सिटी में पेपर बदलना, बार कोड बदलना जैसे काम बंद कराने होंगे। ऐसे देश विकसित नहीं होगा। फर्जी डिग्री लेकर घूमने से देश को लाभ नहीं मिलेगा। यूनिवर्सिटी में ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें बंद कराने की जरूरत है। केजी टू पीजी का ध्येय लेकर चलिए। सिलेबस पर मंथन हो। 10 साल का विजन होना चाहिए। राज्यपाल बोलीं- गुजरात में खेले गुजरात हुआ था, जिसके बाद अब खेलो इंडिया हुआ है। हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है, प्रतिभा को निखारने के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। टैलेंट को पहचानना होगा। राजभवन के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अब बांसुरी भी सीख रहे हैं, स्केटिंग भी करते हैं और उनका अपना एक बैंड भी है। हमें सिर्फ यूनिवर्सिटी के दायरे में रहकर काम नहीं करना है। हर छात्र, हर शिक्षक बाहर निकले, जहां कुछ नहीं है वहां तक पहुंचें। अध्ययन तो है ही, लेकिन समाज की सेवा भी एक अध्ययन है। सफाईवाले के बच्चे को क्या सफाईवाला ही बनना चाहिए, इस सोच को बदलना होगा। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि- इस बार कई नए कार्यक्रम किए गए, पांच गांवों में कई प्रतियोगिताएं हुई। छोटे छोटे बच्चों ने निबंध लिखे, ऑपरेशन सिंदूर पर पेंटिंग बनाई। पानी के संरक्षण पर बोलते हुए कहा- छोटे-छोटे बच्चों ने हमें पानी बचाने का संदेश दिया। हमारे पूर्वजों ने पानी बचाया, जिसका आज हम उपयोग क र रहे हैं। यह संदेश सिर्फ यहां के लिए नहीं, बल्कि सबके लिए है। हमें सोचना होगा कि हम व्यक्तिगत रूप से कितना पानी बचा सकते हैं।

चकबंदी प्रक्रिया को लेकर डीएम ने ली बैठक

ललितपुर। जिलाधिकारी/ उपसंचालक चकबन्दी अपनदीप दुली ने चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत ग्रामों के कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक चकबन्दी आयुक्त द्वारा निर्धारित प्रारूप 01 लगायत 09 पर की गई। जनपद के ग्रामों में चकबन्दी कार्य की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य को तेजी से बढाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित चकबन्दी के सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए साथ ही चकबन्दी से संबधित कृषकों की

● दिये निर्देश

समस्या के बावत प्राप्त होने वाले परिवादों का समयबद्व रूप से परिवादीगणों की सुनवाई करते हुए गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने पर विशेष जोर दिया गया। बन्दोबस्त अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिले की चार तहसील पाली, मडावरा, महरौनी, ललितपुर के कुल 77 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया प्रचलित है। और इस वर्ष जनपद के चार ग्रामों में चकदारों को उनके नए चकों पर कब्जा देने की कार्यवाही करते हुए कब्जा परिवर्तन लगभग पूर्ण कर लिया गया है। माह मध्य जून से मानसूनी वर्षा प्रारम्भ हो जाने के फलस्वरूप उक्त कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई थी। लेकिन अब उक्त ग्रामों के कब्जा परिवर्तन उपरान्त बन्दोबस्त निर्माण की कार्यवाही आरम्भ करा दी गई है। इसके अलावा माह जुलाई में 10 ग्रामों में स्थल पर भूचित्र सशोंधन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनमें अब पडताल विनिमय अनुपात निर्धारण आदि कार्य करते हुए धारा-9 का प्रकाशन कर उक्त ग्रामों के कृषकों को पर्चा-5 का वितरण किया जाएगा। माह जुलाई में ग्राम खडेरा, खोखरा का धारा-9 का प्रकाशन करते हुए संबधिंत कृषकों को पर्चा-5 का वितरण किया गया। ग्राम जामुनधाना खुर्द का धारा-9 का प्रकाशन माह अगस्त के अंत तक प्रस्तावित है। ग्राम भगवाहा में धारा-20 का प्रकाशन करते हुए आकार पत्र-23 का वितरण ग्राम के चकदारों को किया गया है। ग्राम बमरौला का धारा-20 का प्रकाशन माह अगस्त के अंत तक प्रस्तावित है। तथा जनपद में 30 वर्ष से अधिक पुराने ग्राम नाराहट, बानपुर व सौजना हैं। ग्राम नाराहट में कब्जा परिवर्तन के बाद बदोबस्त निर्माण कार्य जारी है। ग्राम बानपुर में कब्जा परिवर्तन उपरान्त उपसंचालक द्वारा चक निगरानियों का निस्तारण कार्य किया जा रहा है। तथा ग्राम सौजना में नए चक बनाने हेतु आकार पत्र-23 बनाने का कार्य आरम्भ है। उक्त तीनों ही ग्राम जनपद के बहुत बडे ग्रामों में शुमार हैं लेकिन अब उक्त ग्रामों के कार्य को आगे बढाने हेतु तत्परता से कार्य किया जा रहा है। चकबन्दी लेखपाल की कमी के फलस्वरूप 14 ग्रामों में चकबन्दी कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। शेष 63 ग्रामों में चकबन्दी कार्य ग्राम के किसानों एवं चकबन्दी कमेटी का सहयोग लेकर किया जा रहा है। बैठक में एडीएम न्यायिक अशोक कुमार यादव, बंदोबस्त अधिकारी राकेश कुमार, फरहत अहमद, राजकुमार सिंह, आनंद प्रकाश, मसूद शेरवानी, अरविन्द कुमार, मो. आजम आदि मौजूद रहे।

अपर पुलिस महानिदेशक ने छात्रों को दिये प्रशस्ति पत्र

बांदा। भारत सरकार के युवा कार्य मंत्रालय से संचालित स्टूडेंट, पुलिस एक्सपिरिएंशल लर्निंग कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम

● स्टूडेंट, पुलिस एक्सपिरिएंशल लर्निंग कार्यक्रम

के बाद बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार ने सर्किट हाउस में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की और कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझावों को भी सुना। उन्होने छात्रों की सक्रिय भागीदारी करने और पुलिस जन सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने एसपीईएल फेस-2 कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक, क्षेत्राधिकारी अतर्रा, नोडल अधिकारी, एसपीईएल प्रोग्राम, क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार, कर्मचारी और प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

पीड़ित की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहना मेरी प्राथमिकता: एसडीएम

शहजाद अंसारी

बिजनौर। नवागत एसडीएम नितिन कुमार ने नगीना का चार्ज सभालते ही कहा कि पत्रकारों साथ समन्वय बनाकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होनें कहा कि उनके स्तर से राजस्व की हों या अन्य कोई समस्या हो उसे दूर करने का पूरा प्रयास किया जायेगा जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। नवागत एसडीएम नितिन कुमार ने नगीना का कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान अपने बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह मूल रुप से जनपद गाजियाबाद के निवासी है और वर्ष 2020 बेच के पीसीएस अधिकारी है। उन्होने बताया कि जनपद कासगंज, मैनपुरी के बाद बिजनौर जनपद में उनकी तीसरी तैनाती है। एसडीएम नितिन कुमार ने पत्रकारों से कहा कि वह समाज में सकारात्मक बदलाव चाहते है। तहसील स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए वह हर व्यक्ति के लिये हमेंशा उपलब्ध है। उन्होने आम जनता की समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने के प्रयास पर बल देते हुए कहा कि उनके स्तर से राजस्व की हों या अन्य कोई समस्या हो उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। एसडीएम नितिन कुमार ने कहा कि बिना किसी सिफारिश के कोई भी पीड़ित उनसे सीधा मिल सकता है उसे न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह सही काम करने के लिये प्रतिबद्ध है। एसडीएम नितिन कुमार कहा कि जल्द ही अवैध डग्गामार वाहनों, अतिक्रमण, अवैध कालोनी, अवैध खनन आदि के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाही की जायेगी। उन्होंने पत्रकारों से आहवान किया कि वह क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करें और जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराने का भी काम करें जिससे सभी समस्याओं का समाधान हो सके।

युवक को बाइक ने मारी टक्कर, झांसी रेफर

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम तेरई के मजरा मंगलपुरा में रहने वाले प्रभुदयाल पुत्र श्यामलाल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 10 अगस्त को शाम करीब 4 बजे उसका पुत्र सौरभ कुशवाहा अपनी साइकिल से घर आ रहा था। वह जैसे ही हाई-वे से मजरा तक पहुंचा कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.जे. 0510 के चालक ग्राम सुनौरी के मजरा खैरों निवासी अंकित रजक पुत्र वकील रजक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। घायलावस्था में उसके पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट और फिर झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है और उसकी साइकिल भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

खाद केंद्रों की जांच में खामियां, नोटिस जारी

बांदा। सदर तहसीलदार और उपकृषि निदेशक ने शहर के प्राइवेट खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण एवं स्टॉक का मिलान किया। कालूकुआं उमा खाद भण्डार में फर्म का वैनर, रेट लिस्ट बोर्ड नही मिला लेकिन स्टॉक का मिलान करने पर स्टॉक सही मिला। कालूकुआं की ही मोहिनी एग्रो एजेंसी दुकान बंद मिली। इस वजह से स्टॉक का मिलान नही हो सका। बलवान खाद बीज भण्डार तिंदवारी रोड में स्टॉक रजिस्टर से खाद स्टॉक का मिलान नही कराया गया। यहां कीटनाशक दवाओं का ठीक तरह से रख-रखाव भी नही मिला। इसी प्रकार केवटरा स्थित शिवहरे खाद बीज भण्डार फर्म का बोर्ड लगा नही मिला। जबकि खाद का रख-रखाव भी सही नही मिला, प्रकाश खाद भण्डार केवटरा का स्टॉक मिलान करने पर अधिकारियां ने सही पाया। इन चार फर्मों की मिली कमियों को दूर करने के लिए नोटिस जारी की गयी है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर न देने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश नियमों के अंतर्गत वैधानक कार्रवाई की जाएगी।

मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी 23 को

बांदा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, उद्यान कृषि विपणन, विदेश व्यापार और कृषि निर्यात की अध्यक्षता में मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी 23 अगस्त को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्रेक्षागृह में होगी। उप निदेशक कृषि ने बताया कि गोष्ठी में झांसी, प्रयागराज और चित्रकूट धाम मंडल इस औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में भाग लेंगे। गोष्ठी का शुभारंभ सवेरे 10 बजे से होगा। इसमें विभागीय अधिकारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, प्रगतिशील किसान, एफपीओ, उद्यमियों, निर्यातकों और कृषि वैज्ञानिक एग्रो क्लाइमेटिक जोनवार औद्यानिक फसल उत्पादन बढ़ाने की रणनीति, मूल संवर्धन तकनीक, निर्यात तथा विपणन व्यवस्था पर तकनीकी सत्र में चर्चा होगी। उन्होने मंडलीय गोष्ठी में पहुंचने की अपील की है। कहा है कि विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ एग्रो-क्लाइमेटिक जोनवार औद्यानिक फसल उत्पादन बढ़ाने की रणनीति एवं मूल संवर्धन तकनीक, निर्यात व विपणन व्यवस्था पर तकनीकी सत्र में दी गयी जानकारी का लाभ लें।

डीएम ने वीएचएनडी का लिया जायजा

बांदा। बड़ोखर ब्लाक के लामा गांव में बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित बीएचएनडी दिवस का जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निरीक्षण किया। उन्होने केन्द्र में मौजूद आशा व एएनएम से गर्भवती एवं बच्चों के वीएचएनडी दिवस में जांच एवं टीका लगाए जाने के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि आशाएं अपने गांव की गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर नियमित रूप से सभी जरूरी जांचें, बच्चों का वजन व टीकाकरण कार्य को पूरा करें।

उन्होने हाई रिस्क एवं गर्भवती महिलाओं की एएलसी जांच व अन्य विवरण रजिस्टर में दर्ज करने और उन्हे आयरन व जरूरी दवाएं समय से मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने वीएचएनडी केन्द्र में रखे पुराने सामान को हटाने और कमरे में पंखा, अन्य जरूरी व्यवस्थाएं कराने के निर्देश सहायक बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए। उन्होने नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सहायक बेसिक शिक्षाधिकारी, एएनएम और आशा मौजूद रहीं।

नीट परीक्षा में शानदार सफलता पर डॉ. दर्शिका वत्स को लोगों ने दी बधाई

जिला संवाददाता

नगीना, बिजनौर। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान की होनहार पुत्री डा0 दर्शिका वत्स ने एमबीबीएस ने देश की प्रतिष्ठित नीट (पीजी) परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने परिवार व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। दर्शिका वत्स की कामयाबी पर गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। अपर जिला एंव सत्र न्यायालय नगीना में कार्यरत अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) पंकज चैहान की होनहार सुपुत्री डॉ0 दर्शिका वत्स एमबीबीएस ने आल इंडिया लेवल की नीट पीजी की परीक्षा में 2228 रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में जनपद पीलीभीत जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ0 दर्शिका वत्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद को बताते हुए कहा कि वह एमडी मेडिसिन या रेडियोलॉजी में करके पीड़ितों की सेवा करना चाहती हैं। डॉ0 दर्शिका वत्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके पिता अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान को उनके शुभचिंतक वरिष्ठ अधिवक्ता मौ0 आरिफ खां, टीकम सिंह, अशोक त्यागी, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, फरीद खां, अजय शर्मा, अमित कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा कल्याणपुर वाले, शादाब अहमद, अरशद जावेद, शफीक अहमद, वरिष्ठ पत्रकार शहजाद अंसारी, मनीष राणा, अलीम सलमानी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

खजुराहो में फोटोग्राफी वर्कशॉप, एक्सपर्ट ने सिखाएं गुर

बांदा। फोटोग्राफर एसोसिएशन ने खजुराहो में कार्यशाला के जरिए विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया। उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन ने उत्साह एवं प्रकृति के साथ श्रीकृष्णा जंगल रिजॉर्ट खजुराहो में दो दिवसीय पिकनिक वर्कशॉप का आयोजन कर फोटोग्राफी की विधाओं को सीखा और सांस्कृतिक कार्यक्रम, खजुराहो भ्रमण कर प्राकृतिक वातावरण में मनाया। प्रसिद्ध प्री वेडिंग शूटर लखन आहूजा, देश के प्रसिद्ध सिनेमैटिक फोटोग्राफी एक्सपर्ट दिनेश जगबानी और कई सीनियर फोटोग्राफरों ने कार्यशाला में ओरली, बरवली तथा प्रैक्टिकल फोटोग्राफी के एंग्लो, वीडियोग्राफी के आयामों को जाना और खुद अपने कैमरों से शूटिंग कर एक्सपर्ट को दिखाया। उन्होने की गयी फोटोग्राफी और वीडियो में जो भी कमियां मिलीं उन्हे पूरा करते हुए किस तरह से कलर, करेक्शन, स्पीड अपर्चर को सेट कर फोटोग्राफी की ओर आकर्षित करने के नियम बताए। फोटोग्राफी पिकनिक वर्कशॉप में प्रयागराज जोन, चित्रकूट धाम मंडल सहित लगभग 15 से अधिक जिलों के एक सैकड़ा से अधिक वरिष्ठ छायाकारों ने भागीदारी कर खजुराहो वर्कशॉप को ऐतिहासिक बना दिया। संगठन के उपाध्यक्ष रूप श्रीवास्तव ने कहा कि फोटोग्राफी छूने का, महसूस करने का और प्यार करने का तरीका है। मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि फोटोग्राफी शब्द फोटोज और ग्राफी के मेल से बना है। ग्रीक भाषा में फोटोज का अर्थ प्रकाश और ग्राफी का अर्थ चित्रित करना होता है। प्रकाश के माध्यम से जो भी चित्रित किया जाए फोटोग्राफी कहलाता है। इस दौरान संजय सागर, अमृतलाल गुप्ता, मयंक तिवारी, शुभम शुक्ला, मेहेरबान खान, लाइव टेलीकॉस्ट अभिषेक सोनी, राकेश प्रजापति, अशोक कुमार आदि वरिष्ठ अनुभवी छायाकारों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुभकामनाएं दी गयीं।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जयंती पर किया याद

ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे जिला अस्पताल में भारतरत्न, कम्प्यूटर युग के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई गई, जिस मे सबसे पहले कांग्रेस कर्यकर्ताओ ने राजीव गांधी के चित्र पर मल्यार्पण कर याद किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि राजीव बताये गये रास्ते पर चल कर ही देश को खुशहाली के रास्ते पर ले जा सकते है। उन्होंने कहा कि देश आई.टी. क्षेत्र मे सबसे पहले ले जाने के कारण ही देश मे कम्प्यूटर और मोबाइल के क्षेत्र में व आई.टी.क्षेत्र देश प्रगति हो सकी उन का योगदान देश कभी भूल नहीं सकता। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी की दूर दर्शी सोच के कारण ही आज पंचायती राज देश मे लागू हो सका,

● कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल जाकर मरीजों को बांटे फल

जिससे गरीब जनता को आर्थिक लाभ गरीब वंचितों को मिल सका और ग्राम सभाओं में समृद्धि आयी। महासचिव मु.इमरान ने कहा राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच से आज युवा वर्ग को बोट देने का अधिकार प्राप्त हो सका। 18 साल के युवाओं को पहली बार वोट देने का अधिकार दिया वह चाहते थे, कि हमारे देश का युवा आगे बड़े और देश समृद्धिशाली बने जो युवा देश तरक्की में योगदान दे रहा है। उसे सरकार चुनने का अधिकार भी हो। आज 18 साल का वोटर सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंत मे अभी कांग्रेस कार्यकताओं ने अस्पताल मे पहुंच कर मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, जिला महिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, संजीव चैरसिया, रामसिंह यादव, मु.इमरान, मु.असलम रफीक अली, खलकसिंह राजपूत, दीपक रायकवार, संदीप बबेले, प्रेमशंकर गुप्ता, महेश रजक, शिशुपाल नामदेव, समरथ कुशवाहा, कृपाल सिंह, दयाराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

महिला ग्राम प्रधान का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

स्योहारा, बिजनौर। महिला प्रधान का शव उनके घर में बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना से परिवार में कोहराम और गांव में गमगीन माहौल बन गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही के लिए जांच शुरू कर दी है। स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेवा नवादा की महिला ग्राम प्रधान राहिल (40 वर्ष) पत्नी इशरत का शव उनके घर में बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने परिवार व आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि घटना के कारण का पता लग सके। पुलिस का कहना है कि मांमले में हर पहलू पर जाचं की जा रही है जल्द खुलासा कर दिया जायेगा।

PCF जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., गाजीपुर

पत्रांक: पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/182 दिनॉक:-20.08.2025

निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 28.08.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(श्रीनिवास यादव)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-गाजीपुर
मो.नं.- 8765984620 - ds.gaziuppcf@gmail.com

PCF जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., वाराणसी

पत्रांक: पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/324 दिनॉक:-20.08.2025

निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 28.08.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(सौजन्य त्रिपाठी)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-वाराणसी
मो.नं.- 8765984590 - dsvns.pcf@gmail.com

संवाद बनाये रखें

ट्रंप के नेतृत्व में अमरीका की बागडोर आजकल ऐसे लोगों के हाथ में है मानवीय, समावेशी और लोकतांत्रिक मूल्यों और कारोबार के नैतिक सिद्धांतों से कोई मतलब नहीं है। मागा के नाम पर ट्रंप के पीछे सामंती और एलीट सोच के ऐसे लोग जमा हैं जो दुनिया भर के संसाधनों को खींचकर अमरीकी लोगों के ऐसोआराम के लिए जुटाना चाहते हैं। ऐसे लोगों से न्यायपूर्ण और बराबरी की अपेक्षा करना, राष्ट्रीय संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों के सम्मान बात करना नादानी है। इसलिए भारत सरकार को अमरीकी टैरिफ पर कोई विशेष प्रतिक्रिया जताने के बजाय चुपचाप नये व्यापारिक साझेदारों की तलाश करनी चाहिए और राष्ट्रीय संसाधनों, युवाशक्ति को नियोजित कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाना चाहिए। ट्रंप का समय अगले 38 महीनों में बीत जायेगा और फिर अमरीकी नीतियों के व्यापक बदलाव आयेगा क्योंकि ट्रंप की नीति का अमरीका में ही भारी विरोध है। इस बीच भारत को जहां अपनी आर्थिक प्रगति, सैन्य सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए वहीं अमरीका के साथ भी संवाद को बनाये रखना चाहिए। ऐसा प्रतीत नहीं होना चाहिए कि भारत प्रतिक्रिया स्वरूप चीन

के खेमे में चला गया है और अमरीका को चुनौती देना चाहता है। दरअसल चीन से भारत को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। चीन बदमाश देश है और वह इतनी आसानी से सुधर जायेगा ऐसी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसलिए अमरीका के साथ बेहतर रिश्तों के लिए संवाद बनाये रखना चाहिए। अगर इस संवाद में अमरीका टैरिफ घटाने पर सहमत होता है तो ठीक है। ट्रंप नहीं भी माने तो जब वे हटेंगे तो बात बनेगी। फिलहाल ट्रंप ऐसे-ऐसे भारत विरोधी सलाहकारों से घिरे हैं जो उनको हमेशा भारत के खिलाफ उकसाने, भरमाने का काम करते हैं। बीते दिनों व्हाइट हाउस के व्यापार और विनिर्माण सलाहकार पीटर नवारो ने एक लेख लिखा। यह लेख बताता है कि अमेरिका भारत को लेकर क्या सोच रखता है और भारतीय पक्ष को अनुकूल व्यापार समझौते के लिए बातचीत करते हुए किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन के रुख के साथ बुनियादी समस्या यह है वे तर्क, निष्पक्षता, दीर्घकालिक दृष्टिकोण और आर्थिक आधारों से एकदम दूर हैं। नवारो ने मुख्य रूप से भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी के अतिरिक्त शुल्क को जायज ठहराया। उन्होंने कहा, यह दोहरी नीति भारत को उस जगह असल चोट पहुंचाएगी जहां उसे सबसे अधिक कष्ट होगा यानी अमेरिकी बाजारों तक पहुंच घटेगी। यह कहा गया कि अमेरिकी उपभोक्ता भारतीय वस्तुएं खरीदते हैं जबकि भारत इससे हासिल डॉलर का इस्तेमाल किफायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए करता है और उसे परिशोधित करके पूरी दुनिया में बेचता है। ऐसी धारणा तैयार की गई कि भारत की वित्तीय सहायता के जरिये रूस यूक्रेन में जंग जारी रखे हुए है जबकि अमेरिका और यूरोपीय करदाताओं को यूक्रेन के बचाव के लिए अरबों डॉलर की राशि खर्च करनी पड़ रही है। अगर यही बात है और अमेरिका का इरादा रूस को वित्तीय मदद पहुंचने से रोकना था तो वह रूसी तेल खरीदने वाले सभी देशों पर जुर्माना लगा सकता था। इन देशों में चीन भी शामिल था जो भारत की तुलना में रूस से बहुत अधिक तेल खरीद रहा है। बहरहाल, ट्रंप प्रशासन ने इस तथ्य की पूरी तरह अनदेखी कर दी। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि चीन की ओर से प्रतिरोध की आशंका है। इतना ही नहीं, रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदारों में एक तुर्किये तो नाटो का सदस्य भी है। दरअसल यह मुद्दा केवल तेल खरीदने का नहीं है। यह कदम अमेरिकी प्रशासन द्वारा सहयोगी और मित्र देशों में अस्थिरता पैदा करने का एक नायाब उदाहरण है। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत को विवेक और संयम से आगे बढ़ना होगा। चीन के साथ हमारी साझेदारी सिर्फ फायदे वाली होनी चाहिए जो कि अभी घाटे में है और वैसे भी चीन से कुछ मिलना नहीं है। संबंध सुधारने में कोई दिक्कत नहीं लेकिन दीर्घकालिक सहयोगी चीन नहीं अमरीका ही होगा।

विचार

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण बनाम दक्षिण

लोकमित्र गौतम

> बी सुदर्शन रेड्डी अपने वाम झुकाव वाले लोकतांत्रिक रुख के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कई निर्णयों में कमजोर तबके की ओर अपना रुख स्पष्ट रूप से दिखाया है। इस तरह देखें तो जीत न पाने की सच्चाई के बावजूद बी सुदर्शन रेड्डी विपक्ष के मजबूत वैचारिक उम्मीदवार हैं और इसका विपक्ष को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है।

आगामी 9 सितंबर 2025 को होने वाले 17वें उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भी बीते कल यानी 19 अगस्त 2025 को अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। ये सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी होंगे, जो एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की ही तरह दक्षिण भारत से हैं और उनकी ही तरह एक स्पष्ट वैचारिक स्टैंड लेते हैं। जहां सीपी राधाकृष्णन 17 साल की उम्र से ही आरएसएस से जुड़कर उसकी विचारधारा के समर्थक हैं, वहीं बी सुदर्शन रेड्डी अपने वाम झुकाव वाले लोकतांत्रिक रूख के लिए जाने जाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आंकड़ों के लिहाज से सीपी राधाकृष्णन का जीतना लगभग तय है। लेकिन इंडिया गठबंधन ने उनके विरुद्ध बी सुदर्शन रेड्डी को उतारकर इसे महज वैचारिक ही नहीं बल्कि दक्षिण बनाम दक्षिण की रोचक लड़ाई में बदल दिया है। जो लोग अब के पहले तमिलनाडु से आने वाले सीपी राधाकृष्णन को वोट करने के लिए डीएमके की समीकरणात्मक मजबूरी मान रहे थे, वह समीकरण अब पूरी तरह से उलट गया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को एक सिद्धांतवादी न्यायाधीश करार दिया है, जिनकी सजगता और संवैधानिकता पर उन्हें और उनकी पार्टी को श्रद्धा है। मतलब साफ है कि एनडीए सीपी राधाकृष्णन के लिए राज्य के प्रत्यशी होने के चलते दबाव वश डीएमके के जिस समर्थन की उम्मीद कर रहा था, एमके स्टालिन ने उस पर पानी फेर दिया है। उन्होंने बी सुदर्शन रेड्डी को एक लोकतांत्रिक, संवैधानिक मूल्यों और बहुलतावाद में विश्वास रखने वाला सजग व्यक्ति बताया है और उन्हें उम्मीद है कि रेड्डी संसद में विपक्ष की आवाज को उचित स्थान दिलायेंगे। स्टालिन के मुताबिक उनकी उम्मीदवारी समय के संदर्भ से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं। अगर आंकड़ों के लिहाज से देखें तो कल यानी 21 अगस्त 2025 को अपनी उम्मीदवारी का नोमिनेशन फाइल करने जा रहे रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस 79 वर्षीय बी सुदर्शन रेड्डी के जीतने के कतई आसार नहीं हैं। क्योंकि उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के लिए 391 वोटों की जरूरत होगी जबकि एनडीए के पास फिलहाल जरूरत से 31 वोट ज्यादा हैं। लोकसभा के कुल 543 सदस्यों में से एक सीट खाली है, इसी तरह राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से 5 सीटें खाली हैं। इस तरह कुल मौजूदा वोट ताकत 782 बनती है।

सामयिक

अतः जीतने के लिए किसी भी उम्मीदवार को कुल 391 वोट चाहिए होंगे, जबकि एनडीए के पास वर्तमान में कुल 422 सदस्य हैं यानी बहुमत से उसके पास 31 सांसद ज्यादा हैं। जबकि इंडिया गठबंधन के पास कुल 312 सांसद हैं यानी उसके पास बहुमत से 79 सांसद कम हैं। जबकि इन दोनों गठबंधनों के इतर 48 सांसद हैं, जो किसी भी गठबंधन में नहीं हैं। लेकिन अगर हम मान लें कि ये सभी बी सुदर्शन रेड्डी को वोट कर भी दें, तब भी इंडिया गठबंधन के समर्थकों की कुल संख्या 360 तक ही पहुंचेगी यानी उसे बहुमत के लिए 31 सांसदों की अब भी कमी होगी। इसलिए यह तो साफ है कि यूपीए उम्मीदवार के जीतने की दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। लेकिन इंडिया गठबंधन चाहता है कि वह मजबूत विपक्ष दिखे और देश को यह मैसेज जाए कि वैचारिक लड़ाई में विपक्ष ने किसी भी कीमत पर मैदान नहीं छोड़ा। इसलिए कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति पद की यह लड़ाई जोरदार ढंग से लड़ना चाहता है। इसके पीछे एक मकसद इस साल के अंत में बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भी मतदाताओं को अपनी मजबूत रणनीति का संदेश देना है। दरअसल कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन के लिए उपराष्ट्रपति पद की यह लड़ाई इसलिए भी जरूरी हो गई है, क्योंकि एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन से संबंध है और विपक्ष अपने समर्थक मतदाताओं को यह संदेश देना चाहता है कि वह एक ऐसे घोषित संगठन के सदस्य को वॉकओवर नहीं दे सकता, राहुल गांधी दिन रात जिसकी जबर्दस्त आलोचना करते हैं। विपक्ष का कहना है कि उपराष्ट्रपति पद का देश के संविधान से विशेष जुड़ाव होता है और इस समय देश में संविधान की सत्ता खतरे में हैं, इसलिए वह एक संविधानवादी न्यायाधीश को अपना उम्मीदवार बनाकर देश को संदेश देना चाहता है कि संविधान पर उसकी गहरी आस्था है।

एक बात यह भी ध्यान देने वाली है कि उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में व्हिप लागू नहीं होता यानी कोई पॉलिटिकल पार्टी अपने सदस्यों को गाइडलाइन या किसी किस्म का आदेश नहीं जारी कर सकती कि वह उसे ही वोट देगा। इसलिए यह उम्मीद की जा सकती है कि क्रॉस वोटिंग के जरिये कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीत सकता है। मगर जहां तक व्यहारिक ताकत की बात है तो वह फिलहाल विपक्ष के पास नहीं है कि सत्ता पक्ष या दोनों पक्षों से अलग रहने वाले सांसद क्रॉस वोटिंग करके इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को वोट करें। हालांकि रिटायर्ड न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी अपने एक फैसले की वजह से वाम झुकाव रखने वाले राजनीतिक धड़ों के पसंदीदा उम्मीदवार हैं। दरअसल साल 2005 में जब छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार थी, उन दिनों छत्तीसगढ़ में 'सलवा जुडूम' नामक एक आदिवासी संगठन बनाया गया था और यह प्रचार किया गया था कि यह संगठन आदिवासियों के भीतर की स्वतःस्फूर्त प्रक्रिया से जन्मा है, जिसका उद्देश्य नक्सलियों के खिलाफ गोलबंद होकर लड़ना है। लेकिन लंबी न्यायिक लड़ाई के बाद साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी और न्यायमूर्ति एसएस निज्जर की पीठ ने सलवा जुडूम को एक अवैध और असंवैधानिक संगठन करार दिया था। कोर्ट ने तब कहा था, 'सरकार गरीब आदिवासी युवाओं को हथियारबंद करके नक्सलियों से लड़ने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकती।' वास्तव में मानवाधिकार कार्यकताओं ने आरोप लगाया था कि सलवा जुडूम के नाम पर राज्य सरकार आदिवासी युवाओं को न सिर्फ नक्सलियों से लोहा लेने के लिए आगे कर देती है बल्कि नक्सल प्रभावित इलाकों में हजारों आदिवासियों को अपनी दादागिरी के चलते इस संगठन के कारण अपने गांव और घर छोड़कर राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर कर दिया था। दरअसल यह संगठन राज्य सरकार ने पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की मदद से निर्मित किया था और उसका कहना था, आदिवासियों के बीच से स्वतःस्फूर्त आधार पर यह संगठन अस्तित्व में आया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की उस पीठ ने जिसमें न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी और न्यायमूर्ति एसएस निज्जर थे, इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा सरकार गरीब आदिवासी युवाओं को इस तरह हथियारबंद करके नक्सलियों से लड़ने के लिए आगे नहीं कर सकती। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के विरुद्ध है।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया कि उन्होंने सलवा जुडूम संगठन में जिन आदिवासी युवाओं की विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में भर्ती की है, उन्हें तुरंत डिसमिस किया जाए और सलवा जुडूम को बंद किया जाए। वास्तव सलवा जुडूम शब्द स्थानीय गोंडी भाषा का है, जिसका मतलब होता है, 'शांति अभियान'। जबकि सर्वोच्च अदालत ने इसे राज्य समर्थित सशस्त्र मिलिशिया आंदोलन माना था। वास्तव में तब से ही कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों के लिए बी सुदर्शन रेड्डी चहेते न्यायाधीश के रूप में उभरे थे। उनके नाम की घोषणा करते हुए मलिकार्जुन खड़गे ने कहा भी है कि वह 'गरीबों के हमदर्द न्यायाधीश' रहे हैं।

सोशल मीडिया

चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर मतदाताओं के मन में उत्पन्न संदेह को दूर करना चुनाव आयोग के हित में है बतायी गयी कमियों का समाधान हो सकता है। शशि थरूर.

राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार श्री सीपी राधाकृष्णन जी संघर्ष के मार्ग पर चल कर राजनीति में आगे बढ़े हैं और लोगों का प्रतिनिधित्व भी करते रहे हैं। अमित शाह.

वोट चोरों से वोट के अधिकार को बचाने के लिए लोकतंत्र, संविधान को सुरक्षित रखने के लिए आज सासाराम की ऐतिहासिक धरती से वोट अधिकार यात्रा का आगाज। तेजस्वी यादव.

बुराइयों से मुक्ति

अंतर्दृष्टि

वासनाएं इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात!

अशोक गौतम

हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!

देश के छोटे शहरों, कस्बों से निकलते बड़े खिलाड़ी

खेल जगत

यह कहानी है एक ऐसी लड़की की जो छोटे से शहर से बड़े सपने लेकर निकलती है, पारिवारिक विरोध से लेकर लगभग हर प्रकार की विपरीत स्थितियों का सामना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सफलता हासिल करती है। यह कहानी है भारत की वुशु एथलीट नम्रता बत्रा की, जिन्होंने हाल ही में चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीता है। वर्ल्ड गेम्स में वुशु स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है।

नम्रता का जन्म इंदौर के एक पुरातनपंथी परिवार में हुआ था। वह मार्शल आर्ट्स में अपना करियर बनाने की इच्छुक थीं, लेकिन उनके दादा-दादी ने इस बात का जबरदस्त विरोध किया। उन्हें इस खेल से जुडी धारणाओं, विशेषकर छोटे कपड़ों को लेकर चिंता थी। वह नहीं चाहते थे कि उनकी पोती ट्रेनिंग व प्रतियोगिताओं के दौरान बिना बाहों की बनियान व मैचिंग नेकर पहने। उनके लिए यह अर्द्धनग्न अवस्था थी, अजनबी पुरुषों के सामने, जिससे उनके खानदान की 'बदनामी' होती। उन्हें यह भी डर था कि अगर इस खेल में नम्रता के शरीर, खासकर चेहरे पर कोई गंभीर चोट आ गई, तो उसके ब्याह में अवरोध उत्पन्न होंगे। लेकिन नम्रता के व्यापारी पिता संजय बत्रा ने अपनी बेटी का निरंतर साथ दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि समाज का दबाव उसकी महत्वाकांक्षा और देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने में बाधक न बने। नतीजतन 12 अगस्त 2025 को नम्रता ऐसी पहली भारतीय बनीं जिन्होंने वुशु में वर्ल्ड गेम्स पदक हासिल किया है। चेंगदू, चीन में नम्रता 52 किलो (सांडा) के महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने रजत पदक जीता। भारत ने वर्ल्ड गेम्स के विभिन्न सत्रों में अभी तक कुल सात पदक जीते हैं- 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य। लेकिन चार वर्षीय मल्टीस्पोर्ट्स प्रतियोगिता के 44-वर्षीय इतिहास में वुशु में यह पहला पदक है। चूंकि कामयाबी से मीठी कोई शय नहीं होती, जैसा कि अमेरिकी कवियत्री एमिली डिकनसन ने कहा था, यह विरोधियों को भी समर्थक बना देती है, इसलिए आज नम्रता के दादा दादी को भी उसकी उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है। जब उन्होंने अखबारों व वेबसाइट्स पर अपनी पोती की तस्वीरें पदक के साथ देखीं तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। अब वह सबको बताते घूम रहे हैं कि नम्रता उनकी पोती है, उसने चीन में पदक जीता है। चीन से लौटने के बाद नम्रता ने बताया, 'मेरा संबंध एक बड़े संयुक्त परिवार से है। मेरे दादा दादी को यह पसंद नहीं था कि अपने सपने को साकार करने के लिए मैं शॉर्ट्स व स्कर्ट्स पहनूं। शुरूआत में उन्होंने मुझ पर बहुत पाबंदियां लगायीं और वह मुझे अकेले ट्रेनिंग के लिए भी नहीं जाने देते थे। किसी भी प्रतियोगिता में उन्होंने मुझे कभी अकेले नहीं जाने दिया। उनको बस यही चिंता रहती थी कि लोग क्या कहेंगे? उन्हें समाज का बहुत अधिक डर था। वह तो केवल यह चाहते थे कि मैं अच्छी शिक्षा प्राप्त करूं, अच्छे नंबर लाऊं ताकि मुझे कहीं स्थायी नौकरी मिल जाये और किसी अच्छे घर में रिश्ता हो जाये। लेकिन मेरे कॅरियर च्वॉइस में मेरे पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया, मेरी मदद की। वह पहाड़ की तरह मेरे साथ खड़े रहे और मेरे इस फैसले का समर्थन किया कि मैं मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी बनना चाहती हूं। आज मेरे दादा दादी व वह लोग जो मेरा विरोध करते थे, मेरी उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं। अब मेरी यात्रा में मुझे उनका पूर्ण समर्थन प्राप्त है।'

इसमें शक नहीं है कि नम्रता का सीवी प्रभावी है। वह देश की प्रमुख वुशु (सांडा) खिलाड़ी है और अनेक घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। चीनी मार्शल आर्ट्स वुशु को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है- ताओलू यानी खाली हाथों या हथियारों से कोरियोग्राफ किया गया रूटीन और सांडा यानी पूर्ण संपर्क युद्ध। वुशु का इतिहास हजारों साल पुराना है जो किन राजवंश तक पहुंचता है। अब यह एशियन गेम्स में भी शामिल है और इसकी विश्व चैंपियनशिप भी 1991 से नियमित आयोजित हो रही है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीतने के अतिरिक्त नम्रता ने पिछले साल एशियन चैंपियनशिप्स में भी रजत पदक जीता था और इस साल के शुरू में एशिया कप में कांस्य पदक जीता था। मास्को वुशु स्टार चैंपियनशिप्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था और नेशनल गेम्स के दोनों उत्तराखंड व गुजरात सत्रों में भी वह पोडियम तक पहुंचीं। नम्रता 2015 से 2018 तक जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन रहीं और सीनियर वर्ग में भी उनकी यह कामयाबी जारी रही कि 2018 से 2021 तक 48 किलो वर्ग के स्वर्ण पदक उनके हिस्से में आये। इसके बाद 2022 से वह 52 किलो वर्ग में खेल रही हैं और अपनी सफलता को निरंतर जारी रखे हुए हैं। **सारिम अन्ना.**

आपकी बात

आर्थिक विषमता को घटायें

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

मनोज कुमार वर्मा, लखनऊ.

शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग छात्रों के लिए बहुत ही मददगार होती है। सरकार को शिक्षा में सुधार के लिए सभी शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग सुनिश्चित करनी चाहिए। निर्फ रैंकिंग उन छात्रों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है जो कक्षा 12 पास कर उच्च शिक्षा में दाखिले का प्रयास कर रहे हैं। निर्फ रैंकिंग उच्च शिक्षा की दहलीज पर खड़े छात्रों के लिए एक गाइड की तरह है, जो उनको भविष्य की राह चुनने में बहुत मददगार साबित हो रही है। लेकिन जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा की दृष्टि से निर्फ रैंकिंग में खोजते हैं, तो सिर्फ और सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्तर प्रदेश राज्य में स्थिति संस्थानों की संख्या निर्फ रैंकिंग में बहुत कम है। अगर संपूर्ण निर्फ रैंकिंग को देखा जाये तो ओवरऑल रैकिंग में प्रदेश के आठ संस्थान मौजूद हैं। इसी तरह इंजीनियरिंग, विधि, चिकित्सा और प्रबंध जैसे कैटेगरी में भी प्रदेश के संस्थान मौजूद हैं, लेकिन जो सबसे निराशाजनक बात है वह यह कि निर्फ ओवरऑल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का एक भी राज्य विश्वविद्यालय मौजूद नहीं है।

आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

जिला उद्यान विकास समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच । उद्यान विभाग के अन्तर्गत जनपद में स्थापित राजकीय इन्दिरा उद्यान, कपूरथला एवं राजकीय स्वर्ण जयन्ती पार्क, बभनी, बहराइच को आकर्षक बनाये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम राजकीय स्वर्ण जयन्ती पार्क, बभनी रिसिया में अध्यक्ष/उपनिदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा श्रीमती गीता त्रिवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित ह्यह्यजिला उद्यान विकास समितिह्लह्ल की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जनपद स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा द्वारा पार्क को आकर्षक बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सुझाव दिया गया कि पार्कों में साउण्ड, सीसीटीवी कैमरे, पाथ-वे व अन्य कार्य को क्रिटिकल गैप योजना से कराये जाने हेतु जिलाधिकारी से अनुरोध किया जाय। बैठक के अन्त में समिति के सचिव/जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य, योजना प्रभारी पंकज वर्मा सहित परशुराम सिंह कुशवाहा, राजीव कुमार वर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

आधुनिक भारत के शिल्पकार थे राजीव गांधी: डॉ. निर्मल

जिला संवाददाता

अयोध्या। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती आज कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी न केवल भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे बल्कि वे आधुनिक भारत के शिल्पकार भी थे। उनके कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति, दूरसंचार व्यवस्था का विस्तार, पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं एवं पिछड़े वर्गों को आरक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिनका लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है। डॉ. खत्री ने उन्हें मृदुभाषी, दूरदर्शी और प्रगतिशील नेता बताते हुए कहा कि उनकी सोच आने वाली पीढ़ियों को हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी जी ने भारत को 21वीं सदी की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया और गरीब, किसान, नौजवान तथा महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कीं। संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने भारत में सूचना क्रांति के अग्रदूत, पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा। उन्होंने पंचायती राज को मजबूत कर लोकतंत्र में अपनी गहरी आस्था को साकार किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, उग्रसेन मिश्रा, राजकुमार पांडे , राम अवध पासी, अनिल तिवारी बसंत मिश्रा अशोक कनौजिया हरजीत सिंह सलूजा शैलेंद्र मणि पांडे नाजिश फातिमा, भीम शुक्ला, राकेश तिवारी ,विकास मिश्रा, अवध बिहारी लाल, अशोक कुमार शर्मा, कवींद्र साहनी, धीरेंद्र नाथ वर्मा डॉक्टर विनोद गुप्ता, उमेश उपाध्याय, दानिश जिया, अशोक राय प्रेम कुमार पांदेय, धर्मेंद्र सिंह फास्टर आदि उपस्थित रहे।

मिट्टी की ढाय में एक ही परिवार के पांच सदस्य दबे, एक की मौत

आगरा। बाह क्षेत्र के बटेश्वर में खुदाई करने के दौरान मिटटी धंसने से एक ही परिवार के 5 लोग दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। गांव वालों की मदद से दबे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह पहुंचाया गया। एक महिला की मौत हो गई। बाकी के घायलों की गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहल्ला पजाया निवासी एक परिवार के 5 लोग शाम को मिट्टी निकालने गए थे। वे मिट् ?टी निकाल रहे थे। तभी मिटटी धंसने से ढाय गिर गई।

सभी मलबे में दब गए। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान इंद्रावती पत्नी वासुदेव (उम्र 45 वर्ष) निवासी मोहल्ला पजाया बटेश्वर के रूप में हुई है। वहीं घायलों के नाम आरती (25), कल्याण सिंह, नव्या और अंजलि हैं। ढाय धंसने की जानकारी मिलते ही परिवारजन और ग्रामीण मदद को दौड़ पड़े। उन्होंने दबे हुए लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया।

मिल्कीपुर में बनेगा बाबा गहनाग उपवन

जिला संवाददाता

अयोध्या। विधानसभा क्षेत्र मिल्कीपुर के अहिरौली-सलौनी में बाबा गहनाग उपवन का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर पीपल, बरगद, नीम, अशोक और गूलर सहित कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अभियान में विद्यालय के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

- पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने चलाया पौधरोपण अभियान

लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ह्लप्रकृति का संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब हम पेड़ लगाते हैं, तो केवल हरियाली ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार भी तैयार करते हैं। बाबा गहनाग उपवन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह उपवन न केवल पर्यावरण संतुलन बनाएगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र भी बनेगा।ह्वउन्होंने बताया कि उपवन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे और इनके संरक्षण की विशेष व्यवस्था होगी।

उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों से अपील की कि वे भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ें और पौधों को अपने बच्चों की तरह संजोकर रखें।मौके पर विनोद कुमार पासी ग्राम प्रधान, अर्जुन सिंह, अमित सिंह प्रधान, रविन्द्र सिंह, जयचंद्र सिंह, जयचंद्र सिंह, सूर्यभान तिवारी, अशोक मिश्र, बब्लू पासी, संदीप चैधरी, प्रवीण सिंह, भानू प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश शुक्ल, सुरेन्द्र गिरी, नन्हे तिवारी, राम मिलन पासी, लल्लन दुबे, अमर विश्वकर्मा सहित बडी संख्या में ग्रामीण व स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय कोचिंग पर शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट के पूरेडलई ब्लॉक में बांसगांव चैराहा पर बिना मान्यता के संचालित विद्यालय, तथाकथित कोचिंग माँ बाराही पब्लिक स्कूल के संचालक कोमल प्रताप सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी बांसगांव के विरुद्ध धोखाधड़ी करने एवं बिना सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण

- संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

पत्र/मान्यता के विद्यालय संचालन पर ब्लॉक नोडल/डॉक्टर इसरार अहमद, प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल पूरेडलई ने थाना टिकैतनगर में भारतीय न्याय संहिता के विविध धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय संचालक द्वारा विभागीय निदेर्शों का उल्लंघन करते हुए बिना मान्यता के विद्यालय संचालन किया जा रहा था। और विद्यार्थियों का संबद्धीकरण परसेपुर जिला गोंडा के किसी विद्यालय में कराया गया है। विद्यालय संचालक कोमल द्वारा ब्लॉक नोडल की जांच के समय फर्जी कोचिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया जो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से निर्गत नहीं है।

रोजगार मेले का आयोजन 28 को

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के संयुक्त तत्वाधान में 28 अगस्त को बृहद रोजगार मेले का आयोजन सोहावल में किया जाएगा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक देवव्रत कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 50 से अधिक कंपनियां भाग ले रही है जिसमें कम से कम 10 हजार रिक्तियां हैं।इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री शामिल होंगे।

महापौर ने कराया कर और पेयजल समस्या का समाधान

अयोध्या। अयोध्याधाम स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उमा मिश्रा ने गृह कर एवं जलकर अधिक आने की शिकायत की तो

- नगर निगम के अयोध्याधाम कैंप कार्यालय में जनसुनवाई

महापौर ने जोनल अधिकारी को पत्रावली तलब कर तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान करने की निर्देश दिए। मीरापुर वार्ड के निमोर्ही बाजार में शौचालय की पाइपलाइन टूटने की शिकायत धनंजय मिश्रा ने दर्ज कराई।इस पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जलकल विभाग की टीम मौके पर भेज कर पाइपलाइन को तुरंत सही करवाया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के कैंप कार्यालय में कुल 16 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें 12 का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने योगराज संस्कृत श्रीराम महाविद्यालय रंग आश्रम के पास सोलर लाइट लगवाने का निर्देश दिया। आचार्य चंद्रप्रकाश पांडे ने अपने आवास का कर अधिक आने की शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच के आदेश दिए। रामबख्श यादव ने बासुपुर सिरसा में रास्ते पर कीचड़ होने के कारण राबिस गिराने की मांग की। इसके साथ ही सरयूपुरम कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगवाने, सीवर लाइन के चेंबर का निर्माण कराने सहित साफ-सफाई से भी जुड़े प्रकरण आए। महापौर ने सभी शिकायतों का तीन दिन के भीतर निस्तारण कर सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर निगम के जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, पार्षद विनय जायसवाल, , भाजपा नेता डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, रमेश राना, कौशलेंद्र पांडेय, आदि मौजूद रहे।

कर्मचारी नेताओं से मिले महापौर

अयोध्या। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने सिविल लाइन स्थित आवास पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में कर्मचारी नेताओं से मुलाकात की और उनसे अयोध्या के उत्थान के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि हम अयोध्या वासी हैं, इसका गौरव-बोध हर किसी में होना चाहिए।

उन्होंने कर्मचारी नेताओं से उनकी समस्याएं जानी और उसके समयवद्ध समाधान का भरोसा दिया। कर्मचारी नेताओं ने साफ-सफाई, सड़क, नाली निर्माण, पार्क के सुंदरीकरण तथा शुद्धिकरण स्थल के निर्माण का सुझाव दिया। परिषद के अध्यक्ष ओपी सिंह, महेश चंद्र तिवारी, अजीत सिंह बिसेन, रामबली, श्रीनिवास शास्त्री आदि महापौर से मुलाकात करने वालों में शामिल थे।

यूरिया की किल्लत को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। जिले भर में उत्पन्न यूरिया खाद की भारी किल्लत को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने नगर मजिस्ट्रेट से मिलकर वार्ता की और सभी साधन सहकारी समितियों पर तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की बात कही। वार्ता के दौरान समितियों पर भारी अव्यवस्था, कालाबाजारी और किसानों को अधिक पर दाम बेचे जाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया, जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने सभी उप जिला अधिकारियों से वार्ता कर खाद वितरण की व्यवस्था को ठीक कराने का आश्वासन दिया। वार्ता में शामिल किसान नेताओं ने जिले भर में यूरिया खाद की समस्या को लेकर आ रही सूचनाओं, जिसमें लम्बी लम्बी लाइनों का लगना, खण्डासा में पुलिस द्वारा किसानों पर लाठी भांजना तथा कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाओं को लेकर भी नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया। किसान नेताओं ने कहा कि योगी सरकार किसानों को समय पर यूरिया खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

महादेवा कॉरिडोर निर्माण के लिए परिसम्पत्तियों ध्वस्तीकरण कार्यो का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर स्थित श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर में प्रस्तावित महादेवा कॉरिडोर के निर्माण हेतु भूस्वामियों को मुआवजा वितरण के पश्चात परिसंपत्तियों के ध्वस्तीकरण के कार्यों का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण मे जिलाधिकारी ने कार्यदायी

- ले-आउट, ड्रॉइंग और डिजाइन, स्थल का लिया जायजा दिये आवश्यक निर्देश
- प्रस्तावित कॉरिडोर में पड़ने वाले पेड़ो को बचाने के लिए हरसम्भव करे प्रयास

संस्था द्वारा तैयार की गई ले-आउट, ड्रॉइंग और डिजाइन का स्थल का जायजा लेते हुये अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि महादेवा कॉरिडोर परियोजना श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। और इसका उद्देश्य उन्हें बेहतर, सुगम और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी निर्माण कार्य ड्रॉइंग के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से किए जाए और तय समयसीमा में शिलान्यास पूर्व आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित कॉरिडोर में पड़ने वाले पेड़ो को बचाने के लिए हरसम्भव प्रयास किये जाय जिससे कि कॉरीडोर को हराभरा रखा जा सके। साथ ही उन्होंने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत मार्ग, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं की रूपरेखा का भी अवलोकन करते हुये परिसर के आस-पास की रिक्त भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों को एक विस्तृत और समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिग्रहणित परिसंपत्तियों के ध्वस्तीकरण की प्रगति की समीक्षा की। तथा कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य को मानक की विशिष्टताओं के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस अभियंता, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नकदी समेत सोने चांदी के उड़ाये जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली पड़ान गांव में मंगलवार की रात बदमाशों ने चोरी की घटना अंजाम देते हुए तीस हजार रुपए नकद व सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव के विनय नारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 जगदीश नारायण ने दी गई तहरीर में कहा है कि रात में बदमाशों ने घर में रखी आलमारी का लॉक तोड़कर तीस हजार नकद तथा सोने चांदी के कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

बुधवार को रात में करीब तीन बजे छत पर आवाज हुई तब आशंकित परिजन वहां पहुंचे। छत पर बक्सा आदि सामान बिखरा पड़ा था।

सूचना मिलने पर डायल एक सौ बारह पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीडित की तहरीर पर लीलापुर पुलिस जांच में जुटी हुई बतायी जाती है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि केस दर्ज कर घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

पत्नी व 3 बच्चियों को नदी में फेंकने और हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले में पत्नी और तीन बच्चियों को नदी में फेंकने और हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना मोतीपुर पुलिस को वादिनी रमपता पत्नी राम कैलाश निवासी चौधरीगांव थाना मोतीपुर द्वारा सूचना दी गयी कि उसकी बेटी सुमन व 03 नातिन 1.नन्दिनी, 2.अंशिका 3.लाडो को उसका दामाद अनिरुद्ध कुमार पुत्र दौलतराम अपने साथी के साथ मिलकर जान से मारने के लिए कहीं गायब कर दिया । सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा दिनांक 19.08.2025 को मु0अ0सं0 415/2025 धारा- 140(1) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया । घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में अपहताओं की तलाश व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सतत प्रयास किये जा रहे थे ।

इसी क्रम में मुखबिर खास द्वारा प्राप्त सूचना पर अभियुक्त अनिरुद्ध को गायघाट पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त से उसकी पत्नी व उसकी बच्चियों के बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 14.08.2025 को अपनी पत्नी व बच्चियों को उसके मायके से बुलाकर कस्बा मिहींपुरवा से अपने साथ थाना खमहरिया जनपद खीरी ले जाकर शारदा नदी के पुल से सभी को धक्का देकर नदी में फेक दिया था । जिसपर अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल के निकट शारदा नदी के किनारे झाड़ियों से मृतका सुमन व मृत बच्चियों का कपड़ा व एक बच्ची की छोटी जूती व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई । विवेचना के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त अनिरूद्ध कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2018 में अपने भाई संतोष कुमार की हत्या कर दी गयी थी जिसमें अनिरूद्ध कुमार व उसके साथियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय में अभियोग विचाराधीन है ।

भाई की हत्या के पश्चात अनिरुद्ध द्वारा अपने भाई की विधवा पत्नी को डरा-धमकाकर अपने साथ रखता था जिससे अभियुक्त अनिरुद्ध की दो बेटियां अंशिका व लाडो थी, मृतका सुमन जो कि अभियुक्त अनिरूद्ध कुमार के विरूद्ध चल रहे पूर्व हत्या के मुकदमें में अहम गवाह थी, मुकदमे में सजा से बचने व अपने भाई की संपत्ति पाने के लिए अभियुक्त अनिरुद्ध ने उक्त घटना को कारित किया ।

पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 415/2025 धारा 140(1) बी.एन.एस. में धारा 103(1), 238 बी.एन.एस. की बढोत्तरी करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निदेर्शों का पालन करते हुए बरामद माल के साथ माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया ।

कांग्रेसियों ने मनायी राजीव गांधी की जयंती

बाराबंकी। संचार क्रांति योद्धा, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी की जयन्ती को जिला कांग्रेस कार्यालय पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। सद्भावना दिवस पर निःशुल्क, चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर

- स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शुगर, बीपी, फीवर की नि:शुल्क जांचे

का आयोजन किया गया। जिसमे आम जनमानस की शुगर, बी0पी0, फीवर आदि की जाँचे करते हुये चिकित्सको द्वारा परामर्श दिया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने कहा कि भारत के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री राजीव गांधी बने थे। उन्होने देश के आधुनिकीकरण और विकास के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये। सूचना क्रांति, भारत में कम्प्यूटर और दूरसंचार क्रांति एवं प्रौद्योगिकी के प्रसार को बढ़ावा दिया था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की शुरूआत कर शिक्षा प्रणाली में सुधार एंव पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करने के लिये प्रयास किया। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सत्ता का विकेन्द्रीयकरण हो सके। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, अजीत वर्मा, राम हरख रावत, नेकचन्द्र त्रिपाठी, विद्या देवी, सीबू, डा0 सहबाज, श्रीकान्त मिश्रा, सुनीता कुमारी, अनुराग यादव, माता प्रसाद, अजय रावत मौजूद रहे।

केसीसी और फसल बीमा योजना से आच्छादित कराने के निर्देश

बहराइच । कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किसान दिवस में आये किसानों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरान्त डीएम ने कहा कि जनपद

- सहकारी समितियों के माध्यम से उवर्रको की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश

बहराइच कृषि प्रधान जनपद है सभी किसानों को समय से खाद, बीज केसीसी व प्रधानमंत्री फसल बीमा से आच्छादित किया जाय। कृषि को लाभाकारी बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होनें किसानों से कहा कि वे कैश क्राफ्ट की फसले लें। जिससे उन्हें अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके। डीएम ने सिचाई कार्यो में खेत तालाब योजना वाले किसानों को स्प्रींक्लर सिस्टम से जोड़ना तथा चिलवरियां चीनी मिल का बकाया भुगतान किया जाय। उन्होनें जनपद में उर्वरकों के समान वितरण हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी दी। उन्होनें जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव को निर्देश दिया कि सघन सहकारी समितियों पर उर्वरकों की उपलब्धता निरन्तर बनाये रखे। जिससे कृषको को समय से उर्वरकों की उलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होनें एआर कोआपरेटिव संजीव कुमार को निरन्तर सहकारी समितियों के निरीक्षण तथा ओवर रेटिंग में लिप्त समितियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर फुटकर उवर्रक विक्रेताओं की मनमानी एवं ओवर रेटिंग पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। जो भी विक्रेता उवर्रकों की कालाबाजारी में लिप्त पाया जाय उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। डीएम ने जिले के एलडीएम तथा सभी बैंक शाखा प्रबन्धकों को अधिक से अधिक केसीसी जारी कराने के भी निर्देश दिये।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने किसानों ने कहा कि अच्छे नश्ल की गाय, भैंस अवश्य पालें। इससे आपकी आय में वृद्धि तथा उवर्रकों पर निर्भरता कम होगी। सीडीओ ने किसानों को बताया कि जनपद में 53 हजार 126 बोरी यूरिया प्राप्त हो गयी है जिसे जनपद के साघन सहकारी समितियों को निरन्तर आपूर्ति करायी जा रही है। जिले के सभी कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी तथा उप जिलाधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिये गये है। जिससे कहीं भी ओवर रेटिंग तथा होर्डिंग की शिकायत पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है।

उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक कृषकों को कराने का आहवान किया। उन्होनें बताया कि 30 अगस्त तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपना बीमा करा सकते है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में उवर्रकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है।

राजीव गांधी की दूरदृष्टि में लोकतंत्र तथा मताधिकार को मिली संवैधानिक सुरक्षाः प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। अमर शहीद प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जयंती पर राष्ट्रीय एकता की मजबूती का भी सामूहिक संकल्प भी ग्रहण किया। कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि युवा मताधिकार का देश को अवसर प्रदान कर राजीव गांधी ने लोकतंत्र में मताधिकार के संवैधानिक अधिकार को मजबूती प्रदान की। उन्होने कहा कि इस समय लोकतंत्र में वोट के अधिकार की लड़ाई को मजबूती प्रदान कर संविधान की सुरक्षा सबसे अहम चुनौती है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी राजीव गांधी के सपने को पूरा करने के लिए देश में सदभावना के वातावरण को मजबूत बनाये रखने के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजन छोटे लाल सरोज ने किया। इस मौके पर गुडडू सिंह, मुरलीधर तिवारी, विनय जायसवाल, दिनेश सिंह, विनय पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, रिंकू धुरिया आदि रहे।

संक्षेप

सात जुआरी गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 7 अभियुक्तों को मय 2420 रु. माल फड़ 200 रुपये जामातलाशी व ताश पत्ते के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में सार्वजनिक जुआ सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगला सिंघी पुलिस ने 7 जुआरियों देवकी नंदन पुत्र खेमचंद, शशी कपूर पुत्र गेंदालाल उत्तम चन्द पुत्र उदयवीर योगेश पुत्र जसवन्त सिंह बृजमोहन पुत्र रतन सिंह आकाश पुत्र रामनाथ सिंह कन्हैया पुत्र हुब्बलाल को माल फड़ 2420 रुपए 200 रुपये जामातलाशी व 52 ताश पत्ते के साथ भोला चौराहे से आगे जटई रोड ट्यूबल के पास नगला सिंघी से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना हाजा पर धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

केएनआई में अनुशास्ता मंडल की बैठक संपन्न

सुलतानपुर। केएनआई में बुधवार को प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनुशास्ता मंडल की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन मुख्य अनुशास्ता डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह ने किया। बैठक का उद्देश्य संस्थान में अनुशासनपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना रहा। मुख्य अनुशास्ता ने सभी सदस्यों से संस्था के अनुशासन को बनाए रखने हेतु सजगता और गंभीरता से कार्य करने की अपील की। प्राचार्य प्रो. सिंह ने अनुशास्ता मंडल को आश्वस्त किया कि अनुशासन स्थापित करने में प्रबंधन स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उप प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने अनुशासन को संस्थान की रीढ़ बताते हुए इसके पालन पर विशेष बल दिया। बैठक में फरीदपुर फरीदपुर परिसर के प्रभारी डॉ. संतोष कुशवाहा सहित सभी सदस्यों ने अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय के अनुशास्ताओं ने भी छात्र अनुशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य अनुशास्ता डॉ. सिंह ने बताया कि कक्षाओं में उपस्थिति, परिचय पत्र व निर्धारित यूनिफॉर्म में प्रवेश, अनावश्यक आवागमन पर नियंत्रण तथा रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे मुद्दों पर मंडल पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। बैठक में डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. नवीन विक्रम सिंह, डॉ. सुभाष यादव सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

मुठभेड़ में आरोपी घायल

दोस्तपुर, सुलतानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद शमीम को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार रात को बेथरा नहर के पास हुई जब शमीम कादीपुर की ओर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस की घेराबंदी में उसने फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इससे पहले सोमवार को आंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र स्थित मिरानपुर रेलवे लाइन के पास एक युवती का शव संदिग्ध हालात में मिला था। शव रेलवे पुल की सीढ़ियों से लटका मिला। पास से मिले दस्तावेजों से युवती की पहचान सुलतानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय निवासी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, युवती तीन बहनों में एक थी और उसके माता-पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। मामले में पुलिस और जीआरपी ने संयुक्त जांच कर आरोपी की पहचान मोहम्मद शमीम के रूप में की।

अखिलेश सिंह थे रायबरेली के जननायक

रायबरेली। अखिलेश सिंह रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे और अपनी दबंग छवि के साथ-साथ जनसेवा के लिए जाने जाते थे। उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के बीच उन्हें रॉबिनहुड के रूप में जाना जाता था, क्योंकि वे गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके निधन ने रायबरेली की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में एक बड़ा शून्य छोड़ दिया, जिसे आज भी लोग महसूस करते हैं। श्रद्धांजलि समारोह में मंचासीन वक्ताओं ने अखिलेश सिंह के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे अखिलेश सिंह ने न केवल राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की, बल्कि सामाजिक कार्यों और जनकल्याण के लिए भी अपना जीवन समर्पित किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों, जैसे स्कूलों और अस्पतालों का निर्माण, सड़कों का विकास, और गरीबों के लिए आवास और रोजगार की व्यवस्था, को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उनकी स्मृति को नमन किया।

जनप्रतिनिधियों और जनता का श्रद्धांजलि सैलाब

श्रद्धांजलि समारोह में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए जनप्रतिनिधियों ने अखिलेश सिंह के योगदान को याद किया। स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की। कई वक्ताओं ने उनके रॉबिनहुड जैसे व्यक्तित्व का जिक्र करते हुए कहा कि अखिलेश सिंह का दरवाजा हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुला रहता था। रायबरेली के लालुपुर गांव, जो अखिलेश सिंह का पैतृक गांव है, वहां भी लोगों ने उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि अखिलेश सिंह की राजनैतिक विरासत को उनकी बेटी अदिति सिंह और पत्नी वैशाली सिंह बखूबी संभाल रही हैं।

लोक गायक राकेश उपाध्याय व लोकगायिका वंदना मिश्रा ने बांधा समां

लोकनायक जननायक और पूर्व विधायक स्वर्गीय अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका बदना मिश्रा तथा लोक गायक राकेश उपाध्याय ने लोक गीत गाकर समा बाँध दी। उनके द्वारा दी गई प्रस्तुति ने जमकर तालियां बटोरी और हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने भरपूर आनंद लिया। जब जन जन के नेता पूर्व विधायक के कार्यों और उनकी यादों पर लोकगायिका बंदना मिश्रा ने लोक गीत गाया तो लोगों ने गीत को भरपूर सराहा। वहीं राकेश उपाध्याय ने सदर विधायक अदिति सिंह की जमकर तारीफ की और कहा कि भगवान सब को ऐसी बिटिया दे जिन्होंने अपने पिता के नक्शे कदम पर चल कर जन जन का सम्मान किया और इस उमड़े जन शैलाब को लोग दशकों तक भुला नहीं पाएंगे।

गल्ले की दुकान से 50 हजार का सामान चोरी

महराजगंज, रायबरेली। थाना क्षेत्र के डेपार मऊ में अज्ञात चोरों द्वारा एक गल्ले की दुकान को निशाना बनाते हुए लगभग पचास हजार कीमत का सामान पार करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दुकान के मालिक ने घटना के संबंध में संबंधित थाने को लिखित सूचना देकर अवगत कराया है। मामले को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताते चले कि घटना सोमवार देर रात की है डेपार मऊ से पूरे ताजुद्दीन पुर को जाने वाली सड़क पर स्थित एक गला की दुकान से शटर के बगल में सेंध लगाकर ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस गए बकौल पीड़ित अंजनी कुमार शुक्ला निवासी ग्राम अन्दूपुर ने बताया कि ओम प्रकाश पांडे की दुकान किराए पर लेकर वह कई वर्षों से काम करते हैं अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का सटर तोड़कर अंदर घुस गए और दुकान के अंदर रखा 12 बोरी गेहूं तीन बोरी सरसों एक बोरी चावल और चार बोरी पशु आहार चोरी कर ले गए। जब वह सुबह अपनी दुकान खोलने आए तो सटर टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए अंदर जाकर देखा तो यह सारा सामान जो बोरियों में था गायब था। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से गहनता से जानकारी ली।

अमर नायक की जयंती पर भावांजलि देंगे लोक निर्माण मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह

रायबरेली। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली के पदाधिकारियों ने 19 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री को अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की 221 वीं जयंती पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया गया जिसे उन्होंने खूब सराहा और बेहतर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

- **सीएम से मिले समिति के पदाधिकारी**
- **सभागार निर्माण के बाद लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री**

उन्होंने निर्माणधीन सभागार के कार्यों को जल्द पूरा कराने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्माण कार्य पूरा होते ही लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभाग करने का आश्वासन भी दिया। उनके दिशा निर्देशन में ही समिति कार्य कर रही है। इस बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुँवर ब्रजेश सिंह, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में सहभाग करने की स्वीकृत दे दी है। इस मौके पर समिति के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी व विवेक विक्रम सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रायबरेली व समिति के संयोजक उपमेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

रक्तदान महादान है : एडीएम

- **अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित**

रायबरेली। अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय आई एम ए भवन में किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने किया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम अमृता सिंह ने कहा कि गुलामी की जंजीर से आजादी पाने के 1857 में लड़ाई मेरठ से शुरू हुई लेकिन असली जंग अवध के लोगों ने गंगा जमुना वा सरयू के किनारे लड़ी थी। 1857 में पड़ी जंग की नींव की वजह से हमारा देश आजाद हुआ ऐतिहासिक स्तर पर जंग की नींव रखने वाले इसी जमीन के लोग हैं इन्हीं लोगों की वजह से हमें आजादी मिली इसी विजन को हमें सुरक्षित रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आदर्श रूप दे सकें। आजादी की लड़ाई में राणा के योगदान एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान महादान होता है । इसी के बहाने हम ऐतिहासिक मूल्य एवम परंपरा को याद करते रहें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने कहा कि आजादी के रणबाकुरों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए समिति के लोगों द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं वह सराहनीय है। वहीं समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष समिति द्वारा कई कार्य कराए जाते हैं। यह राणा साहब की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। राना बेनी माधव बक्स सिंह ने अवध क्षेत्र को 18 माह तक अंग्रेजों से मुक्त कर

रखा था । सैनिकों के बलिदान का कोई मूल्य नहीं है हमें उनकी स्मृति को पीढ़ियों तक याद रखना होगा। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, कमलेंद्र सिंह आईटीबीपी के कोटम प्रसाद, अजय तिवारी, राजेश कुमार, स्वप्निल भोंसले, भानु प्रकाश, सूरज सिंह, शिवम, मयंक प्रताप सिंह, संदीप सिंह, अंशुमान सिंह, भीम सिंह, शिवम यादव, हरीश कुमार, सचिन मौर्य, बृजेश राय, डॉ रवि प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीपेंद्र मिश्रा, मोहित सोनी, शिक्षक विवेक मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, शिक्षक राहुल सिंह, गोविंद खन्ना, राजन कछवाह, महेंद्र सिंह, शिवा सिंह, अभिषेक तिवारी, संजय सिंह, प्रभाकर सिंह, विक्रांत सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह , राजेश सिंह, अखिलेश सिंह, देवर्षि तलरेजा, रोशन कुमार, एजाज, देवेंद्र सिंह, काव्य द्विवेदी, वरुण तिवारी, मयंक पांडे, राजेंद्र बहादुर सिंह, शिवांशु, शिवम सिंह, सोमेश, कैलाश निषाद, बालेंद्र सिंह, अंकित कुमार , उमेश चंद तिवारी, अनुराग सिंह यादव, आलोक पांडे, आदर्श सिंह, मो.मेहताब, राहुल कुमार, अभिषेक सिंह, अविरल सिंह, अविनाश, नृपेंद्र सिंह समेत सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डीएम ने बड़े बैनामा लेखपत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

सिद्धार्थनगर , गत बुधवार 20 अगस्त को ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के साथ बड़े बैनामा लेखपत्र संख्या-4876/28.07.2025 वी कोड- 1524 ग्राम की श्रेणी विकासशील ग्राम बेलगड़ी तप्पा असनार तहसील बांसी विक्रय मूल्य- 88,00,000 गाटा सं० 176 रकबा 0.4090 हे0 में से विकीत रकबा 0.201 हे0 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बड़े बैनामा के लेखपत्र के साथ स्थलीय निरीक्षण कर हाल जाना गया। निरीक्षण जांच के दौरान लेखपत्र ठीक पाया गया। इस अवसर पर किसी भी प्रकार की कमी नही पाया गया।

किसान दिवस का किया गया आयोजन

सिद्धार्थनगर। ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपकृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। बाद उसके जिलाधिकारी ने किसानो से कहा कि आप लोगो की जो भी शिकायते है उसे लिखित में दे जिससे समस्याओ का निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। सभी अधिकारीगण किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि किसान दिवस में सभी अधिकारी उपस्थित रहना चाहिए। उप कृषि निदेशक द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक राजेश कुमार जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, अन्य अधिकारीण तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

शाहगढ़,अमेठी। विकास खण्ड शाहगढ़ के अन्तर्गत रामगंज में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिन पर निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज की टीम नेआयोजक सुभाष चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस नेता राजू पंडित ने दीप प्रज्वलित कर किया। नेत्र चिकित्सा के डायरेक्टर डा. केएस ने वृक्षारोपण किया। नेत्र चिकित्सा शिविर में 105 लोगों का परीक्षण, 8 लोगों को चश्मा दिया गया और 65 लोगों को आपरेशन के लिए समय दिया गया। कार्यक्रम में हरिश्चन्द्र मिश्रा, शिव प्रकाश मिश्रा, रामयश मौर्य, बैजनाथ तिवारी, आलोक, शरद, गुलाम रसूल, अनुराग तिवारी, राधा मिश्रा, सपना, कल्पना के साथ चिकित्सको की टीम में डा. रमन पटेल, उमाशंकर , कल्पनाथ, भारती, स्नेहा,मनीषा, अंशू, प्रीती पाल आदि लोगो ने योगदान दिया।

बीएचएनडी दिवस का किया निरीक्षण

बांसी सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने बांसी तहसील कस्बा परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र, शास्त्री नगर, विकास खण्ड बांसी पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने एएनएम से गर्भवती महिलाओं के बारे में सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। बाद उसके जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला की जांच अपने सामने कराया गया। गर्भवती महिलाओं की एच0आर0पी0 जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध था। गर्भवती महिला का एमसीपी कार्ड नही बना था। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एएनएम और आशा का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। ड्यू लिस्ट अपडेट थी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। एचआरपी रजिस्टर पूर्ण था। जिलाधिकारी ने एएनएम को निर्देश दिया कि एचआरपी महिलाओ का नियमित जांच एवं टीकाकरण कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये। आशा डायरी पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी

- **राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, गरीबों में बाँटी मिठाइयाँ**

सुलतानपुर (वीओएल)। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर शहर में कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी को आधुनिक भारत का शिल्पकार, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति का जनक बताते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके आदर्शों को स्मरण किया।

कार्यक्रम की शुरूआत तिकोनिया स्थित राजीव गांधी पार्क में हुई, जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाल्य अर्पित कर नमन किया गया। इसके उपरांत कांग्रेसजन शाहगंज तिराहे पहुंचे, जहां गरीबों, मजदूरों व जरूरतमंदों के बीच मिठाइयाँ और लड्डू वितरित किए गए। कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश

तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी में ले जाने की नींव रखी थी। उनके विजन और विचार आज भी कांग्रेस कार्यकताओं को प्रेरणा देते हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, मजदूर और आमजन के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और करती रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस के नि. जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद भोला, पवन मिश्र, तेज बहादुर पाठक, योगेश पांडेय, मिर्जा अकरम वेग, प्रेम भारती, जफर अहमद, महेंद्र सिंह, अमोल वाजपेई, आरबी पांडेय, मानिक चंद्र श्रीवास्तव, गुलाम मोहम्मद, शब्बू अहमद समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में कहा कि देश की वैज्ञानिक, आर्थिक और तकनीकी प्रगति में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है।

विश्व मच्छर दिवस पर बच्चों को किया जागरूक

सुलतानपुर। केएनआईपीएसएस के प्राणिविज्ञान विभाग में बुधवार को विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना यादव ने किया, जिसमें मच्छरों से होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों साक्षी, शिफा, मिसकत, आंचल, अंकुश, अभय, तान्या, गीता, शालिनी, निखिल आदि ने भाषण व चार्ट से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व फाइलेरिया जैसे रोगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता मच्छर जनित रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, डॉ. नाहिदा अंसारी और डॉ. रोमी भी उपस्थित रहीं।

50 लाख की आभूषण लूट मामले के तीन आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ में 50 लाख रुपये के आभूषणों की लूट के मामले में पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को सोहराब गेट बस स्टैंड पर एक व्यापारी से करीब 50 लाख रुपये के आभूषण लूट लिये गए थे। इस घटना के संबंध में नौचंदी थाने में मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई थी। सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने बुधवार को जागृति विहार एक्सटेंशन में गुर्जर चौक के निकट बदमाशों को घेर लिया, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में देहरादून निवासी विश्वजीत सिंह (34), पुणे निवासी मोहम्मद (28) घायल हो गए जबकि सहारनपुर निवासी दुर्गेश कुमार (49) को पकड़ लिया गया। आरोपियों के पास से 304 ग्राम सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये नकद, दो अवैध तमंचे और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

माचिस मांगने पर हुए विवाद में बुजुर्ग की हत्या

हाथरस। जिले के सासनी कोतवाली क्षेत्र में माचिस मांगने को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि सासनी इलाके में बुधवार सुबह चोब सिंह (60) नाम के व्यक्ति का शब्द बरामद किया गया था और उसकी गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। मामले की जांच में संतोष और कल्लन नाम के युवकों की संलिप्तता पाई गई थी। दोनों युवकों से पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्होंने चोब सिंह की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात तो दोनों ने चोब सिंह के साथ बैठकर शराब पी थी और इसके बाद माचिस मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट हो गयी। उसके बाद संतोष ने लोहे की पत्ती से चोब सिंह के गले पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वृंदावन में गायों की मौत की एसआईटी जांच का निर्देश देने से किया इनकार

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा जिले के वृंदावन में विभिन्न गौशालाओं में गायों और बछड़ों की कथित मौत के मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर किसी प्रकार का कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया। सरकारी अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने प्रहलाद कृष्ण शुक्ला नाम के व्यक्ति द्वारा दायर एक जनहित याचिका का निपटारा करते हुए राज्य सरकार के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गायों की पर्याप्त देखभाल और गौशालाओं की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। याचिकाकर्ता ने वृंदावन में विभिन्न गौशालाओं में 50 गायों और बछड़ों की मौत के संबंध में आवश्यक जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। याचिका के मुताबिक, 13 दिसंबर 2024 को धौरेरा के जंगल में 50 से अधिक गायें और बछड़े मृत पाए गए थे, जिसका समाचार विभिन्न समाचार पत्रों में छपा था। याचिका में आरोप लगाया गया कि घटनास्थल पर गायों की पहचान के टैग भी पाए गए थे और कार्यकर्ताओं ने मृत गायों की तस्वीरें भी ली थीं, जिनमें से कई गायों के शवों पर घाव थे। इससे पहले, राज्य सरकार के अधिकारियों ने अदालत को बताया था कि घटना के सामने आते ही उसी दिन जांच समिति गठित की गई थी और समिति में सिटी मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त, पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। उक्त समिति ने मामले की जांच की और 16 दिसंबर 2024 को अंतरिम रिपोर्ट दायर कर इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। अदालत ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए 13 अगस्त को कहा, उक्त तथ्यात्मक स्थिति को देखते हुए और पेश किए गए दस्तावेजों पर गौर करते हुए हमें मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई जारी रखने का कोई कारण नहीं दिखता। इसलिए यह जनहित याचिका निस्तारित की जाती है।

भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का आदेश

वाराणसी । वाराणसी की एक अदालत ने एक स्थानीय होटल कारोबारी की शिकायत पर छावनी थाना पुलिस को भोजपुरी फिल्म अभिनेता एवं गायक पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह आदेश 13 अगस्त को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने कारोबारी विशाल सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई के बाद पारित किया। यह मामला अब प्रकाश में आया है। विशाल सिंह के वकील आशीष सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल को 2018 की फिल्म बॉस में निवेश के नाम पर ठगा गया। वकील के अनुसार, विशाल सिंह की मुलाकात 2017 में मुंबई के फिल्म निर्देशक प्रेम शंकर राय से हुई थी, जिसके बाद उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़े कई लोगों से मिलवाया गया। आरोप है कि सिंह को मुनाफे का लालच करके फिल्म में निवेश करने के लिए राजी किया गया और उन्हें मनाने के लिए पवन सिंह के साथ एक मुलाकात भी कराई गई। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने अपनी और अपने भाई की कंपनी से लगभग 32.60 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा किए। उन्होंने कहा कि जुलाई 2018 में उसे फिल्म का निर्माता घोषित किया गया और मुनाफे का 50 प्रतिशत देने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद उन्होंने इस फिल्म के लिए 1.25 करोड़ रुपये और निवेश किए। आरोप है कि फिल्म सिनेमाघरों में आने के बावजूद सिंह को मुनाफे का उनका हिस्सा कथित तौर पर नहीं दिया गया। व्यवसायी ने आरोप लगाया कि जब उसने अपना बकाया मांगा तो अभिनेता पवन सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

जलालाबाद का नाम बदलकर हुआ परशुराम पुरी

शाहजहांपुर। जिले में जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम की जन्म स्थली जलालाबाद मानी जाती है और इसी आधार पर वर्षों से ग्रामीण व स्थानीय संगठन कस्बे का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शाहजहांपुर में जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर परशुरामपुरी करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार, वंदन एवं अभिनंदन। आपके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आए इस निर्णय ने सम्पूर्ण सनातनी समाज को गर्व का क्षण प्रदान किया है। प्रसाद ने कहा कि भगवान परशुराम जी के चरणों में कोटि-कोटि नमनउ आपकी कृपा मात्र से ही इस पुनीत कार्य में निमित्त बन सका। आपकी कृपा दृष्टि संपूर्ण जगत पर बनी रहे। जलालाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार ने मुख्य सचिव को प्रेषित पत्र में जलालाबाद कस्बे का नाम बदलकर परशुराम पुरी कर दिया है। यहां के लोग लंबे समय से गुलामी के प्रतीक नाम को हटाकर कस्बे का नाम परशुराम पुरी रखने की मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार ने जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया है। इसमें केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की अहम भूमिका रही है।

मोहपाश गिरोह का भंडाफोड़, एक सिपाही समेत तीन गिरफ्तार

मुरादाबाद। जिले में पुलिस ने एक मोहपाश गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक कांस्टेबल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कांस्टेबल रिजवान, इकरा और फैसल के रूप में हुई है जबकि एक अन्य आरोपी बाबर अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने एक व्यक्ति को जाल में फंसाकर गुप्त तरीके से एक महिला के साथ उसका आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किया और बाद में उसे ब्लैकमेल करने लगे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने शुरुआत में पीड़ित से 35,000 रुपये ऐंठ लिये और बाद में उसे दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की मांग की। संभल जिले के एक निवासी की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कटघर) आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया और फरार आरोपी की तलाश जारी है।

गोरखपुर लायंस ने नोएडा किंग्स को हराया

यूपी टी-20 लीग 2025 : छठे मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 48 रनों से मात दी

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बुधवार को खेले गए यूपी टी-20 लीग 2025 के छठे मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 48 रनों से मात दी। इस जीत के साथ गोरखपुर की टीम अंक तालिका में मजबूत स्थिति में पहुँच गई। जबकि नोएडा किंग्स को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 186 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी के साथ खेल दिखाया। अक्शदीप नाथ ने शानदार 42 रन (33 गेंद) बनाए और पारी को संवारने का काम किया। वहीं हरदीप सिंह (30 रन, 16 गेंद) और शिवम शर्मा (25 रन, 13 गेंद) ने तेजी से रन जोड़कर रनरेट को ऊपर रखा। आखिरी ओवरों में प्रिंस यादव ने केवल 12 गेंदों में 28 रनों की आतिशी पारी खेलकर स्कोर को 180 से ऊपर पहुँचाया। नोएडा किंग्स की गेंदबाजी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। उनके गेंदबाज लगातार रन लुटाते रहे। युवराज सिंह और जस्मेर धनखड़ ने दो-दो विकेट जरूर हासिल किए, लेकिन रन रोक पाने में विफल रहे। वहीं नमन तिवारी ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा किंग्स की शुरूआत तेज रही। टीम को प्रियंशु पांडे ने पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी से उम्मीद दी। उन्होंने केवल 24 गेंदों में ताबड़तोड़ 53 रन बनाए, जिसमें चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिली। लेकिन उनके आउट होते ही नोएडा की पारी

लड़खड़ा गई। बीच के ओवरों में गोरखपुर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी की और लगातार विकेट निकालते रहे। नोएडा की ओर से रवि सिंह ने 17 गेंदों में 30 रन बनाए और कुछ देर तक संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। नतीजतन पूरी टीम 16.2 ओवर में सिर्फ 138 रन ही बना सकी और 48 रनों से मैच गंवा बैठी। गोरखपुर की जीत में उनके गेंदबाजों का भी अहम योगदान रहा। वासु वत्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2.2 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं अब्दुल रहमान ने 3 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 21 रन से हराया

नयी दिल्ली। नवदीप सैनी की शानदार गेंदबाजी के दम पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 21 रन से हराया और इस तरह से वह दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्पित राणा के 64 और कप्तान अनुज रावत के 59 रन की मदद से छह विकेट पर 172 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से देव लाकड़ा और आयुष सिंह ने दो-दो विकेट लिए। पुरानी दिल्ली 6 की टीम इसके जवाब में समर्थ सेठ (30 गेंदों पर 41 रन), प्रणव पंत (25 गेंदों पर 29 रन) और कप्तान वंश बेदी (26 गेंदों पर 48 रन) की शानदार पारियों के बावजूद आठ विकेट पर 151 रन ही बना पाई। नवदीप सैनी राइडर्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

आईसीसी की वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित- कोहली के नाम गायब

दुबई। आईसीसी रैंकिंग में जारी रिपोर्ट के अनुसार रोहित दूसरे और कोहली चौथे स्थान पर थे। आईसीसी की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का। करीब 4 घंटे बाद आईसीसी ने इस गलती को सुधार लिया। हालांकि क्रिकेटिंग बोर्ड ने इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। बैटर्स में गिल टॉप पर कायम, बाबर दूसरे नंबर पर आए ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) दूसरे नंबर पर आ गए हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर ही दो भारतीय खिलाड़ी हैं, जो ओडिआई बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है। भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर-1 टेस्ट टीम हो गई। वर्ल्ड क्रिकेट में भारत की 6 घंटे की बादशाहत फरवरी 2022 में आईसीसी की गलती से भारत दूसरी बार टेस्ट में नंबर-1 टीम बन गई थी। 6 घंटे बाद आईसीसी ने फिर नई रैंकिंग जारी की। इसमें भारत फिर से दूसरे और ऑस्ट्रेलिया नंबर वन था। बॉलर्स में केशव महाराज नंबर-1, कुलदीप को एक स्थान का नुकसान बॉलर्स में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 स्थान का फायदा हुआ हैं। केशव ने 687 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए और उनका करियर बेस्ट 741 है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलकाता में मिला था। केशव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 5 विकेट लिए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महीश तीक्षणा हैं, जिनके 671 प्वॉइंट्स हैं। भारत के कुलदीप यादव 650 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ हैं। बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग पॉइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

○ कुलदीप एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके

संक्षेप

मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक

शिलांग। मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नयी दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैम्पियनशिप से 41 पदक जीते। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे।

भारत ने सैफ अंडर-17 में नेपाल को 7-0 से हराया

थिम्पू। भारत ने नीरा चानू लोंगजैम, अभिष्टा बेसनेट और अनुष्का कुमारी के दो-दो गोल की मदद से सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में नेपाल को 7-0 से रौंद दिया। भारत की ओर से नीरा (25वें और 56वें मिनट), अभिष्टा (16वें और 41वें मिनट) और अनुष्का (37वें और 62वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे जबकि कप्तान जूलन नोंगमेथेम ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक गोल किया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 5-0 से आगे थी।

केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे कैनो, कयाक व नौकायन खिलाड़ी

श्रीनगर। देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ कैनो, कयाक और नौकायन खिलाड़ी बृहस्पतिवार से यहां शुरू होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में प्रतिष्ठित डल झील पर वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। इसमें 400 से अधिक खिलाड़ी इन तीन जल क्रीड़ा विधाओं में 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के दबदबे की उम्मीद है। केआईडब्ल्यूएसएफ में नौकायन की 10 स्पर्धायें भी हैं जो ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

संधू को चैंपियनशिप में दो शॉट की बढ़त

होसुर (तमिलनाडु)। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू ने बुधवार को पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में दूसरे दौर में चार अंडर 67 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त दो शॉट की कर ली। पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे और पिछले सप्ताह के विजेता संधू (63-67) का कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। ओलंपियन और पुणे के गोल्फर उदयन माने (67-65) ने दिन का सबसे कम 65 का कार्ड खेला जिससे वह आठ स्थान की छलांग लगाकर 10 अंडर 132 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

सौरभ व सुरुचि की जोड़ी ने एयर पिस्टल में जीता कांस्य

एजेंसी

शिमकेंट (कजाखस्तान)। सौरभ चौधरी और सुरूचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में बुधवार को चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरूचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा शीर्ष दो टीम चीन और दक्षिण कोरिया के बीच थी। इसमें चीन ने 16-12 से जीत हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। अन्य चार टीमों ने दो कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की जिसमें भारत ने पहले कांस्य पदक के मुकाबले में चीनी ताइपे को हराया और दूसरे मुकाबले में ईरान ने वियतनाम को 16-8 से मात दी। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरूचि ने क्वालीफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरूआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा। कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में पहले 16 अंक तक पहुंचने वाली टीम जीत जाती है।

एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

नयी दिल्ली। बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलनंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था।

डाइमंड लीग फाइनल्स में नीरज की जगह पक्की

नयी दिल्ली। डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है। नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था।

सिंकफील्ड कप : गुकेश ने अब्दुसत्तोरोव पर जीत के साथ की वापसी

एजेंसी

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की। पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञाननंदा ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे।

एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिजूसटॉफ़ को हराया। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा। सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा, दो पूर्व विश्व चैम्पियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (सात से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे। इसमें कहा गया। यह नुमाइशी मैच क्लब की नयी सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा। इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जायेगी।

एआईटीए के विरोधी गुटों में डेविस कप के लिए टीम मैनेजर को लेकर तकरार

नयी दिल्ली। पिछले साल हुए एआईटीए चुनावों के नतीजे अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं लेकिन अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के प्रतिद्वंद्वी गुटों ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए अलग-अलग टीम मैनेजर चुन लिए हैं जिससे सदस्यों के बीच अहंकार की लड़ाई शुरू हो गई है। एआईटीए ने 28 सितंबर 2024 को चुनाव कराए थे लेकिन पूर्व खिलाड़ियों सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दायर याचिका के कारण नतीजे दिल्ली उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में जमा किए गए। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि खेल संहिता (2011) का पालन नहीं किया गया। तब से पुरानी कार्यकारी समिति ही खेल संस्था के मामलों का प्रबंधन कर रही है लेकिन एक नया विवाद तब खड़ा हो गया जब इस साल 27 जून को कार्यकारी समिति ने अनिल धूपर को महासचिव पद से हटा दिया और सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया। धूपर ने अपने निष्कासन को अदालत में चुनौती दी है जिस पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी। खेल मंत्रालय ने एआईटीए के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अब जबकि राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 लागू हो गया है तो इस मामले का जल्द ही निष्कर्ष निकल जाना चाहिए। अय्यर ने नौ अगस्त को कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया कि त्रिपुरा संघ के सचिव सुजीत रॉय 12 और 13 सितंबर को बील में होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम के साथ मैनेजर के तौर पर स्विट्जरलैंड जाएंगे। इस घोषणा के बाद कार्यकारी समिति के सदस्यों के बीच ईमेल के जरिए इस नियुक्ति पर बहस हुई।

अहमदाबाद में 27 जून को हुई कार्यकारी समिति की बैठक की वैधता को चुनौती देने वाले धूपर ने कहा कि महासचिव का मैनेजर के तौर पर टीम के साथ यात्रा करना एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा है और एआईटीए अध्यक्ष अनिल जैन ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। बंगाल टेनिस संघ (बीटीए) के अध्यक्ष हिरण्मय चटर्जी ने बताया कि मैनेजर को नामित करने का अधिकार कार्यकारी समिति के पास है और धूपर ने पहले भी कार्यकारी समिति की मंजूरी के बाद ही मैनेजर के तौर पर यात्रा की थी। चटर्जी ने सभी सदस्यों को धूपर द्वारा भेजे गए ईमेल को नजरअंदाज करने की सलाह दी और अखिल असम टेनिस संघ (एएटीए) के अध्यक्ष रक्तिम सैकिया ने उनके विचार का समर्थन किया। हालांकि एआईटीए के उपाध्यक्ष नवनीत सहगल ने सदस्यों को परंपरा का सम्मान करने और मेरा आदमी उसका आदमी की अवधारणा में नहीं पड़ने की सलाह दी। एआईटीए के एक अन्य उपाध्यक्ष चिंतन पारिख ने कहा कि धूपर को अदालत से कोई अनुकूल निर्णय नहीं मिला है।

सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग के बीच करार

ह्यूस्टन। सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा। यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है। एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं। सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

फुटबॉल : एमबाप्पे के गोल से रियाल मैड्रिड को मिली जीत

एजेंसी

मैड्रिड। काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे।

रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था। वहीं दूसरी ओर लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी को मंगलवार को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया।

संक्षेप

ईज पेंशन प्लान लॉन्च

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पॉलिसीबाजार. काम के सहयोग से अपना नया ईज पेंशन प्लान लॉन्च किया है। यह इंडिविजुअललिंक्ड पेंशन प्लान पॉलिसीहोल्डर्स को रिटायरमेंट के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता दिलाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। भारत में बढ़ती स्वास्थ्य लागत और रिटायरमेंट प्लानिंग के प्रति सीमित जागरूकता के कारण बहुत से लोग कामकाजी जीवन के बाद के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हो पाते। ईज पेंशन प्लान इस अंतर को भरने की कोशिश करता है और ग्राहकों को एक अनुशासित तरीके से धीरे-धीरे रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने का अवसर देता है। इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 (यूएनएफपीए इंडिया और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज का संयुक्त अध्ययन) के अनुसार, 2050 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी लगभग दोगुनी हो जाएगी।

एक्सिस मैक्स लाइफ मोबाइल एप लॉन्च करने की घोषणा

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने एक्सिस मैक्स लाइफ मोबाइल एप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस एप को लाइफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट आसान बनाने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए डिजाइन किया गया है। एप में एक वेलनेस बेनिफिट की पेशकश भी की गई है, जिससे हॉलिस्टिक वेलनेस को बढ़ावा मिलेगा। यह एप एंड्रॉयड एवं आईओएस डिवाइस, दोनों के लिए उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

मीशो मॉल की मैरिको के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफॉर्म पर पर्सनल केयर एवं वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा। इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड, जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर 2 एवं अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं। यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है। मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफोलियो ने पर्सनल केयर, हैल्थ एवं वैलनेस सहित मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है।

कोक स्टूडियो भारत ने अपने संगीत के सफर को जारी रखा

नई दिल्ली। कोक स्टूडियो भारत अपने तीसरे सीजन के पांचवें गाने अर्ज. किया है के साथ भारत की समृद्ध संगीत परंपराओं का जश्न मना रहा है। इस खूबसूरत हिंदी गीत में मशहूर सिंगर-सॉन्गराइटर अनुव जैन ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने इस गाने को खुद लिखा,इसका कॉन्सेप्ट बनाया, संगीत दिया और इसे गाया भी है। यह गाना प्यार,दूरी और अनकहे जज्बातों की एक नाजुक कहानी बयां करता है। अनुव जैन ने दिल को छू लेने वाली कहानी कहने के अपने अनूठे अंदाज में इंतजार के पलों, खामोशी के बोझ और दिल की गहरी भावनाओं को बेहद खूबसूरती से व्यक्त किया है।

बी यू नेचुरल ला रहा है लक्जरी सैलून सेवाएं

नई दिल्ली। बी यू नेचुरल शार्क टैंक इंडिया पर भारत का ध्यान आकर्षित करने वाली तेजी से बढ़ती सैलून श्रृंखला टियर-2 शहरों में सुंदरता के अनुभव को नई परिभाषा दे रही है। कानपुर में अपने दूसरे सैलून और उन्नाव में अपने पहले आउटलेट के लॉन्च के साथ, यह ब्रांड शानदार सैलून सेवाओं को हर किसी की पहुँच में ला रहा है।

27 को रिलीज होगी वश लेवल 2

नई दिल्ली। शाप अब भी ज़िंदा है बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली गुजराती थ्रिलर वश की अगली कड़ी वश विवश लेवल 2 का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। 2023 में आई इस सुपरनैचुरल थ्रिलर ने गुजराती सिनेमा के परिदृश्य को बदल दिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की और बेस्ट गुजराती फिल्म का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता। वश विवश लेवल 2 का लेखन और निर्देशन कृष्णदेव यागनिक ने किया है, जबकि इसके निर्माता कल्पेश सोनी और क्रुणाल सोनी हैं। फिल्म 27 अगस्त 2025 को पूरे भारत में रिलीज होगी। गुजराती में यह वश लेवल 2 और हिंदी में वश विवश लेवल 2 के नाम से प्रदर्शित होगी।

सेंसेक्स में 213 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। मुख्य रूप से आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 341.23 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 25,050.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में, इन्फोसिस में सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.69 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटर्नल और एचसीएल टेक भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट शामिल हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर आधा प्रतिशत नुकसान में रहा। मजबूत घरेलू पूंजी प्रवाह और अनुकूल वृहद आर्थिक गतिविधियों के समर्थन से भारतीय बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी। हालांकि, उच्च मूल्यांकन और बाहरी जोखिम, विशेष रूप से रूसी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिकी शुल्क के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए, अमेरिकी व्यापार नीति और आय में सुधार की राह पर चीजें स्पष्ट होना महत्वपूर्ण है। इस बीच, आज बाद में एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की रिपोर्ट जारी होने से पहले वैश्विक धारणा सतर्क है और निवेशकों का ध्यान धीरे-धीरे इस सप्ताहांत जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख के संबोधन पर केंद्रित है। इससे भविष्य की नीति दिशा पर स्पष्ट मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.39 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत चढ़ा। बड़े पैमाने पर आईटी शेयरों में खरीदारी और स्थिर घरेलू धारणा से तेजी को समर्थन मिला। किसी भी बड़े घरेलू संकेतक के अभाव में, जैक्सन होल संगोष्ठी में फेडरल रिजर्व के बयान, वैश्विक घटनाक्रम और जीएसटी परिषद की बैठक में चर्चा जैसे संकेतकों पर निवेशकों की नजर है। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ।

रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों ने निवेशकों को उत्साहित किया है। इसके अलावा मालएवं सेवा कर (जीएसटी) में प्रस्तावित सुधारों और एक विदेशी एजेंसी द्वारा हाल ही में क्रेडिट रेटिंग में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.16 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ लेकिन दिन में नुकसान की भरपाई करते हुए 86.98 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.13 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि व्यापार शुल्क तनाव कम होने तथा रूस और यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख ने भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 86.60 से 87.30 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.20 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 213.45 अंक चढ़कर 81,857.84 अंक पर और निफ्टी 69.90 अंक की बढ़त के साथ 25,050.55 अंक पर बंद हुआ।

निर्यात पर अंकुश में ढील सकारात्मक संकेत भारत को निर्यात पर निर्भरता कम करनी होगी

नयी दिल्ली। भारत को दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के निर्यात पर पाबंदियों में ढील देने का चीन का फैसला एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि भारत को पड़ोसी देश पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए काम करना चाहिए जिसके साथ उसका 100 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा चिंताजनक है।

2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है। भारत के दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक आयात में इसकी हिस्सेदारी 57.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि मशीनरी एवं हार्डवेयर में यह 44 प्रतिशत है। रसायन एवं दवा के आयात में 28.3 प्रतिशत के साथ यह दूसरे स्थान पर रहा। भारत के लिए एकमात्र वास्तविक सुरक्षा उपाय, निर्भरता कम करके, गहन विनिर्माण में निवेश करके और एक सच्चा उत्पाद राष्ट्र बनकर घरेलू स्तर पर मजबूती बनाना है। एक मजबूत एवं अधिक आत्मनिर्भर भारत, चीन के साथ समान स्तर पर बातचीत करने में बेहतर स्थिति में होगा तथा अचानक बदलावों का शिकार होने के बजाय संबंधों को स्थिर एवं व्यावहारिक बनाए रखेगा। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा जो वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, वह काफी चिंताजनक है।

देश सस्ता हाइड्रोजन बनाकर तेल उत्पादक देशों की बराबरी कर सकता है: गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि यदि देश में हाइड्रोजन बनाने की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाया जा सका, तो वह ऊर्जा आयातक से वैश्विक निर्यातक बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हाइड्रोजन की लागत लगभग पांच से छह डॉलर प्रति किलोग्राम है, जो पारंपरिक ईंधनों की तुलना में काफी महंगी है। गडकरी ने कहा कि यदि हम इसे एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक लाने में सफल हो जाते हैं, तो भारत मौजूदा तेल उत्पादक देशों के समान स्थिति में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन, ऊर्जा के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। मंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी बाधा हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन स्थापित करने और ईंधन के परिवहन के लिए प्रणालियां विकसित करने में है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में तत्काल और व्यापक स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। ऊर्जा के लिए कचरे के उपयोग की संभावना के बारे में गडकरी ने कहा कि नगर निगम का ठोस कचरा ही काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि हम कचरे को अलग करें, उसमें से जैविक पदार्थ निकालकर उसे बायोडाइजेस्टर्स में डालें तो उससे मीथेन गैस बनती है। मीथेन को सीएनजी में बदलने के बजाय यदि हम इसका उपयोग ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में करें तो केवल देश के नगर निगम के कचरे से ही बेहद सस्ती हाइड्रोजन उत्पन्न हो सकती है। गडकरी ने कहा कि हाइड्रोजन, जीवाश्म ईंधन का स्थान ले लेगा। यह न केवल परिवहन के लिए महत्वपूर्ण होगा, बल्कि दवा, रसायन और इस्पात के क्षेत्र में भी इसका उपयोग होगा।

ऑनलाइन मनी गेमिंग में हर साल 45 करोड़ लोग गंवा देते हैं 20,000 करोड़

नयी दिल्ली। सरकार का अनुमान है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में हर साल करीब 45 करोड़ लोग लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा बैठते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि सरकार ने यह माना है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है लिहाजा राजस्व हानि की आशंका के बावजूद लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है। सूत्र ने कहा कि एक मोटा अनुमान है कि 45 करोड़ लोग हर साल गेमिंग गतिविधियों में अपने पैसे गंवा देते हैं। यह नुकसान कुल मिलाकर करीब 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

लेक्सस इंडिया की नयी एनएक्स 350एच एसयूवी अनुभव को बनाती है और बेहतर

बेंगलुरु। लेक्सस इंडिया ने अपनी बहुप्रशंसित एनएक्स एसयूवी में नए सुधारों की घोषणा की है, जिससे भारत में अपने गेस्ट को अत्याधुनिक इनोवेशन, बेहतरीन परफॉर्मेंस और बेमिसाल आराम प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और पुख्ता किया है। ये सुधार लेक्सस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं कि वह मेहमानों की जरूरतों को पहले से भांपकर उन्हें असाधारण मोबिलिटी अनुभव प्रदान करता है। लेक्सस एनएक्स, जो पहले से ही लक्जरी मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में एक पसंदीदा विकल्प रही है।

जीएसटी सुधारों पर राज्यों के साथ सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्र: सीतारमण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हैं और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में इस पर राज्यों के साथ आम सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर गठित राज्यों के मंत्रियों के समूहों (जीओएम) के साथ मुलाकात में कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाने और जीवन को आसान बनाने के तीन स्तंभों पर आधारित है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, बीमा पर कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर बने मंत्री समूहों ने जीएसटी प्रणाली में व्यापक सुधारों के प्रस्ताव को लेकर सीतारमण के साथ मुलाकात की। बैठक के दौरान सीतारमण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव देश के आत्मनिर्भर बनने की यात्रा में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत करने के दृष्टिकोण से है। तीनों मंत्री समूह दो दिन तक केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसके तहत पांच और 18 प्रतिशत की सिर्फ दो दरें ही प्रस्तावित की गई हैं। इसके अलावा विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर की एक विशेष दर रखी गई है।

फ्लिपकार्ट ने किया अपनी सेलर समिट सीरीज 2025 का समापन

बंगलुरू। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्टने आज नईदिल्ली में अपनी सेलर समिट सीरीज 2025 का समापन किया। दिल्ली में आयोजित ग्रैंड फिनाले ने तीन शहरों सूरत, जयपुर और दिल्ली में ऑन-ग्राउंड सेलर समिट के आयोजन की सफलता को प्रदर्शित किया। इस सेलर समिट सीरीज के माध्यम से देशभर के8,000 से ज्यादा सेलर्स, एमएसएमई और उद्यमियों को सशक्त किया गया। एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं और इस सेलर समिट के माध्यम से हमारा उद्देश्य उन्हें डिजिटल टूल्स के माध्यम से सशक्त करना, उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने में सक्षम बनाना और उनके लिए नए अवसर सृजित करना है। फ्लिपकार्ट में हमें आत्मनिर्भर भारत को गति देने और भारत के डिजिटल विकास में एमएसएमई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का गर्व है।

संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ीं

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून महीने में शुद्ध रूप से 21.89 लाख सदस्य जोड़े जो अप्रैल 2018 में पेरोल यानी नियमित वेतन पर रखे गये लोगों की संख्या जारी होने की शुरुआत के बाद सबसे अधिक है। श्रम मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईपीएफओ ने जून 2025 में शुद्ध रूप से 21.89 लाख सदस्य जोड़े जो सालाना आधार पर 13.46 प्रतिशत और मासिक आधार पर 9.14 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, शुद्ध रूप से इतने अधिक सदस्यों के जुड़ने के पीछे रोजगार अवसर बढ़ने और ईपीएफओ की जागरूकता की अहम भूमिका रही है। जून में 10.62 लाख नए अंशधारक ईपीएफओ के साथ जुड़े, जो मई की तुलना में 12.68 प्रतिशत और सालाना आधार पर 3.61 प्रतिशत अधिक है। इनमें 18-25 आयु वर्ग के 6.39 लाख युवा शामिल हैं, जो कुल नए ग्राहकों का 60.22 प्रतिशत हैं। इस वर्ग में शुद्ध पेरोल वृद्धि 9.72 लाख रही। पहले नौकरी छोड़ चुके करीब 16.93 लाख पुराने सदस्य जून में दोबारा ईपीएफओ के साथ जुड़े। इसमें सालाना आधार पर 19.65 प्रतिशत और मई की तुलना में 5.09 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इस आंकड़े से पता चलता है कि ईपीएफओ सदस्य अंतिम निपटान के बजाय ईपीएफ खाते में जमा राशि स्थानांतरित कर अपनी सामाजिक सुरक्षा बनाए रखने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

नेवी कमांड से एमेजॉन के सैलर तक का सफर

बंगलुरू। देश 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह दिन है त्याग, कर्तव्य और राष्ट्र-निर्माण की भावना का दिन। इस दिन एमेजॉन उन पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने एमेजॉन के साथ अपने करियर का दूसरा सफर शुरू किया। एमेजॉन के साथ काम कर रहे एक पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट कमांडर, अमित शिरोहा (रिटायर्ड) हैं। वो एमेजॉन में प्रोग्राम मैनेजर - सैलर पार्टनर प्रोग्राम के पद पर काम करते हैं। पहले वो भारतीय नौसेना में नौसैनिकों की कमान संभालते थे। अब वो एमेजॉन के मार्केटप्लेस में सैलर्स का अनुभव बेहतर बना रहे हैं, जिससे कंपनी की संस्कृति व सफलता में उनका योगदान प्रदर्शित होता है। अमित ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री लेने के बाद आईएमटी गाजियाबाद से एमबीए किया है। उन्होंने आईआईएम मुंबई से डिफेंस जनरल मैनेजमेंट कोर्स भी पूरा किया है। एमेजॉन में उनका एनरोलमेंट आईआईएम मुंबई में डिफेंस जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम (डीजीएमपी) के दौरान हुआ था।

सैमसंग ने पेश किये गैलेक्सी बड्स3 एफई

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने गैलेक्सी बड्स लाइनअप में नया सदस्य गैलेक्सी बड्स3 एफई लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य है कि और अधिक लोगों तक ऑडियो इनोवेशन पहुंचाया जाए। गैलेक्सीबड्स3 एफई को प्रीमियम फीचर्स और किफायती दाम पर तैयार किया गया है। इनमें शामिल हैं आइकॉनिक ब्लेड डिजाइन, अपग्रेडेड ऑडियोपरफॉर्मेंस और गैलेक्सी एआई क्षमताएँ, जो इन्हें गैलेक्सी इकोसिस्टम से और भी मजबूती से जोड़ती हैं। गैलेक्सी बड्स3 एफई को खासतौर पर ऐसा ऑडियो अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो हर पल को असरदार बना दे। इस नए मॉडल में लाइनअप की मुख्य खूबियों को और निखारा गया है जैसे ऐक्टिव नॉइज कैंसिलेशन, कॉल क्वॉलिटी, बैटरी लाइफ और आरामदायक फिट। वे जब चाहें, जहां चाहें और जैसे चाहें संगीत और बातचीत का मजा ले सकें।

पेज एक का शेष

जन सुनवाई

(हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उस पर कथित तौर पर हमला करने और लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने का भी मामला दर्ज किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि खिमजीभाई दो दिन पहले दिल्ली आया था और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में रुका था। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यह कोई साधारण हमला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलावर ने मुख्यमंत्री को जमीन पर गिराने और उन्हें पीटने की कोशिश की। मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा, किसी पर भी खासकर एक महिला मुख्यमंत्री पर जो 24 घंटे जनता के कामों के लिए समर्पित हैं, उस पर ऐसा हमला दिल्ली में कभी नहीं सुना था। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की चिकित्सकों ने जांच की और वह फिलहाल निगरानी में हैं। बाद में उनकी एमएलसी (मेडिको लीगल केस) जांच की गई। आधिकारिक सूत्रों ने शालीमार बाग स्थित गुप्ता के आवास से मिले सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से साफ पता चलता है कि हमलावर ने हमले की तैयारी कम से कम 24 घंटे पहले से शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज में बुधवार को आरोपी मुख्यमंत्री आवास की ओर जाते हुए दिख रहा है। वीडियो में आरोपी परिसर की रेकी करता, मुख्यमंत्री आवास के दृश्य रिकॉर्ड करता और बाद में हमला करने की कोशिश करता हुआ दिख रहा है। फुटेज में, वह एक दिन पहले अपने दौरे के दौरान किसी से फोन पर बात करता हुआ दिख रहा है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंप दी गई है। इस बीच, आरोपी की मां भानुबेन सकारिया ने राजकोट में दावा किया कि उनका बेटा किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा है और आवारा कुत्तों पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए वह राष्ट्रीय राजधानी गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके बेटे को कुत्तों से बहुत प्यार है। आरोपी की मां ने कहा, वह पशु प्रेमी है। उसे कुत्तों, गायों और पक्षियों से बहुत प्यार है। इसीलिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली के सभी आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के बाद वह परेशान था। उन्होंने बताया कि वह कुछ दिन पहले हरिद्वार गया था और उसने उन्हें फोन पर बताया था कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली जाएगा।

हमला सिर्फ

और जनता की भलाई के हमारे संकल्प को डिगाने के लिए किया गया एक कायराना प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी। गुप्ता ने कहा, ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। जन सुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राजकोट (गुजरात) निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में ले लिया गया है।

अब जेल

अधिनियमों में संशोधन की आवश्यकता है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे के अनुसार यदि किसी मंत्री को पद पर रहते हुए पांच वर्ष या उससे अधिक की अवधि के कारावास वाले किसी दंडनीय अपराध के आरोप में लगातार तीस दिन की अवधि के लिए गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो उसे 31वें दिन तक प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा पद से हटा दिया जाएगा। लेकिन यदि ऐसे मंत्री के हटाए जाने के लिए प्रधानमंत्री की सलाह राष्ट्रपति को 31वें दिन तक नहीं दी जाती तो उसके बाद आने वाले दिन से वह मंत्री नहीं रहेगा। विधेयक के अनुसार इसी तरह का प्रावधान प्रधानमंत्री, राज्यों, दिल्ली और पुडुचेरी संघशासित राज्य के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के मामले में भी प्रस्तावित है। इसी तरह केंद्रशासित प्रदेशों के मामले में संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 का संशोधन करने के लिए संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के संदर्भ में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का और संशोधन करने के लिए जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए गए।

ऑनलाइन गेमिंग

में ऑनलाइन गेमिंग को एक डिसऑर्डर घोषित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देना चाहती है तथा इनके लिए प्राधिकरण बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गेम निर्माताओं को सहायता दी जाएगी। मंत्री ने कहा, जब समाज और सरकार के राजस्व के बारे में चिंता करनी होती है तो इन दोनों के बीच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार (के कल्याण) को ही चुना है। हमेशा समाज के फायदे को ही चुना है। कभी इससे समझौता नहीं किया है। और इस विधेयक में भी समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग का हवाला देते हुए कहा, समाज में जो एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है उससे बचने के लिए यह विधेयक लाया गया है। इससे पहले, कई बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उक्त विधेयक के बारे में कहा कि इससे देश के अंदर एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा, हम देश के अंदर रोज आत्महत्याएं देखते हैं। परिवारों को बर्बाद होते देखते हैं। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि सदन में ऑनलाइन गेमिंग का विषय माननीय सदस्यों ने कई बार उठाया है और प्रतिपक्ष के सभी सांसदों ने हमेशा मांग की है कि इस संबंध में एक कानून बनना चाहिए। उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से कहा, मुझे लगता है कि इसमें सारा सदन एकमत है। इसलिए यह कानून लाया जा रहा है। आप चाहें तो इस विधेयक पर मैं 18 घंटे चर्चा कराऊंगा। विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान करता है। ऑनलाइन मनी गेम में कोई व्यक्ति अधिक पैसा पाने की चाह में धन लगाकर खेलता है। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं। संसद के दोनों सदनों द्वारा विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर 3 वर्ष तक की कैद औराया। करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मनी गेम का विज्ञापन करने पर दो साल तक की कैद औराया 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। मनी गेम से संबंधित वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने पर तीन साल तक की कैद औराया। करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर 3 से 5 साल तक की कैद और 2 करोड़ रुपये तक के जुर्माने सहित बढ़ी हुई सज़ा दी जा सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रमुख धाराओं के तहत अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाने की मांग की गई है। इस विधेयक में ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक खेल और सामाजिक खेल सहित ऑनलाइन खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने, उसे विनियमित करने और इसके विकास तथा विनियमन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का भी प्रावधान है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन मनी गेम के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं।

गैरसैंण विधानसभा

नागरिक संहिता (यूसीसी) संशोधन विधेयक भी पारित हुआ। इसके तहत लिव-इन रिलेशनशिप में धोखाधड़ी करने पर सजा सात साल तक कर दी गई है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर अधिनियम में संशोधन कर उपाध्यक्ष पदों की संख्या एक से बढ़ाकर दो कर दी गई है। इसका असर देवस्थानम प्रबंधन और धार्मिक कार्यों पर पड़ेगा। हंगामे के बावजूद पारित अन्य विधेयकों में उत्तराखंड पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश 2025, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत आरक्षण नियमावली 2025, उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन), उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक, उत्तराखंड साक्षी संरक्षण विधेयक शामिल हैं।

राधाकृष्णन ने

महात्मा गांधी की विशाल प्रतिमा के समक्ष नमन किया और फिर अन्य प्रसिद्ध हस्तियों को श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति के चुनाव में संसद में संख्याबल के हिसाब से राधाकृष्णन का चुना जाना निश्चित माना जा रहा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दलों का संयुक्त उम्मीदवार बनाया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ राजग को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं। वाईएसआरसीपी इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

यूपी में खाद

तक प्रदेश में 37.70 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता रही। इसमें से 31.62 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों की ओर से की जा चुकी है। डीएपी 18 अगस्त तक 9.25 लाख मी. टन की उपलब्धता रही, जिसमें से 5.38 लाख मी. टन की खरीद किसानों ने कर ली है। इसी तरह एनपीके 18 अगस्त तक 5.40 लाख मी०टन की उपलब्धता रही। इसमें से 2.39 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों ने कर ली। खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्य फसल धान में टॉप-ड्रेसिंग हेतु प्रतिदिन औसतन 49564 मी० टन यूरिया की खपत/बिक्री हो रही है। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 16.04% (मात्रा 4.37 लाख मी. टन) अधिक यूरिया उर्वरक की बिक्री हुई है।

भिड़ंत के बाद

थीं कि कोई पास नहीं जा सका। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लगभग तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा। क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ प्रमोद श्रीवास्तव
संचालक
श्री जानकी लाल मेमोरियल चिकित्सालय
हाटा बाजार, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश शाही उर्फ पिंकू शाही
समाजसेवी-ग्राम सभा-सिहाइजपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील यादव
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा-सहुवाकोल
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धीरेन्द्र सिंह उर्फ बबलू सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-पिछौरा
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ राहुल श्रीवास्तव
संचालक-ओम इमरजेंसी एण्ड हेल्थ केयर सेंटर गगहा बाजार
(निकट बस स्टैंड) गोरखपुर
मो. नंबर 9918047247
नोट -: 24 घंटे आपात कालीन सेवा उपलब्ध

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-उज्जरपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप मौर्या
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा-बेलादार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौमित्र कौशिक उर्फ संदीप चन्द
प्रोपराइटर
भगौती ट्रेडर्स एवं जनता सीमेंट स्टोर
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी. के. सिंह
प्रबंधक
राधिका महाविद्यालय
पता :- करवल मझगांव, गगहा गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्की निषाद
प्रधान प्रतिनिधि- ग्राम सभा-गढही
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राधेश्याम गुप्ता-प्रोपराइटर
शिवी वस्त्रालय एण्ड ज्वेलर्स तूफानी सेठ की पुरानी दुकान
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र-328 की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री बहन मायावती जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-बसपा
एवं पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.
मनीष पाण्डेय
वरिष्ठ बसपा नेता
328 विधान सभा चिल्लूपार
गोरखपुर

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नीलेश हास्पिटल लालगंज एवं सांगीपुर, प्रतापगढ़
बेहतर उपचार व 24 घण्टे की इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
डा. नीलेश पाण्डेय
चिकित्सा विशेषज्ञ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज वर्मा
श्री बालाजी ज्वेलर्स एवं अशोक कुमार व मनोज कुमार बर्तन की दुकान (थोक एवं फुटकर बर्तन के बिक्रेता) बड़गो मोड
हाटा बाजार गोरखपुर
मो नंबर-8009268030

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Mob.: 8218716245, 8700878813
शिवम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कचौरा रोड, (साँई मन्दिर से 100 से मीटर आगे) एस.बी.एस. कोल्ड स्टोरेज के सामने, इटावा
आशीष राजपूत चैयरमैन | डा. शिवम राजपूत | डा. अनामिका राजपूत | इंजी.सौरभ राजपूत Manager
सुविधायें
प्रसूति गृह नॉर्मल एवं ऑपरेशन सुविधा, आईसीयू, पैथोलॉजी, सर्जरी, ओपीडी आईपीडी, जनरल वार्ड, एनआईसीयू, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, ईसीजी

भारत सरकार
NIELIT | NSDA | NCPUL
O' Level | DCA | CCC | TALLY
SIIT शम्सी इनस्टीट्यूट ऑफ इन्फारमेशन टेक्नॉलोजी
9412349879 9456251603 9410058488
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. तारिक शम्शी
इटावा

ऊर्जावान भारत की ओर अग्रसर
A Symbol of Accuracy
IndianOil
15 August
HAPPY Independence DAY
ब्रजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
ब्रजेश भुवनेश फिलिंग स्टेशन
जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश फिलिंग स्टेशन
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश किसान सेवा केन्द्र सी.एन.जी.पम्प
कचौरा बाईपास रोड, जसवंतनगर (इटावा)
आरती भुवनेश सी. एन. जी. स्टेशन
फुलरई, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश धर्मकांटा
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा बी+ ग्रेड प्राप्त
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)
विशेषताएँ:-
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ
- कम्प्यूटर लैब की सुविधा
- ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट की व्यवस्था
- जनपद का प्राचीन एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- खेल कूद एवं साँस्कृतिक गतिविधियों का श्रेष्ठ आयोजन

सत्येन्द्र कुमार वर्मा, अध्यक्ष, प्रबंध समिति | ओमकार नाथ वर्मा, मंत्री, प्रबन्ध समिति | प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह, प्राचार्य

Kajaria Prima Plus
आपका अपना प्रतिष्ठान
इटावा जिला का प्रथम
कजारिया प्राइमा प्लस शोरुम के अधिकृत डीलर
साँई टायल्स एवं सैनेटरी स्टोर

साँई बिल्डिंग मैटेरियल एवं हार्डवेयर स्टोर
हमारे यहाँ सीमेंट, गिट्टी, मोरम, सरिया, पाइप आदि सामान उचित रेट पर मिलता है।
प्रो. दिनेश कुमार-मो0: 9410055768, 8445132454, 9410800783
न्यू कृष्णा हॉस्पिटल के पास, भरथना रोड-इटावा
Kajaria India's No.1 Tile Company
हमारे यहां सिर्फ कजारिया टाइल्स की संपूर्ण रेंज प्रीमियम क्वालिटि में एवं सेनेटरी (पेरीवेयर) का सभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है
प्रो. मुकेश कुमार | प्रो. दिनेश कुमार | प्रो. पंकज कुमार
जे के हॉस्पिटल के सामने फर्रूखाबाद रोड, इटावा
मो0: 8445132454, 9410800783, 9410055768

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रवि गुप्ता
प्रोपराइटर
बालाजी मिष्ठान एवं रेस्टोरेंट
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

CNG
8382029399
8382929399
भारत सरकार (पेट्रोलियम मंत्रालय) द्वारा मान्यता प्राप्त
श्री बजरंग CNG सिलेण्डर टेस्टिंग यूनिट
Email:bajrangcngtesting@gmail.com
जंगल बहादुर अली, मोहलीपुर,
गोरखपुर उ.प्र.-273007 (भारत)

जय प्रकाश तिवारी
बबलू

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विशाल पासवान उर्फ विक्की—ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-बांउपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर यादव (पहलवान)
भावी प्रधान प्रत्याशी
रघुनाथपुर, भगवानपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अर्पित पाण्डेय उर्फ प्रियेश पाण्डेय-प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-पाजुपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-जीवकर
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मो. अफाक खान
समाजसेवी
आरा मशीन छतांगुर रोड तम्बौर-सीतापुर

नेकराम प्रधान
समाजसेवी
आरा मशीन छतांगुर रोड तम्बौर-सीतापुर

अतीक अहमद गौरी
तिरंगा प्लाईवुड छतांगुर रोड
तम्बौर-सीतापुर

यसीर गौरी, आजम अंसारी
गोल्डन ट्रेडर्स बिसवां खुर्द रोड
तम्बौर-सीतापुर

अनस गौरी, हाजी असलम गौरी
ए आर प्लाईवुड रेउसा रोड
तम्बौर-सीतापुर

मुशीर अंसारी
समाजसेवी
आरा मशीन बिसवां खुर्द रोड तम्बौर-सीतापुर

मेराज अहमद
(पूर्व प्रधान)
अहमदाबाद गंज तम्बौर-सीतापुर

हाजी असलम गौरी
हिन्दुस्तान टेबुलटॉप प्लाईवुड छतांगुर रोड
तम्बौर-सीतापुर

डॉ0 मनोज अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
तम्बौर-सीतापुर

इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह
थाना प्रभारी
तम्बौर-सीतापुर

सुहैल अंसारी, हाजी फारूक अंसारी, अहमद खान
टूफैक्स प्लाईवुड ककरहा
तम्बौर-सीतापुर

पवन कुमार वर्मा (रामु वर्मा)
इंडिका प्लाईवुड बिसवां खुर्द
तम्बौर-सीतापुर

राजकिशोर कनोजिया (पूर्व प्रधान)
सदस्य जिलापंचायत सीतापुर
अर्चना प्लाईवुड रेउसा रोड तम्बौर-सीतापुर

इस्राईल अंसारी, अब्दुल हक अंसारी
हिंदुस्तान प्लाईवुड छतांगुर रोड
तम्बौर-सीतापुर

अतीक अहमद ठेकेदार
अदर्स नगर पंचायत अहमदाबाद
तम्बौर-सीतापुर

हाजी ताज खान गुड्डू भाईयों
गोल्डन प्लाईवुड बिसवां खुर्द रोड
तम्बौर-सीतापुर

तबारक अंसारी
आरा मशीन अहमदाबाद गंज
तम्बौर- सीतापुर

इंजीनियर नसीम खान
ट्रिपल एन प्लाईवुड इंडस्ट्रीज छरेहटा
तम्बौर-सीतापुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पं. अरविन्द उपाध्यक्ष
गोनहा धाम पनियरा, महराजगंज
गोनहा धाम माता जी सभी
भक्तों का कल्याण करें

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अभिमन्यु यादव
गिरमिट चौराहा
टिकरिया, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अमरजीत सिंह
अमर सिंह पब्लिक स्कूल
करमौरा, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा दिलीप कुमार सिंह
प्रबंधक-राणा दिलीप चन्द्र सिंह किसमती
देवी विद्यापीठ, करमौरा, गोरखपुर
राणा दिलीप चन्द्र सिंह फिलिंग स्टेशन
करमौरा, गोरखपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

रीना देवी
ग्राम प्रधान
हरनाकछार

अरुण कुमार वर्मा
सचिव
विकास खंड- दुद्धी

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिवकुमार वाजपेई	**विनीत कुमार**
प्रधान	ग्रा.वि.अ.

ग्राम पंचायत राजपुर विकास खण्ड-रेउसा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लाजिमा	**नरेन्द्र**
प्रधान	ग्रा.पं.अ.

ग्राम पंचायत इटौरी विकास खण्ड-रेउसा

सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुजीता कुमारी
महिला आयोग की सदस्य
दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
बद्रीनाथ यादव
शोभा वस्त्रालय
गांगी बाजार, महराजगंज

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामभरोस यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-अतायर
विकास खण्ड-गगहा गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जनार्दन गुप्ता
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा
विशम्भरपुर एवं-प्रधान संघ
कोषाध्यक्ष -एल आई सी बीमा
सलाहकार तथा समाजसेवी
विकास खंड-सरदार नगर, गोरखपुर

स्वतन्त्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलानंद यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड-सरदार
नगर, गोरखपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

ममता देवी	**अनीश कुमार**
ग्राम प्रधान	सचिव
पिपरडीह	विकास खंड- दुद्धी

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रमेश भार्गव	**सन्त लाल**
प्रधान	ग्रा.वि.अ.

ग्राम पंचायत खुरवलिया विकास खण्ड-रेउसा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

सरस्वती देवी	**विकास शुक्ला**
प्रधान	प्रधान प्रतिनिधि

मनबहार बाजपेई
ग्रा.पं.अ.
ग्राम पंचायत थानगाँव विकास खण्ड-रेउसा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ब्रम्ह प्रकाश	**विनोद यादव**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ.

ग्राम पंचायत बभिया विकास खण्ड-रेउसा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनार्दन शुक्ला	**महेन्द्र रावत**
ग्राम प्रधान	ग्रा.वि.अ.

ग्राम पंचायत रसूलपुर विकास खण्ड-रेउसा